ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 13 ● विक्रम संवत 2079 ● शुक्रवार, 17 फरवरी 2023 ● वर्ष-24 ● अंक-18 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

अक्षय-इमरान हाशमी की फिल्म सेल्फी का... पेज 12 पर



# जनजातीय समाज का हित मेरे लिए व्यक्तिगत भावनाओं का विषय : मोदी



### पीएम ने 'आदि महोत्सव' का किया उद्घाटन

### पीएम ने कहा : विकास और विरासत के विचार को और अधिक जीवंत बना रहा महोत्सव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को आदि महोत्सव का उद्घाटन किया और कहा कि जनजातीय समाज का हित उनके लिए व्यक्तिगत रिश्तों और भावनाओं का विषय है। दिल्ली स्थित मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में 16 से 27 फरवरी तक आयोजित 'आदि महोत्सव' को प्रधानमंत्री ने विविधता में एकता के भारतीय सामर्थ्य को एक नयी ऊंचाई देने वाला बताया और कहा कि ये विकास और विरासत के विचार को और अधिक जीवंत बना रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि यह महोत्सव विकास और विरासत के विचार को और अधिक जीवंत बना रहा है। जो पहले खुद को दूर-सुदूर समझता था अब सरकार उसके द्वार जा रही है, उसको मुख्यधारा में ला रही है। आदिवासी समाज का हित मेरे लिए व्यक्तिगत रिश्तों और भावनाओं का विषय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार वंचितों को वरीयता दे रही है और यही वजह है कि देश विकास के नए आयाम छू रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को लेकर आज देश जिस गौरव के साथ आगे बढ़ रहा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ है। आज भारत दुनिया के बड़े-बड़े मंचों पर जाता है तो आदिवासी परंपरा को अपनी विरासत और गौरव के रूप में प्रस्तुत करता है।

#### जनजातीय संस्कृति, शिल्प, खान-पान का उत्सव मनानेवाला है कार्यक्रम

आदि महोत्सव जनजातीय संस्कृति, शिल्प, खान-पान, वाणिज्य और पारंपरिक कला का उत्सव मनाने वाला कार्यक्रम है। यह जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ लिमिटेड (ट्राइफेड) की वार्षिक पहल है। इस कार्यक्रम में देशभर के जनजातीय समुदायों की समृद्ध और विविधतापूर्ण धरोहर को प्रदर्शित किया गया है। इसके लिये आयोजन-स्थल पर 200 से अधिक स्टॉल लगाये गए है। कार्यक्रम का उद्घाटन करने से पहले प्रधानमंत्री कई स्टॉल पर गए और उनके उत्पादों को भी देखा। महोत्सव में लगभग एक हजार जनजातीय शिल्पकार हिस्सा ले रहे हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### भाकपा माओवादियों की मांग, गौतम अडाणी हों गिरफ्तार

**रांची।** भाकपा माओवादियों ने सुर्खियों में बने उद्योगपति गौतम अडाणी पर जनता की गाढ़ी कमाई लूटने और डूबोने का आरोप लगाते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की। भाकपा माओवादियों के उत्तर सब जोनल ब्यूरो (दंडकारण्य) के प्रवक्ता मंगली ने बुधवार देर रात कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई से मौज-मस्ती और सत्ता का दुरुपयोग करनेवाले गौतम अडाणी की हिंडनबर्ग रिपोर्ट आते ही शेयर बाजार में उनकी संपत्ति औंधे मुंह गिर गयी। यह कैसे संभव हुआ? एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए मंगली ने कहा कि भारत में अमीरों की संपत्ति सट्टा बाजार पर निर्भर है। वह बैलून की तरह है, जो हवा में उड़ती जा रही है। इससे लाखों करोड़ों रुपये डूबते जा रहे हैं। ऐसे उद्योगपति की गिरफ्तारी की जाए।

### पूजा सिंघल ईडी कोर्ट में सशरीर हुईं हाजिर

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले की आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में गुरुवार को सशरीर हाजिर हुईं। इस दौरान उनके अधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया कि आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए समय दिया जाए। इसके बाद न्यायालय ने आरोप गठन के लिए सुनवाई की तिथि एक मार्च निर्धारित की है।

### एनआईए ने डीजीपी को लिखा पत्र

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड पुलिस से इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध किया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि इस संबंध में एनआईए ने झारखंड पुलिस के डीजीपी को पत्र लिखा है। एनआईए के द्वारा पत्र लिखकर सब इंस्पेक्टर और इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध किया गया है। एनआईए की ओर से लिखे गए पत्र में कहा गया है कि इंस्पेक्टर के 28 पद और सब इंस्पेक्टर के 90 पद पर पोस्टिंग की जायेगी।

### त्रिपुरा विस चुनाव में रिकॉर्ड मतदान

**अगरतला।** त्रिपुरा में गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए रिकॉर्ड वोटिंग हुई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) गित्ते किरणकुमार दिनकरराव ने कहा कि मतदान प्रतिशत करीब 92 फीसदी रहेगा। 2013 और 2018 के विधानसभा चुनावों में क्रमशः 91.82 प्रतिशत और 89.38 प्रतिशत मतदान हुआ था। सीईओ ने कहा कि शाम चार बजे जब आधिकारिक रूप से मतदान समाप्त हो गया। राज्यभर के 1,600 मतदान केंद्रों पर 9 प्रतिशत मतदाता कतार में थे, देर शाम तक विभिन्न जिलों के बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों पर उन्हें वोट डालने दिया गया। दिनकरराव ने मीडिया को बताया शाम 4 बजे तक 81.1 प्रतिशत से अधिक मताधिकार का प्रयोग हुआ।

## उपद्रव : पलामू में हिंसा के बाद हालात हो रहे हैं सामान्य

# 13 उपद्रवी गिरफ्तार

### पलामू में झड़प के बाद 19 तक इंटरनेट सेवा बंद

### पूरे क्षेत्र में धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू

### पुलिस की पैनी नजर, एक हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती

### 100 नामजद सहित एक हजार अज्ञात पर एफआईआर

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू के पांकी में बुधवार को दो समुदायों के बीच झड़प के बाद 19 फरवरी सुबह 10 बजे तक इंटरनेट सेवा बंद रहेगी। पूरे क्षेत्र में धारा-144 अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू है। दोनों पक्षों से मुखिया पति समेत 13 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। साथ ही 100 लोगों को नामजद और एक हजार अज्ञात पर एफआईआर दर्ज हुई है। इसकी पुष्टि पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डो, एसपी चंदन कुमार सिन्हा और पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा ने की है। उन्होंने कहा कि दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। किसी को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई होगी। पुलिस के अथक प्रयास से एक बड़ी घटना को टाल दिया गया है। सबका धर्म प्यारा होता है। किसी को उपद्रव करने की छूट नहीं दी गयी है। इसकी सजा पूरे पलामू को नहीं दी जा सकती है। गौरतलब है कि पांकी में बुधवार को दो समूहों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। बुधवार देर रात भी एक घर को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई, लेकिन पुलिस व प्रशासनिक तत्परता से इस पर काबू पा लिया गया। इधर, पांकी की घटना पर पुलिस ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

#### आईजी के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च, शांति की अपील

**पांकी** हिंसा मामले को लेकर पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में डीसी ए दोड्डे, एसपी चंदन सिन्हा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। फ्लैग मार्च घटनास्थल से लेकर पांकी के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी। इस दौरान लाउडस्पीकर से शांति बनाए रखने की अपील की गई। फ्लैग मार्च निकालने से पहले डीसी ए दोड्डे और एसपी चंदन सिन्हा ने पांकी थाना में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मुखिया पति समेत 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बाकी उपद्रवियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। मामले में 100 नामजद समेत 1000 से अधिक अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। डीसी की अनुशंसा पर पूरे पलामू में इंटरनेट सेवा को 19 फरवरी सुबह 10 बजे तक के लिए बंद कर दिया गया है। डीसी ने सभी से शांति बनाए रखने की अपील की है। एसपी ने कहा कि उपद्रवियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा।



#### नुकसान का किया जा रहा आकलन

**घटना** में हुए नुकसान का किया जा रहा आकलन एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि पलामू के पांकी की घटना में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है, जिनकी दुकानें और घर जली है उनसे नुकसान के बारे में पूछा जा रहा है। पूरे इलाके में निषेधाज्ञा लागू है। घटना में जख्मी पुलिसकर्मियों की हालात सामान्य है और वे अपनी ड्यूटी पर लौट चुके हैं। पांकी के इलाके में एक हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। गुरुवार को बाजार और इलाके के स्कूल भी बंद हैं। हिंसा को देखते हुए पांकी इलाके में आने-जाने वाले लोगों पर निगरानी रखी जा रही है। वहीं, गुरुवार को पांकी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें शांति स्थापित रखने का निर्णय लिया गया।

#### तोरण द्वार लगाने पर हुआ विवाद

पांकी में महाशिवरात्रि पर बने तोरण द्वार विवाद में दो गुट बुधवार को आपस में भिड़ गए। पुलिस की उपस्थिति में जमकर पत्थरबाजी हुई थी। बीच-बचाव करने गए पुलिस के करीब डेढ़ दर्जन जवान जख्मी हो गए। बवाल कर रहे लोगों ने घर और दुकानों में आग लगा दी। इस प्रकार चार से पांच घंटे तक यह चौक रणक्षेत्र में तब्दील रहा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके बाद देर शाम पलामू में इंटरनेट सेवा ठप रखने का आदेश जारी किया गया। साथ ही भड़काने और उकसानेवाले तत्वों पर पुलिस की पैनी निगाह है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों के बीच बातचीत भी जारी है। खबर लिखे जाने तक स्थिति नियंत्रण में थी।

## तापमान में अब होगी बढ़ोत्तरी

**रांची।** अगले तीन-चार दिनों तक न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे तीन से चार डिग्री सेल्सियस वृद्धि के आसार हैं जिससे लोगों को ठंड से काफी हद तक राहत मिल जाएगी। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों ने बताया है कि राज्य के अधिकांश हिस्सों में आगामी 22 फरवरी तक आसमान साफ रहेगा जबकि मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं, राज्य के दक्षिण पूर्वी और उत्तर पूर्वी इलाकों में आसमान में आज से लेकर 19 फरवरी तक आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। राज्य के अधिकांश इलाकों में अब न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास चल रहा है। पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस सिमडेगा में जबकि अधिकतम तामपान 31 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में दर्ज हुआ।

## व्यापारियों की हड़ताल से एक दिन में 100 करोड़ का नुकसान

### कृषि शुल्क बढ़ोतरी के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल

### रांची की सबसे बड़ी मंडी पंडरा बाजार भी बंद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कृषि शुल्क बढ़ोतरी के खिलाफ बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गया। रांची का सबसे बड़ा मंडी पंडरा बाजार बंद रहा। आवक और जावक दोनों ही ठप पड़ गया। दूसरे स्टेट से आई गाड़ियों पर सामान यूं ही लोड था। यहां हर रोज कोलकाता, छत्तीसगढ़, बिहार, ओडिशा, यूपी सहित अन्य कई राज्यों से सैकड़ों ट्रक सामान आता है, जिससे करोड़ों रुपये का कारोबार होता है। अनुमान है कि हड़ताल के पहले दिन करीब 100 करोड़ का नुकसान हुआ। व्यवसायियों की हड़ताल की वजह से रांची सहित पूरे राज्य में खाद्यान्न, सब्जी और फलों के थोक और खुदरा व्यवसाय प्रभावित हुए हैं। झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने मीडिया से कहा कि कृषि शुल्क बढ़ोतरी से आम लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ेगा। सामानों के दाम बढ़ेंगे और सरकार को जितनी राजस्व मिलने की उम्मीद है, उससे ज्यादा नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि इस हड़ताल में वैसे सभी लोग शामिल हैं, जो खाद्यान्नों के थोक व्यवसाय करते हैं। उन्होंने कहा कि सुबह से राज्यभर में खाद्यान्नों का आवक और जावक पूरी तरह से ठप है।

## सरयू राय का दावा : झारखंड में 200 करोड़ रु. का दवा घोटाला

### आरोप : सरयू राय के अनुसार, प्रदेश के हेल्थ मिनिस्टर इस घोटाले के सूत्रधार

### सवाल : दवा खरीद टेंडर में भारत सरकार की दवा निर्माता कंपनियों ने क्यों नहीं भाग लिया

### मांग : निर्दलीय विधायक सरयू राय ने सीबीआई से की कथित दवा घोटाले की जांच की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक और सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति सरयू राय ने आरोप लगाया है कि जेनरिक दवाओं की खरीद के मामले में झारखंड में 150 से 200 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। उनका दावा है कि यह घोटाला भारत सरकार की दवा निर्माता कंपनियों और राज्य के हेल्थ मिनिस्टर के बीच सांठ-गांठ के कारण हुई है।

इस संबंध में उन्होंने गुरुवार को सीबीआई के महानिरीक्षक से रांची कार्यालय में मुलाकात की और इस संबंध में उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा। सरयू राय ने सीबीआई से भारत सरकार की दवा निर्माता कंपनियों की स्वास्थ्य मंत्री, झारखंड सरकार से मिलीभगत की जांच कराने और



सरकारी धन की हेराफेरी कराने में भूमिका की जांच कराने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी आग्रह किया कि सीबीआई इस तथ्य को भी चेक करे कि जब दवा खरीद का टेंडर झारखंड में निकला, तब भारत सरकार की इन दवा निर्माता कंपनियों ने इसमें क्यों नहीं भाग लिया और बाद में सस्ती दर पर दवा खरीद को रोक कर अपनी दवाएं को महंगी दर पर क्यों बेची?

यहां जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा है कि झारखंड में वर्ष 2020 के आरम्भ में स्वास्थ्य विभाग ने दवाओं की थोक खरीद के लिए खुला टेंडर निकाला गया। न्यूनतम दरवाले आपूर्तिकर्ता को विभाग ने सूचित किया कि वे विभाग के साथ निर्धारित दर पर दवा आपूर्ति का एग्रीमेंट करें और जल्द दवा की आपूर्ति करें। इस बीच भारत सरकार की दवा निर्माता कम्पनियों ने स्वास्थ्य मंत्री को प्रभावित किया कि विभाग उनसे दवा खरीदें। सरयू राय का आरोप है कि मंत्री ने टेंडर से निर्धारित न्यूनतम दर पर दवा नहीं खरीद कर विभाग में एक संलेख तैयार कराया कि भारत ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## विदेशी मेहमानों की सुरक्षा को लेकर एटीएस तैयार

### झारखंड एटीएस की टीम ने रांची के फाइव स्टार होटल रेडिसन ब्लू में किया मॉकड्रिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची में मार्च महीने में होनेवाले जी-20 देशों की बैठक को लेकर झारखंड पुलिस की हर विंग पूरी तरह से सतर्क हो चुकी है। देश-विदेश से आनेवाले मेहमानों के स्वागत और सुरक्षा को लेकर तैयारियां जोरों-शोर से चल रही है। विदेशी मेहमानों की सुरक्षा के लिए झारखंड एटीएस भी कमर कस चुकी है। गुरुवार की रात झारखंड एटीएस की टीम ने रांची के फाइव स्टार होटल रेडिसन ब्लू में मॉकड्रिल किया। इस दौरान आतंकवादियों के द्वारा बंधक बनाए गए विदेशी मेहमानों को कुशलता के साथ मुक्त



करवाया गया।

**होटल रेडिसन ब्लू में रहेंगे देश-विदेश के मेहमान :** जी-20 देशों की बैठक को लेकर राजधानी रांची में देश-विदेश के मेहमान आनेवाले हैं, वे सभी रांची के होटल रेडिसन ब्लू में रहेंगे। ऐसे में गुरुवार को वहां एटीएस की टीम के द्वारा मॉक ड्रिल किया गया ताकि किसी भी परिस्थिति से निपटा जा सके। झारखंड एटीएस की टीम ने होटल रेडिसन ब्लू में मॉक ड्रिल के माध्यम से विषम परिस्थितियों में लोगों की सुरक्षा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## शिव बारात : शिवरात्रि को लेकर राजधानी की पुलिस अलर्ट मोड पर

# माहौल बिगाड़नेवालों पर विशेष नजर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पलामू जिले में शिवरात्रि से पहले हुए झड़प के बाद राजधानी की पुलिस भी अलर्ट हो गई है। शिव बारात और शिवरात्रि को लेकर राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है। राजधानी रांची सहित राज्य के दूसरे जिले में अतरिक्त बल उपलब्ध करवाए गए हैं। वहीं, 200 जवानों के जिम्मे में राजधानी की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है।



फाइल फोटो।

### मुख्यालय से रखी जा रही नजर

पलामू में हुए हिंसा के बाद शिव बारात और शिवरात्रि को लेकर झारखंड पुलिस चौकस हो गई है। रांची एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि राजधानी में बेहद भव्य तरीके से शिवरात्रि का आयोजन होता है, इस दौरान शिव बारात भी निकाली जाती है। ऐसे में सभी थानों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। शहरी और ग्रामीण थानेदारों को संवेदनशील इलाकों पर विशेष फोकस रखने को कहा गया है। साथ ही थानेदार खुद अपने-अपने क्षेत्र में गश्त लगाते रहें, इसे लेकर भी निर्देश जारी किए गए हैं। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वे किसी प्रकार की सूचना मिलने के बाद अपने आस-पास से सटे थाना प्रभारी और डीएसपी से संपर्क स्थापित कर सुरक्षा सुनिश्चित करें। इसके अलावा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने पीसीआर, टाइगर पुलिस और बीट पुलिस से भी लगातार संपर्क स्थापित करते रहने का निर्देश दिया गया है। शिव बारात के दौरान सुरक्षा के लिए मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस बल प्रदान किया गया है जिनकी तैनाती की जाएगी।

#### असामाजिक तत्वों पर रहेगी कड़ी नजर

**वरीय** अधिकारियों की तरफ से वैसे लोगों पर भी नकेल कसने की हिदायत दी गई है जो लोग कभी न कभी किसी संप्रदायिक मामले में आरोपी रहे हो, वही उन जगहों पर विशेष निगरानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं जहां पूर्व में सांप्रदायिक दंगे हुए थे।

**भड़काऊ पोस्ट करनेवाले और ग्रुप एडमिन पर होगी कार्रवाई**

शिवरात्रि और शिव बारात के मद्देनजर सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए जिले में साइबर सेल में एक विशेष टीम बनाई गई है। टीम सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करनेवालों पर निगरानी कर रही है। एसएसपी कौशल किशोर ने बताया कि पर्व के दौरान अफवाह फैलानेवाले और सोशल मीडिया पर विवादित टिपण्णी और पोस्ट करनेवालों पर भी पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। एसएसपी के अनुसार अनुसार सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करनेवालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करेगी। कई ग्रुप के एडमिन को थानास्तर से आगाह किया गया है।

# अवहेलना करने वाले पर कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त के निदेशानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची द्वारा 15 और 16 फरवरी 2023 को आयोजित किये जाने वाले चावल दिवस पर दिसंबर 2022 और जनवरी 2023 के आवंटित खाद्यान्न का अनिवार्य रूप से वितरण किये जाने का आदेश दिया गया था। इसे लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पणन पदाधिकारी अनुभाजन क्षेत्र, रांची और सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र लिखा गया था। जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची अल्बर्ट बिलुंग ने 15 और 16 फरवरी 2023 को आयोजित किये जानेवाले चावल दिवस को व्यापक और प्रभावी रुप से मनाते हुए




दिसंबर 2022 और जनवरी 2023 का खाद्यान्न वितरण कार्य अनिवार्य रुप से करने का आदेश दिया था, परन्तु राँची जिला अंतर्गत अनुभाजन क्षेत्र में कुल 39 एवं प्रखण्ड क्षेत्र में कुल 295 जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा आदेश की अवहेलना करते हुए शून्य प्रतिशत खाद्यान्न वितरण किया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग ने कहा है कि निकट भविष्य में ऐसे सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को चिह्नित करते हुए दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। आपको बतायें कि विभागीय निदेशानुसार उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा प्रत्येक महीने की 15, 16, 25 और 26वीं तारीख को चावल दिवस का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त द्वारा लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत लाभुकों को खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सतर्कता समिति के सदस्यों की उपस्थिति में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## अपराधियों ने बाहर खड़ी कार में लगाई आग

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के हुरहुरी में अज्ञात अपराधियों ने एक कार को आग के हवाले कर फरार हो गये। आग लगता देख घरवालो ने पानी डालकर आग को बुझाने को कोशिश की परन्तु तबतक कार पूरी तरह से जल चुका था। घटना बुधवार की रात लगभग 11 बजे की बताई जा रही है मामले को लेकर भुक्तभोगी अशोक उरांव ने बताया कि वह रात को अपने घर के बाहर अपने लाल रंग का आल्टो 800 कार जेएच01एएक्स-9315 को खड़ा कर घर मे सो गया। रात 11 बजे जलने की गंध मिलने पर वह घर से बाहर निकला तो अपने कार को जलते हुये पाया। अज्ञात अपराधियों ने पेट्रोल डालकर कार में आग लगा दिया था।मामले को लेकर भुक्तभोगी अशोक ने रातु थाने में अज्ञात अपराधियो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

श्री धर्मस्थल मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में दिनांक 16 फरवरी को राष्ट्रीय निर्देशक विपुल चंद्र शाह एवं शिव के सोनी ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन समारोह किया एवं प्रशिक्षण लेने आए 34 महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने एवं स्वयं का रोजगार करने के लिए प्रोत्साहित किया वहीं और रूप से संस्थान के कार्यप्रणाली को विस्तार से निरीक्षण किया ग्रामीण विकास मंत्रालय के शिव के सोनी ने रूडसेट संस्थान संस्थान में




प्रशिक्षण लेने आए सभी प्रशिक्षणार्थी को आत्मविश्वास के साथ एवं पूरी निष्ठा से प्रशिक्षण लेने का संदेश दिया और स्वयं का कार्य करने का संदेश दिया मौके आरसेटी के राज्य निर्देशक शशि भूषण मिश्रा मिश्रा ने यह कहा अच्छे से प्रशिक्षण लेकर आप अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं आरसेटी राज्य मूल्यांकन नियंत्रक चंद्र भूषण पांडे ने यह संदेश दिया कि रूडसेट संस्थान में सिलाई के साथ-साथ व्यवसाय करने का भी तरीका सिखाया जाता है और संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार जगदीश चंद्र महतो दशरथ कुमार महतो महेश रोहिदास इत्यादि उपस्थित रहे।

# एकादशी कीर्तन व ध्वजा निशान पूजन अनुष्ठान का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चढ़वा दे हो बाबा श्याम निशान म्हारो चढ़ावा दे डोरी खैच के रखिजाये यो है बाबा को निशान पैदल चालनिए के सागे चाले बाबो श्याम जैसे पवित्र ध्वजा निशान के भजनों के गायन से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। भक्तजन पवित्र ध्वज निशानों को हाथ में लेकर भजनों के साथ झूमते हुए नृत्य कर रहे थे। श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में विजया एकादशी के अवसर पर गुरुवार को एकादशी कीर्तन व ध्वजा निशान पूजन अनुष्ठान का आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि आज प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खोल कर 5:30 बजे मंगल आरती बाल भोग 8:30 श्रृंगार आरती व 12:15 भोग व शंख आरती करके मंदिर के पट बंद कर दिए गए। विजया एकादशी के कारण सैकड़ों भक्तों ने मंदिर में आकर दर्शन पूजन करके अपने अपने परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। खाटू नरेश को नवीन वस्त्र बागा पहनाकर कोलकाता से मंगाई गई लाल गुलाब विभिन्न कलर के स्टार व डालिया लाल पीला गेंदा फूल एवं तुलसीदल की मोटी मोटी फूल माला उसे श्री श्याम दरबार को सजाया गया ।मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में मंदिर के आचार्य ने मंदिर में विराजमान श्री खाटू नरेश श्री शिव परिवार श्री हनुमान जी महाराज श्री लड्डू गोपाल श्री शालिग्राम जी प्राचीन तेल चित्र व गुरुजनों का श्रृंगार व चंदन वंदन करके गुलाब रूह से ठाकुर जी का मसाज किया।

## फाल्गुन कृष्ण पक्ष की एकादशी पर्व आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में गुरुवार को फाल्गुन कृष्ण पक्ष की विजया एकादशी पर्व अत्यन्त श्रद्धा व भक्तिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के ताजे व खुशबूदार फूलों से श्री श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवम हनुमान जी का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। फाल्गुन मास में खाटू धाम ( राजस्थान ) स्थित श्री श्याम मन्दिर में अर्पित किए जाने वाले निशानों (ध्वजा) की विधिवत पूजन मण्डल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बगला व मंत्री धीरज बंका के करकमलों से कर स्थापित किए गए। मन्दिर में भक्तों के दर्शनार्थ हेतु निशान ( ध्वजा ) 21 फरवरी 2023 तक स्थापित रहेंगे। रात्रि 9 बजे श्री श्याम देव



की पावन ज्योत प्रज्ज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारम्भ किया गया। ओ सांवरिया यो निशान महे दूर देश से लाया, भगत तुम जइयो रे, अब के फागुण में, नाचैंगे सारी-सारी रात, अब के फागुण में तुम झोली भर लो भक्तों रंग और गुलाल से, होली खेलांगा आपां, गिरधर गोपाल से आए हैं दिन फागण के, आए हैं दिन नाचण के, आज नहीं तो कब नाचोगे, बीत गए दिन सावन के इत्यादि भजनों की लय पर श्याम भक्त झूमते रहे।

## चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों ले उड़े

**रांची।** खेलगांव थाना क्षेत्र के न्यू खटंगा स्थित एक बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी समेत 1.60 लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर ली। चोरों ने बच्चों के गुलक में रखे पैसे भी ले भागे। घटना इस वारदात को चोरों ने बीते 12 और 13 फरवरी के बीच अंजाम दिया गया है। साथ ही चोरों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस संबंध में गुलाब प्रसाद ने खेलगांव थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। गुलाब ने पुलिस को बताया कि वह बीते 12 फरवरी को परिवार के साथ एक रिश्तेदार के कोकर स्थित घर में गए थे। 14 फरवरी को उन्हें पता चला कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। जानकारी मिलने के बाद वह परिवार के साथ न्यू खटंगा स्थित अपने घर पहुंचे। देखा कि मेन गेट के अलावा भीतर कमरे के दरवाजे में लगा ताला भी टूटा हुआ है। अलमीरा खुला हुआ था। उसमें रखे 1.10 लाख व बच्चों के गुलक में 15 हजार रुपए गायब हैं। इसके अलावा चांदी का पायल, सिक्का, तीन ट्रोली बैग व अन्य सामान भी घर पर नहीं थे।

# विधि व्यवस्था के सवालों को भी वोट बैंक के चश्मे से देखती है सरकार : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार वोट बैंक की खातिर जानबूझकर राज्य को सांप्रदायिक दंगे की तरफ धकेलने का काम कर रही है। विधि व्यवस्था के सवालों को भी वोट बैंक तथा तुष्टिकरण के चश्मे से देखती है। मरांडी ने पलामू में दो समुदाय के बीच घटित हिंसात्मक घटना पर बोलते हुए कहा कि पलामू की पांकी में जो घटना घटी है वह बहुत ही शर्मनाक और दर्दनाक है। उन्होंने हेमन्त सोरेन पर उन्माद को बढ़ावा देने और तुष्टिकरण नीति को अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पलामू का मामला सामान्य था। शिवरात्रि के मौके पर हमेशा हिन्दू समाज के श्रद्धालु शिव बारात निकालते है ,उसी निमित रास्ते मे तोरण द्वार लगाया जाता



है। पांकी में भी श्रद्धालु तोरण द्वार लगाने का काम कर रहे थे। लेकिन अचानक एक समुदाय के लोगों ने उसका विरोध किया और तोरण द्वार लगाने नही दिया । यह घटना अचानक घटित नही हुई है बल्कि सिलसिलेवार और सुनियोजित तरीके से इस तरह की साम्प्रदायिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। सरकार साम्प्रदायिक घटनाओं में शामिल असामाजिक तत्वों को संरक्षण देती है। जो इस राज्य की विकास के लिए उचित नही है यह अनुचित है। राज्य ऐसे में अंधेरे गली में भटक जाएगा। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि कोरोना काल के समय तुष्टिकरण नीति के कारण संप्रदाय विशेष के लोगों को जिसमे अधिकांश बंगलादेशी देशी थे,प्रशासन पर दबाव बनाकर राज्य सरकार के मंत्री ने बसों में भरकर संथाल परगना के विभिन्न जिलों में भेजा। कोरोना काल में राजधानी के खास मुहल्ले में कोरोना वोलेंटियर्स ,वारियर्स पर हमले हुए। लोहरदगा में सीएए समर्थन की रैली में पथराव, तोड़फोड़, आगजनी, हिंसा, दुकानों में लूट की घटना को अंजाम दिया गया। सरकार एक विशेष धर्म के लोगों को खुश करने हेतु दुर्गा पूजा में देवी दुर्गा की प्रतिमा को छोटा करने का आदेश तक जारी कर दी थी। विधानसभा में नमाज कक्ष का आवंटन किया जाना। उर्दू विद्यालय घोषित करना तथा विद्यालय प्रार्थना की पद्धति को बदलना। ये सारी घटनाएं एक सुनियोजित तरीके से की जा रही है। उन्होंने देवघर की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि देवघर में अनावश्यक तनाव पैदा किया जा रहा है। जानबूझकर सरकार सांप्रदायिक तनाव पैदा करने में लगी है। महाशिवरात्रि पर धारा 144 की बात बेतुकी है। सरकार पूरे राज्य को साम्प्रदायिक दंगे में धकेलने का काम कर रही है। मरांडी ने कहा कि आज एक समुदाय के लोगों के द्वारा दलितों और आदिवासियों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। जामताड़ा में दलित की जमीन पर कब्जा किया गया। पलामू में मदरसा की जमीन के नाम पर दलित परिवारों को उजाड़ा गया आज भी वे दलित परिवार थाना परिसर में रहने को बाध्य है। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं सह प्रभारी तारिक इमरान मौजूद रहे।

# 8 खिलाड़ी रांची रेलवे स्टेशन से नेपाल रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पैरा थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पैरा थ्रो बॉल अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय चैंपियनशिप का आयोजन 19 फरवरी से 21 फरवरी तक नेपाल के काठमांडू में आयोजित किया गया है। जिसमें भारत, नेपाल और बंगलादेश के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। प्रतियोगिता में झारखंड के महिला वर्ग से पांच खिलाड़ी एवं पुरुष वर्ग से तीन खिलाड़ी भाग ले रहें हैं। महिला वर्ग से : प्रतिमा तिर्की रांची, असुंता टोप्पो गुमला, महिमा उराव रांची, अनीता तिर्की रांची, तारामणि लकड़ा रांची और पुरुष वर्ग से पवन लकड़ा, लोहरदगा, चंदन लोहरा खलारी, मुकेश कंचन रांची का चयन भारतीय टीम में किया गया है। भारत, नेपाल एवं बांग्लादेश के त्रिकोणीय प्रतियोगिता में भारत से कुल 15 /15 खिलाड़ी भाग ले रहें हैं। सीनियर और जूनियर दोनों ही टीमें इसमें हिस्सा ले रही है।




झारखंड विकलांग जन फोरम, दिव्यांग अधिकार मंच, सहित दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ताओं, झारखंड डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन की सचिव सरिता सिन्हा, पैरा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष, कोरिल कुमार,सोदाग पंचायत के यूवा मुखिया पतरस तिर्की, सनोज महतो, एवं थोमस हमरोम ने खिलाड़ियों को शुभकामना दी। महिमा उरांव को सोदाग पंचायत के युवा मुखिया पतरस तिर्की ने संपूर्ण पंचायत की ओर से महिमा उरांव को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं आर्थिक सहयोग सहयोग दिया।

# ब्रह्माकुमारी ने शोभायात्रा निकाली

**नवीन मेल संवाददाता**

सिल्ली। ब्रह्म पिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बड़ा मुरी के तत्वधान में शोभा यात्रा महुआडीह से होते हुए मारदूं , बडा मुरी से होते हुए छोटा मुरी से महुआडीह मे आकर संपन्न हो गया। इस शोभायात्रा में ब्रह्माकुमारी के द्वारा लोगो को संदेश दिया गया कि हमारे परमपिता परमात्मा एक हैं शिव ही सत्य है सत्य ही शिव है इस कलयुग में महाकाल शिव का अवतार हो चुका है जो पाप का



नाश करते हुए कलयुग का अवतार होने वाला है। इस शोभा यात्रा को सफल बनाने में नंदकिशोर शर्मा, महादेव भाई, अंजलि सोनाली, गंगा माता, सरस्वती राजू केसरी बुद्धदेव महतो आदि शामिल थे।

# जमीन पर कब्जा करने के एवज में दो लाख रुपए की मांगी रंगदारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बड़गाई पाहन टोली निवासी पुरन उरांव से जमीन पर कब्जा करने के एवज में दो लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। इस संबंध में पूरन ने सदर थाने में सलीम अंसारी व इसराइल अंसारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पूरन का आरोप है कि दोनों आरोपियों ने उनकी जमीन को छल से बेच दिया। जमीन कब्जा कर से मना कर ने पर दोनों आरोपियों ने उनके साथ मारपीट और दो लाख रुपए की रंगदारी भी मांगी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सदर थाने की पुलिस ने थाने से फरार आरोपी को खेलगांव चौक से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने एक पिस्टल भी बरामद किया है। आरोपी फरहान अंसारी उर्फ मैना उर्फ चरकू मौलाना आजाद कॉलोनी का रहने वाला है। बता दें कि आरोपी फरहान बीते चार फरवरी को थाना से फरार हो गया था। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह थाना से फरार होने से बाद पुरुलिया भाग गया था। वहां से राउरकेसा व सिमडेगा अपने रिश्तेदार के पास चला गया था। 14 फरवरी को वह रांची लौटा था। वह शकील से हथियार लेने के लिए खेलगांव पहुंचा था। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि उसे शकील ने बंगाल से तीन पिस्टल लाकर दिया था। वह जुबैर और इमरोज अंसारी को एक-एक पिस्टल दिया।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 18 / 2022–23**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, राँची।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :–दिनांक 20.02.2023 से 24.02.2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 25.02.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान :–जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 25.02.2023, 03:30 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र की ब्रिकी का स्थान :–(1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल,राँची। (2) जिला योजना पदाधिकारी का कार्यालय, राँची।
7. निविदा का मद :–जिला योजना अनाबद्व निधि
8. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| योजना क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू में) | अग्रधन की राशि (रू में) | परिमाण विपत्र का मुल्य(रू में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के तमाड़ प्रखंड अंतर्गत रगड़ाबड़ाम बारूकान्डे में हाडिया सिंह मुंडा के घर से 690 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण कार्य। | 9,15,000.00 | 18,300.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 2 | राँची जिला के चान्हों प्रखंड अंतर्गत ग्राम–बरहे में शिव मंदिर भाया श्री ननकू लोहरा के घर तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 17,74,300.00 | 35,500.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | राँची जिला के शहरी क्षेत्र अंतर्गत रा0 बी0एस0सी0 उर्दू मध्य विधालय में 4 यूनिट टॉयलेट निर्माण। | 10,47,110.00 | 21,000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 4 | राँची जिला के नामकुम प्रखंड अंतर्गत राजकीय हंसराज बंधवा + 2 विधालय में 4 यूनिट टॉयलेट निर्माण कार्य। | 10,47,110.00 | 21,000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 5 | राँची जिला के नामकुम प्रखंड अंतर्गत राजकीय हंसराज बंधवा + 2 उच्च विधालय का चहारदिवारी, मुख्य गेट, पुराने चहारदिवारी का मरम्मति इत्यादि कार्य। | 20,14,200.00 | 40,300.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 6 | राँची जिला के शहरी क्षेत्र अंतर्गत एस0एस0डोरंडा + 2 बालिका उच्च विधालय, राँची का 370 फीट चहारदिवारी जीर्णोद्वार कार्य। | 12,63,400.00 | 25,300.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 7 | राँची जिला के शहरी क्षेत्र अंतर्गत उ0प्रा0वि0 न्यू मधुकम, राँची का चहारदिवारी निर्माण (सृजन हेल्थ द्वारा संचालित मंद बुद्वि शिक्षण प्रशिक्षण विधालय) | 9,41,400.00 | 18,900.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 8 | राँची जिला के काँके प्रखंड अंतर्गत ग्राम पतराटोली के अखाड़ा से डी0 ब्लॉक आर0ई0ओ0 पथ तक पी0सी0सी0 पथ का चौड़ीकरण एवं कलभर्ट पुलिया निर्माण। | 23,99,100.00 | 48,000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 9 | राँची जिला के शहरी क्षेत्र अंतर्गत हेहल अंचल कार्यालय का चहारदिवारी निर्माण कार्य। | 35,65,650.00 | 71,400.00 | 5000.00 | 3 माह |

नोटः– उक्त कार्य का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर करना आवश्यक है।

**विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता हे।**

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची

PR290470 (Rural Development)22-23*D

**पंजीकरण**

## बीएयू को आइसीएआर का पंजीकरण प्रमाणपत्र मिला

# नस्लों के विकास पर नीति बनाना जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को हाल में पंजीकृत उसकी दो सूकर नस्लों- बांडा एवं पूर्णिया के लिए वृहस्पतिवार को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया। चूँकि किसी भी पशु नस्ल पर अनुसंधान, प्रसार एवं विकास नीति बनाने के लिए उसका पंजीकरण जरूरी है इसलिए अब इन नस्लों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में काम बढ़ सकेगा। झारखण्ड में ग्रामीणों के बीच सूकरपालन बहुत लोकप्रिय है और यहाँ सूकर आबादी आसाम के बाद सर्वाधिक है, 2019 की पशु जनगणना के अनुसार लगभग 12.8 लाख क किन्तु पहले झारखण्ड की अपनी कोई पंजीकृत सूकर नस्ल नहीं थी। आइसीएआर




मुख्यालय नयी दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में वृहस्पतिवार को आइसीएआर के उप महानिदेशक (पशुपालन) डॉ बीएन त्रिपाठी, भारत सरकार के पशुपालन आयुक्त अभिजीत मित्रा, राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, करनाल के निदेशक डॉ बीपी मिश्र तथा आइसीएआर की विशेष सचिव अलका नगीना अरोडा ने प्रमाणपत्र प्रदान किया। केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कार्यक्रम में ऑनलाइन भाग लिया। लगभग एक दशक के शोध प्रयास के बाद बीएयू के पशु उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के वैज्ञानिक डॉ रविन्द्र कुमार द्वारा पंजीकृत/ खोजी गयी ये नस्लें किसानों के बीच काफी लोकप्रिय हैं और झारखण्ड की ग्रामीण परिस्थितियों में न्यूनतम लागत पर आसानी से पाली जा सकती हैं। पशु उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के अध्यक्ष डॉ सुशील प्रसाद तथा राष्ट्रीय सूकर अनुसंधान केंद्र, गुवाहाटी के मुख्य वैज्ञानिक डॉ शांतनु बानिक बांडा नस्ल के पंजीकरण के लिए सह आवेदक थे जबकि डॉ शांतनु बानिक एवं झारखण्ड सरकार के वेटरनरी ऑफिसर डॉ शिवानन्द कांशी पूर्णिया नस्ल के लिए सह आवेदक थे, क्योंकि उनके सहयोग एवं मार्गदर्शन से इस नस्ल की खोज एवं गुण निर्धारण का काम पूर्ण किया गया। पहले इन्हें देशी/ स्थानीय नस्ल के नाम से जाना जाता थाक अब देश में सूकर के पंजीकृत नस्लों की संख्या 11 हो गयी है। डॉ रविन्द्र कुमार ने बताया कि बांडा नस्ल झारखंड राज्य के मुख्यतः रांची, गुमला, लोहरदगा, बोकारो, धनबाद, रामगढ, पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा एवं गोड्डा आदि जिलों में बहुतायत में मिलती हैक बांडा सूकर की छोटे आकार की नस्ल हैक इसका रंग काला, कान छोटे एवं खड़े, पेट बड़ा और गर्दन पर कड़े बाल होते है। यह नस्ल एक वर्ष में करीब 20-30 किग्रा वजन की हो जाती है तथा एक बार में 3-5 बच्चे देने की क्षमता रखती हैक एक वयस्क बांडा का वजन औसतन 28-30 किलो होता हैक यह प्रजाति दूर तक दौड़ सकती है तथा सुदूर भ्रमण से जंगलों से भी खाने योग्य पोषण प्राप्त कर लेती है। पूर्णिया नस्ल मुख्य रूप से झारखण्ड के संथालपरगना क्षेत्र एवं बिहार के पूर्णिया एवं कटिहार जिलों में पायी जाती है क यह नस्ल माध्यम आकार और काले रंग की होती है। इसके बाल सधे और लम्बे होते हैं और ब्रश बनाने के भी काम आते हैं।

# अधिसूचना का किया गया प्रकाशन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारत निर्वाचन आयोग ने एक्जिट पोल से संबंधित अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया है। इसके तहत मेघालय, नागालैंड एवं त्रिपुरा विधानसभाओं के साधारण निर्वाचनों एवं घोषित उपचुनाव 2023 के लिये झारखण्ड के 23-रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, अरूणाचल प्रदेश के लुम्ला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, तमिलनाडु के इरोड(पूर्व) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के सागरदीघी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और महाराष्ट्र के कसबा पेठ एवं चिंचवड विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कार्यक्रम की घोषणा की गई है। अधिसूचना में यह स्पष्ट किया गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क की उप धारा (1)के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन आयोग उक्त धारा की उप-धारा 2 के उपबंधों के दृष्टिगत मतदान के दिन 16 फरवरी सुबह 7 बजे से 27 फरवरी की शाम 7 बजे के बीच की अवधि में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन में या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय के समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा इस अधिसूचना में यह निर्दिष्ट किया गया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित किया जाए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा। इस अधिसूचना में एक्जिट पोल के लिये तारीख और समय को भी अधिसूचित किया गया है। जिसमें साधारण निर्वाचन की दशा में वह अवधि मतदान के मतदान के लिए नियत समय के आरंभ होने से प्रारंभ हो सकेगी और सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के आधे घंटे तक जारी रह सकेगी, परंतु भिन्न-भिन्न दिनों पर एक साथ कराए जाने वाले अनेक उप निर्वाचनों की दशा में वह अवधि मतदान के पहले दिन को मतदान के लिए नियत समय के आरंभ होने से प्रारंभ हो सकेगी और अंतिम मतदान समाप्त होने के पश्चात आधे घंटे तक जारी रह सकगी।

## धरना पर बैठे चिकित्साकर्मियों से मिले अध्यक्ष

**रांची।** झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी पिछले कई दिनों से राजभवन के समक्ष अपनी मांगों को लेकर धरना एवं आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने गुरुवार को राजभवन के समक्ष धरना पर बैठे अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपके प्रति काफी संजीदा है, आपके धरने के कारण स्वास्थ्य सेवा प्रभावित हो रही है। आपकी जो उचित मांग है उन मांगों को लेकर मैं स्वयं संबंधित अधिकारियों से बात करूंगा। आपकी समस्याओं का जल्द निदान हो यह हमारा हरसंभव प्रयास रहेगा।

# मॉडल विद्यालयों में बॉन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य मनरेगा से होगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने निर्देश दिया कि सरकारी विद्यालयों में बाउंड्रीवाल के निर्माण के लिए जल्द से जल्द कार्य करें। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ती है तो इस के लिए एक मानक प्राक्कलन भी तैयार करें। । उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रही योजनाओं के गुणवक्तपूर्ण क्रियान्वन में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। मनरेगा मद से लेबर कॉपोनेंट की राशि का प्रावधानानुसार उपयोग किया जाय। मनरेगा आयुक्त आज स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से अभिसरण की संभावनाओं पर चर्चा हेतु आहूत बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। बता दें कि



सरकार द्वारा राज्य में आदर्श विद्यालय योजना के अन्तर्गत 4,496 विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिसके तहत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राज्य में केन्द्रीय विद्यालयों के तर्ज पर संचालित 89 मॉडल विद्यालयों में से 18 मॉडल विद्यालयों का बाउंड्रीवाल के निर्माण के लिए किया गया है। श्रीमती राजेश्वरी बी ने जानकारी दी कि प्रारंभ में 18 मॉडल विद्यालयों में बाउंड्रीवाल के निर्माण मनरेगा के साथ अभिसरण के माध्यम से किया जाएगा। मॉडल विद्यालयों के निर्माण के लिए मनरेगा मद से लेबर कॉपोनेंट की राशि दी जाएगी। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य स्थल पर अभिसरण के माध्यम से क्रियान्वित की जाने वाली योजनाओं के सापेक्ष मजदूरी एवं सामग्री मद की राशि, मनरेगा मद से हेतु उपलब्ध करायी गई राशि तथा न्यूनतम मजदूरी दर से संबंधित एक बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा।

## गोलमेज सम्मेलन आयोजित

**रांची।** राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग) के तत्वावधान में गुरुवार को एक दिवसीय गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष, अपर मुख्य सचिव अमरेंद्र प्रताप सिंह डॉ. अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग) के उप महानिदेशक एन. संगीता ने सर्वेक्षण के सफल संचालन के लिए उद्योगपतियों के सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण से एकत्र डाटा का उपयोग राष्ट्रीय आय के अनुमान, औद्योगिक संरचना के अध्ययन, योजना, नीति निर्माण और तेजी से औद्योगिक विकास के लिए नीतियां बनाने में किया जाता है। इसके जरिए पूंजी, रोजगार की स्थिति, कच्चा माल, इनपुट-आउटपुट अनुपात, मूल्यवर्धन, श्रम, टर्नओवर, जीएसटी आदि से संबंधित डेटा एकत्रित किया जाता हैं। सर्वेक्षण से एकत्रित जानकारी का उपयोग सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए होता है। सकल घरेलू उत्पाद में औद्योगिक क्षेत्र के योगदान का अनुमान लगाने और औद्योगिक विकास के लिए नीतियां बनाने में सरकार की मदद करने के लिए किया जाता है।

# युवाओं को खेल से जोड़ें



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में खेल और खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने गुरुवार को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम से राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री सहाय योजना खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुब्बारा उड़ाकर किया। यह खेल प्रतियोगिता तीन दिनों तक रांची के विभिन्न स्टेडियम में होगी। शिक्षा मंत्री टोटो में बैठकर मंच पर पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और सामान्य जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। इसके लिए हमने शिक्षा और खेल को हथियार बनाया है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को न सिर्फ खेल में एक बेहतर भविष्य मिलेगा, बल्कि खेल के क्षेत्र में झारखंड और भी आगे विकास करेगा।

**प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे 520 प्रतिभागी : सरोजिनी लकड़ा**

सहाय योजना के शुभारंभ से पहले खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का स्वागत किया। तीन दिवसीय खेल आयोजन के बारे में खेल निर्देशक सरोजिनी लकड़ा ने बताया कि यह आयोजन काफी खास होने वाला है। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए पांच जिलों के 520 बच्चे आये हैं। ये बच्चे खूंटी, सिमडेगा, प. सिहंभूम, गुमला और सरायकेला-खरसावां से हैं। लकड़ा ने कहा कि सहाय योजना की परिकल्पना 2021 दिसंबर में ही की गई थी। किसी कारण से आयोजन नहीं हो पाया था। उन्होंने कहा कि जो अच्छे खिलाड़ी होंगे उन्हें सरकार के अंतर्गत चलने वाले आवासीय और सेंटर फॉर एक्सीलेंस केंद्र में भर्ती किया जाएगा।

## ढोल-नगाड़े के साथ खेल प्रतियोगिता का आगाज

ढोल-नगाड़े के साथ खेल प्रतियोगिता का आरंभ किया गया है। इस दौरान मांदर की थाप पर झारखंडी वेशभूषा में महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य किया। सहाय योजना अन्तर्गत स्थानीय नगर निकाय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को जर्सी और जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबंधित खेल किट उपलब्ध कराई गई है। सहाय प्रतियोगिता के अंतर्गत हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल एवं एथलेटिक्स की स्पधाओं का आयोजन रांची के विभिन्न स्टेडियमों में किया जाएगा। बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोराबादी में जहां फुटबॉल और एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित होगी, वहीं बरियातु हॉकी एस्ट्रोटर्क मैदान में हॉकी और शहीद नीलाम्बर-पिताम्बर पार्क में वॉलीबॉल खेला जाएगा। एथलेटिक्स में 100मी., 200मी. और 400मी. के दौड़ स्पर्धा के अलावा लॉन्ग जंप की प्रतियोगिता आयोजित होगी। वहीं, जिला एवं राज्य स्तर पर विजेताओं और उप-विजेताओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पहले इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को करना था लेकिन वो नहीं पहुंचे जबकि खेल मंत्री हफीजुल हसन भी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए।

## मैट्रिक के टॉपर को मिलेंगे तीन लाख रुपये

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक की परीक्षा में टॉप करने वाले छात्रों को तीन लाख रुपये मिलेंगे। अब जैक 10वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों को एक लाख की जगह तीन लाख दिये जायेंगे जबकि द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले को दो और एक लाख दिये जाएंगे। यह घोषणा राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने गुरुवार को मोरहाबादी मैदान में की है। शिक्षा मंत्री मुख्यमंत्री सहाय योजना में शिरकत करने आये थे। साल 2020 में शिक्षा मंत्री ने झारखंड एकेडेमिक काउंसिल द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में टॉप करने छात्र के लिए एक लाख रुपये देने की घोषणा की थी जबकि द्वितीय और तृतीय स्थान पानेवाले छात्र को क्रमशः 75 हजार और 50 हजार रुपये देने की बात कही थी। साथ ही उन्होंने टॉपर छात्र-छात्राओं को गोद लेकर पढ़ाई का खर्च उठाने व 75 फीसदी से अधिक अंक लाने वालों को साइकिल देने का ऐलान किया था। इस साल की मैट्रिक-इंटर की परीक्षा में लगभग आठ लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। मैट्रिक की परीक्षा में लगभग 4.50 लाख और इंटर में 3.50 लाख परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

# राइफल एसोसिएशन ने डीजीपी का किया अभिनंदन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड राज्य राइफल एसोसिएशन के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने गुरुवार को झारखंड के नवनियुक्त डीजीपी अजय कुमार सिंह का उनके आवास पर अभिनंदन किया। एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार और कार्यकारिणी समिति के सदस्य रंजन कुमार उर्फ मुकुल ने सिंह को बुके और शाल देकर उन्हें डीजीपी बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। झारखंड में एसोसिएशन की ओर से खिलाड़ियों के लिए किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। मुकुल ने कहा कि अजय सिंह राज्य में निशानेबाजी के विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे हैं और उनके डीजीपी बनने से इस खेल को और यहां के खिलाड़ियों को काफी लाभ मिलेगा। डीजीपी ने भी हरसंभव सहयोग देने की बात कही। निशानेबाजी के राष्ट्रीय खिलाड़ी और कोच रंजन कुमार, सैयद अंसुब अयूब, राष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार तथा अरुण मुखिया ने भी डीजीपी को फूल माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया और खिलाड़ियों की उपलब्धियों को बताया। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय नाथ शहदेव ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी को भी निशानेबाजी में काफी दिलचस्पी है और इस खेल को झारखंड में लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता है।

# गर्मी में बिजली की न हो कमी महाप्रबंधक ने दिये निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जेबीभीएनएल महाप्रबंधक प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने विद्युत कार्यपालक अभियंता व सभी सहायक विद्युत अभियंता को आने वाले गर्मी के मद्देनजर निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए पूर्व तैयारी का निर्देश जारी किया है विशेष तैयारी उल्लेख किया गया है कि गर्मी की वजह तार टूटने जंफर कटने एवं ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ने या खराब होने की घटनाओं से त्वरित निष्पादन की कार्रवाई हो जिसके लिए क्रमशः सभी सब स्टेशनों में लगे पावर ट्रांसफार्मर भीसीबी एवं अर्थिन का सूक्ष्म रूप से जांच किया जाए, पावर ट्रांसफार्मर में अगर तेल डालने की आवश्यकता है तो अगले 10 दिनों में कार्य कर लिए जाए, शहर के सभी 33'5 एवं



11'5 अंडरग्राउंड केबल के राइजिंग पॉइंट की बारीकी से जांच किए जाए अगर पेड़ के टहनियों से बाधित हो रही है तो उसे छांट कर अलग किया जाए, शहर के सभी ओवर 33 केवी 11 केभी एवं एलटी लाइन को पेट्रोलिंग करा लिए जाए, ओवरलोड ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने का कार्य अगले 15 दिनों के अंदर कर लिया जाए, शहर के डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर के तेल की भी जांच करा लिए जाए तथा मरम्मत की जरूरतों को पूरा कर लिया जाए। जिसकी हर सूचना अधोहस्ताक्षरी को दी जाए! श्री श्रीवास्तव ने एक व्हाट्सएप नंबर भी जारी किया है कि उपभोक्ता विभागीय नंबर 94311 35682 पर संबंधित सूचना दे सकते हैं।

## डॉ. चौधरी 20 को आयेंगे रांची



**रांची।** झारखंड प्रदेश जनता दल (यू) के प्रभारी सह बिहार के भवन निर्माण विभाग मंत्री डॉ अशोक चौधरी 20 फरवरी को तीन दिवसीय दौरे पर रांची आ रहे हैं। इसके अलावे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह नेता, लोकसभा राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह भी भी 22 फरवरी को रांची पहुंचेंगे। वे विमान के जरिए दोपहर 12:45 बजे बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर पहुंचेंगे। झारखंड प्रदेश जदयू (यू) के महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि प्रभारी और राष्ट्रीय अध्यक्ष के रांची आगमन को लेकर पार्टी की ओर से तैयारियां की जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश जदयू (यू) की ओर से अपने दोनों नेताओं का भव्य स्वागत किया जायेगा।

# सड़क दुर्घटना रोकने लिए रांची पुलिस का ऑनलाइन अभियान

**नवीन मेल संवादददाता। रांची**
सड़क दुर्घटना रोकने लिए रांची पुलिस ने ऑनलाइन अभियान शुरू किया है। इसके तहत रोड सेफ्टी, ट्रैफिक नियमों के साथ कानून तोड़ने पर सजा की बिंदु और उनके प्रावधानों की भी जानकारी लोगों को दी जा रही है। रांची पुलिस की ओर से सोशल प्लेटफॉर्म पर तमाम जानकारियां और स्लोगन प्रसारित की जा रही है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। रांची पुलिस की ओर से जारी किए गए स्लोगन में कहा गया है की अगर संभल कर वाहन चलाओगे, तभी तो अपनी मंजिल पर सुरक्षित पहुंच पाओगे। रांची पुलिस ट्रैफिक नियमों की जानकारी आम लोगों तक ऑनलाइन पहुंचा रही है। ऑनलाइन जानकारी पहुंचाने के




लिए ट्विटर, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। साथ ही पुलिस द्वारा जो बुकलेट तैयार किया गया है, उसमें कई महत्वपूर्ण जानकारियां सड़क सुरक्षा को लेकर दी गई हैं। तैयार पंपलेट्स में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर सजा और जुमार्ना के प्रावधान के बारे में भी जानकारी दी गयी है। पोस्टर में लिखा है कि तेज रफ्तार के शौकीन लोगों को शायद यह जानकारी नहीं होगी कि अगर वो पकड़े गए तो मोटर अधिनियम 2019 की धारा 166 के तहत पहले अपराध के लिए पांच हजार या तीन महीने के कारावास या दोनों से दंडित किया जा सकता है। इस अपराध को दोहराते हुए पकड़े जाने पर 10 हजार जुमार्ना और एक साल का कारावास से दंडित किया जायेगा। किसी भी प्रकार के नशीला पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने पर चालक को एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत 10 हजार जुमार्ना और छह महीने की कारावास तथा दोनों से दंडित किया जा सकता है।

## कृषि शुल्क कृषकों के लाभ के लिए नहीं : चैंबर

**रांची।** झारखंड कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक के विरोध में जारी राज्यव्यापी आंदोलन के दूसरे दिन भी प्रदेश में खाद्य वस्तुओं की आवक-जावक एवं कृषि संबंधी थोक व्यवसाय की दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। झारखण्ड चैंबर के आहवान पर राइस मिल्स, फ्लावर मिल्स सहित अन्य खाद्य संबंधित मैनुफैक्चरिंग प्लांट में भी सेल बंद रहा। शाम को चैंबर भवन में पूरे राज्य में की गई बंद की समीक्षा के लिए सभी जिला चैंबर, खाद्यान्न व्यवसायी संघ और फूड प्रोसेसिंग संचालकों के साथ ऑनलाइन समीक्षात्मक बैठक कर, आगे की रणनीतियों पर वार्ता की गयी। इस दौरान चैंबर भवन में खाद्यान्न व्यापारियों की एक बैठक हुई। जिसमें यह कहा गया कि वर्तमान में बाजार शुल्क लागू नहीं होने से किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य प्राप्त हो रहा है।

**महोत्सव** सभी खेल प्रेमी सांसद खेल महोत्सव में आएं

# रांची से हजारों खिलाड़ी होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि खेल महोत्सव, रांची लोकसभा क्षेत्र का भव्य और ऐतिहासिक महोत्सव बनने वाला है। 17 से 19 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में रांची लोकसभा क्षेत्र के 3000 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे। झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान मे आयोजित इस महोत्सव में 6 प्रकार के खेलों से जुड़ी प्रतिस्पर्धा होगी, इसमें बैडमिंटन, एथलेटिक्स, वुशु, तीरंदाजी, योगासन और कबड्डी को शामिल किया गया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में 650 से अधिक मेडल और ट्रॉफी प्रतिभागियों को दिए जाएंगे। तीन दिवसीय महोत्सव के लिए 3087 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से खिलाड़ी इस



प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में रांची लोकसभा क्षेत्र के 17 प्रखंड और 53 वार्डों का प्रतिनिधित्व होगा। लगभग 200 पंचायतों से खिलाड़ियों की सहभागिता होगी। 17 फरवरी को कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन दोपहर 3:00 बजे केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी के हाथों संपन्न होगा तो वहीं केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे और केंद्रीय खेल राज्यमंत्री निशीथ प्रमाणिक कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। नामी खिलाड़ियों के द्वारा मशाल प्रज्ज्वलित की जाएगी जो लगातार तीन दिन तक यह मशाल प्रज्वलित रहेगी?। 12 स्कूल के बच्चों के बैंड द्वारा सारे जहां से अच्छा हिंदू सीता हमारा की धुन पर गीत प्रतियोगिता की जाएगी जिस स्कूल के बच्चे अपना बेहतर प्रदर्शन करेंगे उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा तथा उस स्कूल के बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएगी। उद्घाटन समारोह 2 घंटे का होगा।सांसद संजय सेठ ने रांची के सभी स्कूलों के प्रबंधक से अपील करते हुए कहा इस खेल महोत्सव अपने बच्चों को अवश्य भेजें ताकि आने वाले दिनों में इन बच्चों में भी खेल की भावना जागृत हो और खिलाड़ियों का भी उत्साहवर्धन होगा। उन्होंने रांची की जनता से अपील करते हुए कहा ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस खेल महोत्सव में भाग लेकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करें झारखंड से जुड़े हमारे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, जिन्होंने झारखंड को प्रेरणा दी है, झारखंड के ऐसे खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा। उनकी उपस्थिति भी रहेगी। रांची से जुड़े पद्म अवार्ड से सम्मानित गणमान्य लोगों की उपस्थिति भी इस कार्यक्रम में रहेगी। रांची लोकसभा क्षेत्र के हर नागरिक से मेरा अनुरोध है इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाएं। अपने बच्चों का हौसला बढ़ाएं। उनके खेल को देखें क्योंकि नागरिकों की उपस्थिति बच्चों का उत्साह बढ़ाने वाली होगी और यही बच्चे हमें कई मेडल और पुरस्कार लाकर देंगे।

## राष्ट्रीय रेस वाक सेमिनार का हुआ आयोजन

**रांची।** 10 वीं राष्ट्रीय रेस वर्क प्रतियोगिता के दरमियान एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय रेस वाक सेमिनार का आयोजन किया गया था। इस सेमिनार में संपूर्ण भारतवर्ष से कुल 91 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे इस प्रतियोगिता का प्रैक्टिकल एवं रेस वाक परीक्षा के दौरान एवं क्लास के माध्यम से लिया गया था जिसमें झारखंड से 11 परीक्षार्थी भाग लिए थे जिसमें रांची के राम प्रसाद ने 28 अंक लाकर इस राष्ट्रीय सेमिनार में पूरे भारतवर्ष में तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं झारखंड से प्रथम स्थान प्राप्त किया इसके उत्तीर्ण होने पर झारखंड एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक सचिव सीडी सिंह वर्किंग सचिव प्रभाकर वर्मा झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिवेंदु दुबे एस के पांडे विनोद कुमार शशांक भूषण राजेश सिंह संतोष कुमार आदि ने बधाई दी एवं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# महाशिवरात्रि पर धूमधाम से निकलेगी शिव जी की बारात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति और आर आर स्पोर्टिंग क्लब रातू रोड के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के अवसर पर 18 फरवरी को धूमधाम से भगवान शंकर की बारात निकाली जायेगी। इस वर्ष बारात में नंदी पर सवार पंच मुखी भोले बाबा और दिल्ली के मशहूर कलाकार छेदी लाल एंड पार्टी के जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी। साथ ही शिव महाकाली का तान्डव, पंचमुखी हनुमान, शिवशंकर भोलनाथ जमीन से छह फीट ऊपर हवा के आसन लिए हुए, साई बाबा की मनमोहक झांकियां भी लोगों के लिए नया होगा। भारत वर्ष के अमृत महोत्सव पर आधारित उपलब्धियों की जीवंत झांकी जो विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह, शैलेंद्र वर्मा शैलू, विक्की यादव ने रातू रोड के आरआर टावर में पत्रकारों को गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बारात इन्द्रपुरी शिव मंदिर प्रागंण से निकलकर, मेट्रो गली, रातु रोड, सती मंदिर लेन, पहाड़ी बानोमंजिल रोड, जे जे रोड, शहीद चौक होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक से मुड़कर गांधी चौक, महावीर चौक, प्यादा टोली के रास्ते होते हुए रातु रोड स्थित आरआर स्पोटिंग क्लब, दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचेगी।

## 18 को महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन

**रांची।** रांची स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर में पहली बार महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन होना है। मंदिर प्रबंधन से जुड़े महासचिव संतोष कुमार ने बताया कि 18 फरवरी को धूमधाम से महाशिवरात्रि पर्व मनाया जायेगा। वर्ष में 2022 में आठ मई को मंदिर में बाबा भोले नाथ के शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी। इस नाते आयोजन समिति को पहली बार मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के भव्य और ऐतिहासिक आयोजन का मौका मिल रहा है।

# शौच के लिए गई महिला को हाथी ने कुचला, मौत, ग्रामीणों में दहशत



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू** थाना क्षेत्र के जबरा ग्राम निवासी बबिता देवी (26) वर्षीय को हांथी ने कुचल दिया जिससे इलाज के लिए रांची ले जाने के क्रम मे रास्ते मे ही मौत हो गई। आसपास के ग्रामीणों ने बताया की राकेश प्रजापति के पत्नी बबिता गुरुवार अहले सुबह घर से सटे टमाटर खेत मे शौच के लिए गई थी। जैसे ही शौच करने बैठी पीछे से बिछड़ा हुआ अकेला हांथी ने महिला को सूंड से पकड़ कर पटक- पटक कर अधमरा कर दिया साथ ही हाथी द्वारा कुचल दिया गया। जिससे महिला की पेट फट गया। ग्रामीणों ने अनान- फनान मे इलाज के लिए सीएचसी बालूमाथ ले गए जहां नाजुक स्थित देखकर चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स रांची ले जाने के क्रम मे ही रास्ते मे मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग से आनंद चौधरी, विजय शंकर शर्मा, अभय भगत, संतोष उरांव व धनंजय उरांव पहुंच कर घटना की जायजा लिया। साथ ही बताया की मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता राशि पचीस हजार दिया जायेगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद प्रक्रिया के तहत तीन लाख पचहतर हजार दी जाएगी। अचनाक इस तरह का हुए हादसा के बाद मृतक के पुत्री सेजल कुमारी चार वर्षीय व एन्जल कुमारी ढाई बर्षीय दोनो बच्चे बिलख-बिलख कर रो रहे थे। वहीं ससुर महेश प्रजापति सहित परिवार के अन्य सदस्यों को रोते रोते बुरा हाल हो गया था। आसपास मे भी मातम पसरा हुआ था। इधर आजसू केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह जीवन ने वन विभाग की कर्मी सहित अन्य जन प्रतिनिधियों को फटकार लगाते हुए कहा की अखबार व सोशल मिडिया मे एक सप्ताह पूर्व विश्रामपुर मे हाथी द्वारा घर तोड़ फोड़ किए जाने के बाद मैंने विभाग को आगाह किया था। की आम जनो को मरने का इंतजार नहीं करें. बिछड़ा हुआ हांथी को हटाने के लिए वन विभाग सहित विधायक से भी मांग किया था परन्तु उक्त विषय को सभी ने हल्का मे लिया। शायद मेरे बात को विभाग गंभीरता से लेती तो दो बच्चे अन्नाथ नहीं होते और आज इस तरह का घटना देखने को नहीं मिलता। ग्रामीणों ने वन विभाग से अविलम्ब क्षेत्र से हाथी को हटाने की मांग की है अन्यथा सड़क जाम करने का भी चेतावनी दे दी है। वन विभाग के कर्मी आनंद चौधरी ने बताया की तुरंत बंगाल की टीम नहीं आ सकती है

## एचडीएफसी बैंक के कोकर शाखा का उद्घाटन



**रांची।** देश की अग्रिम बैंकों में से एक एचडीएफसी बैंक के रांची के कोकर में नई शाखा का उद्घाटन हुआ। शाखा का उद्घाटन झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किया। इस उद्घाटन के मौके पर रामेश्वर उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि इस क्षेत्र में बैंक खुलने से लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी और इस क्षेत्र के विकास में बैंक सहभागी बनेगी। इस मौके एचडीएफसी बैंक के सर्कल हेड अभिषेक कुमार ने कहा कि इस शाखा में बैंकिंग से संबंधित सारी सुविधाएं दी जाएगी और आस पास के लोगों की डे टू डे बैंकिंग आसन हो जाएगी। इस अवसर पर क्लस्टर हेड धर्मेंद्र कुमार, शाखा प्रबंधक आलोक प्रकाश समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## बाबा बैद्यनाथ मंदिर से उतारा गया पंचशूल

**देवघर।** महाशिवरात्रि के दो दिन पूर्व देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ और पार्वती मंदिर का पंचशूल गुरुवार के दिन शिखर से नीचे उतारा गया। इसके पूर्व अन्य सभी मंदिरों के पंचशूल को उतार कर उसकी सफाई की जा चुकी है। शुक्रवार सुबह इस पंचशूल की विशेष पूजा के बाद सभी मंदिर के शिखर लगाया जाएगा। पूरे साल में सिर्फ शिवरात्रि के दो दिन पूर्व पंचशूल को सफाई के लिए उतारा जाता है और शिवरात्रि के एक दिन पहले पंचशूल की विशेष पूजा कर उसे फिर से मंदिर के शिखर पर लगाया जाता है।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए उमाशंकर गुप्ता

**चंदवा।** शहर के मेन रोड निवासी स्व उमाशंकर गुप्ता (अकेला) को उनके प्रथम पुण्यतिथि पर याद किया गया। उक्त मौके पर उनके पुत्र रोशन गुप्ता व मनीष गुप्ता के द्वारा चंदवा के गेरुवागढ़ा में अर्धनिर्मित शिव मंदिर निर्माण समिति को ध्वनि विस्तारक यंत्र दान स्वरूप दिया गया। मौके पर वरीय समाजसेवी प्रेम शंकर भगत ने कहा कि स्व उमाशंकर गुप्ता अपने जमाने के प्रसिद्ध छायाकार रहे उनका परोपकारी भाव हमें उनकी याद हमेशा दिलाता रहेगा। मौके पर उमेश यादव,कल्लू नायक, कामेश्वर भुइया, कली देवी, उषा देवी ,गोविंदा, लखन समेत मंदिर समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## नामकुम में दो शव बरामद

**नामकुम।** नामकुम थाना क्षेत्र के पुराना नामकुम थाना समीप शनि मंदिर समीप डाउन रेलवे लाइन से गुरूवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। मृतक की उम्र लगभग 40 बतायी जा रही है, वह लाल और काले रंग का ट्रेकसूट पहने हुए है। सूचना के बाद मौके रप पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवा दिया। इस संबंध में थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि रात लगभग एक बजे टेज्क से गुजरने वाली एक पैसेंजर ट्रेन के चालक ने जीआरपी रांची को सूचना दी कि रेलवे ट्रेक पर एक शव पडा हुआ है। जिसके बाद जीआरपी मौके पर पहुंची और कैंप कर दिया। सुबह होने पर जीआरपी ने इसकी जानकारी नामकुम पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस वहां पहुंची और उसे पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवाया। वहीं दूसरी ओर रांची-टाटा मार्ग बयांगडिह के समीप बाइक सवार की मौत आज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान दशमफॉल थानाक्षेत्र के बरटोली प्रदीप उरांव(19) में हुई। मृतक के पिता ने बताया कि प्रदीप रात लगभग एक बजे अपने घर से मामा के घर जाने के लिए निकला था पर रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत हो गयी। बताया गया कि प्रदीप उरांव बरटोली से अपने मामा के गांव रामपुर जा रहे युवक की मौत सडक दुघर्टना में ब्यांगडिह समीप हो गयी। गुरूवार की सुबह जानकरी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के रिम्स भेजवा दिया है।

## कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के पंचमुखी शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद गुरुवार से कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय गणेश शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू हुआ। गुरुवार की सुबह पंचमुखी शिव मंदिर परिसर से मंदिर के मुख्य पुरोहित राकेश मिश्रा के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के भक्तों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में मंदिर निर्माण समिति के अजय चंद्रवंशी, गीता देवी, जिप सदस्य संतोषी शेखर मुख्य रूप से शामिल थे। कलश यात्रा सकतही छठ घाट पहुंचा। जहां बाहर से आए हुए पंडित दिलीप कुमार वैद्य, रविंद्र नाथ मिश्रा, अजय मिश्रा, मुकेश मिश्रा, राकेश मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच में गंगा पूजन का आयोजन किया गया।

## नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास

**नामकुम।** जिला अनाबद्ध निधि मद अन्तर्गत नामकुम प्रखण्ड अन्तर्गत अमेठिया नगर में बाबी चैक से शिव मंदिर तक नाली निर्माण कार्य का विधायक राजेश कच्छप,मंत्री बादल पत्रलेख, जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्ा व खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप के द्वारा शिलान्यास किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, रामाधार सिंह, सीताराम प्रसाद, अरुण गोप, सुमित, सिंह, जातु टोप्पो, प्रदीप मेहता, सोनाल कच्छप, मुरली मेहता, अखिलेश यादव, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## मुखिया ने किया किट का वितरण

**बरही ।** राजकीय मध्य विद्यालय बरहीडीह में स्थानीय बच्चो के बीच स्कूल कीट के वितरण किया गया ।जिसके अंतर्गत पेंसिल, इरेजर, कटर, कॉपी इत्यादि बच्चो के बीच वितरित किए गए । वितरण कार्यक्रम के मुख्यातिथि स्थानीय मुखिया मो शमशेर आलम थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में बच्चो को सभी सुविधाए निःशुल्क दी जाती है । पढ़ने से लेकर खाने तक की व्यवस्था है । बाबजूद बच्चे प्रतिदिन विद्यालय नियमित नही आते है । जो एक गंभीर मामला है । उन्होंने शिक्षको और बच्चो को नियमित उपस्थिति पर जोर दिया। इसके साथ ही समय समय पर शैक्षणिक एक्टिविटी के माध्यम से शिक्षा को रोचकपूर्ण बनाने की बात कही ।

### भाकृअनुप संस्थान में किसान मेला-सह कृषि प्रदर्शनी

# मंत्री ने किया 60 स्टॉलों का भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम** नामकुम स्थित भाकृअनुप-राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान में दो दिवसीय किसान मेला-सह कृषि प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख एवं विशिष्ट अतिथि में खिजरी विधायक राजेश कच्छप व बीएयू (बिरसा कृषि विश्वविद्यालय) डॉ ओंकारनाथ सिंह द्वारा मेला का उद्घाटन किया गया। मेले में उद्घाटन करने के पश्चात मेले में 60 स्टॉलों का भ्रमण किया। मेला को संबोधित करते हुए मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि इस समय सरकार किसानों के हित के लिए हर उस कदम को उठाने में जरा भी देरी नहीं कर रही है, जो उनके लिए लाभकारी हैं। जिस प्रकार आज हमारे किसान नई तकनीकों और प्रौद्योगिकियों को सीखने के लिए दूसरे प्रदेश एवं देशों की यात्रा करते हैं। अगर हम सचमुच में अपने ज्ञान और विज्ञान को समायोजित कर प्रयास करें तो वो दिन दूर नहीं कि दूसरे प्रदेशों एवं देशों के किसान हम तक पहुँचेंगे। वर्तमान प्ररिदृष्य में आवश्यकता है कि हम कृषि की विभिन्न गतिविधियों को मेले जैसे आयोजनों में आकर सीखें ताकि जिन उद्देश्यों से इस प्रकार के आयोजनों को किया जा रहा है उसकी सार्थकता सिद्ध हो सके।

### झारखंड में खेती की जमीन को घर निर्माण के लिए बेची जाती है: राजेश कच्छप

विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि झारखण्ड के राजधानी में इतने बड़े संस्थान है जिससे किसानों को वैज्ञानिक तरीके प्रशिक्षिण प्राप्त कर खेती के साथ-साथ लाह की खेती से लाखों का मुनाफा काम सकते हैं। लेकिन दुर्भाग्य की बात ही हरियाणा व अन्य राज्यों में जमीन की खरीदारी खेती के लिए किये जाते है, झारखण्ड में अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए किये जाते है। हमें इस बात पर ध्यान देने की आवश्यकता है कि वर्तमान समय में कृषि में हो रहे विभिन्न शोधों, कार्यक्रमों, योजनाओं एवं अन्य गतिविधियों का ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाले आम नागरिकों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार करने में क्या योगदान है ताकि हमारे द्वारा किए जा रहे कार्यों का लाभ अन्तिम व्यक्ति तक पहुँचना सुनिश्चित हो। इस मौके पर बीएयू के कुलपति डॉ ओंकारनाथ सिंह व भाकृअनुप-भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान के निदेशक डॉ अभिजीत कर संस्थान प्रगती पर प्रकाश डाला।

### बेहतर प्रदर्शन करने किसानों को किया सम्मानित

इस अवसर पर लाख की खेती में योगदान के लिए किसानों को सम्मानित किया गया। नेपाल के डम्बर बहादुर विश्वकर्मा, महाराष्ट्र के सुधाकर श्यामराव खंडालकर एवं सिमडेगा की सुश्री अलमा कुल्लू, साथ ही लाख प्रोत्साहन एग्जीक्युटिव अवार्ड श्रीमती अर्चना गोथी, श्री आकाश बड़ाईक और तामसिंग रहंगदाले को दिया गया। लाह प्रोत्साहन संस्थागत पुरस्कार लाह हस्तशिल्प स्वावलंबन सहकारी समिति, आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इनक्लुजिव ग्रोथ एवं त्रिनेत्र पादुम कृषि को दिया गया। इस मेले में झारखण्ड के अतिरिक्त प. बंगाल, छत्तीसगढ से आए लगभग 1000 किसानों नें भाग लिया।

## हाईकोर्ट के आदेश से प्रभावित होगी गोड्डा में होमगार्ड बहाली

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की अदालत में गुरुवार को गोड्डा जिले में होमगार्ड बहाली को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में दायर याचिका के फैसले से नियुक्तियां प्रभावित होंगी। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव अभिषेक और याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता पीपीएन रॉय और अधिवक्ता रंजन प्रसाद ने पक्ष रखा। अदालत अब इस मामले की सुनवाई छह सप्ताह बाद करेगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2009 में गोड्डा जिले में होमगार्ड भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसके बाद अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करते हुए बहाली के लिए दौड़ की करवाई गई, लेकिन अब तक नियुक्ति नहीं हुई। इसके बाद वर्ष 2018 में एक बार फिर 529 होमगार्ड की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी, जिसके खिलाफ वैसे लोगों ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिन्होंने वर्ष 2009 की नियुक्ति प्रक्रिया में हिस्सा लिया था।

# धनबाद: दो गुटों के बीच झड़प, दर्जनों घायल



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** पुटकी थाना क्षेत्र के पासी धौड़ा और ऊपर धौड़ा के रहने वाले दो गुटों के बीच गुरुवार को छेड़खानी की बात को लेकर जमकर मारपीट हुई है। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर लाठी डंडे, पत्थरबाजी और तलवारबाजी हुई है। इसमें दोनों ओर के दर्जन भर लोग घायल हुए है। फिलहाल घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना के संबंध में घायल मुकेश भारती ने बताया कि सुबह बस्ती की एक महिला तालाब में नहाने गई थी। इसके साथ दूसरे गुट के कुछ युवकों ने छेड़खानी की। इसकी सूचना पर मौके पर पहुंचे बस्ती के लोगों पर पहले से वहां तैनात दूसरे गुट के लोगों ने लाठी-डंडे, पत्थर और तलवार से हमला कर दिया। इसमें करीब दर्जन भर लोग घायल हो गए। दोनों गुटों के बीच पुरानी रंजिश होने की बात कही जा रही है। इसके बाद घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस थाना की पुलिस ने घटनास्थल पर उपद्रव कर रहे लोगों को खदेड़ा। साथ ही घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। वहीं घटना के बाद से दोनों बस्तियों में तनाव का स्तिथि बनी हुई है। जिसको देखते हुए पुलिस मौके पर कैंप कर रही है।

## गव्य पालन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मनिका।** नामुदाग पंचायत स्थित पंचायत सचिवालय में गुरुवार को जिला गव्य विकास कार्यालय लातेहार के निदेर्शानुसार कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसका नेतृत्व गव्य तकनीकी पदाधिकारी अरविंद कुमार सिन्हा ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोगों को गाय पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, कृषि समेत इत्यादि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। वही कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए अरविंद कुमार सिन्हा ने बताया कि गांव के लोगों को मुख्यमंत्री पशुधन योजना कार्यक्रम के तहत लाभ उठाने के प्रति जागरूक करना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

# होलसेल शराब मैन्युफैक्करिंग लाइसेंसी को हाइकोर्ट से मिली बड़ी राहत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड हाईकोर्ट से गुरुवार को वर्ष 2012-14 के होलसेल शराब मैन्युफैक्करिंग लाइसेंसी को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट में भट्टाचार्य बॉटलिंग प्लांट प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स केडी लिकर एंड फर्टिलाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स फरिणी 11 अप की अपील की सुनवाई गुरुवार को हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश को खारिज कर दिया। खंडपीठ ने कहा कि होलसेल शराब मैन्युफैक्करिंग लाइसेंसी को राज्य सरकार बिना शोकॉज नोटिस जारी किये होलोग्राम से संबंधित पैसा जमा करने का आदेश नहीं दे सकती है। नेचुरल जस्टिस का वायलेशन किया गया है, बिना उनका पक्ष सुने हुए सरकार ने एकपक्षीय निर्णय लिया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रभात कुमार सिन्हा ने पैरवी की। खंडपीठ ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार होलसेल शराब मैन्युफैक्करिंग लाइसेंसी का पक्ष सुने, इसके बाद फैसला ले। अगर सरकार को लगता है कि लाइसेंसी ने होलोग्राम के मद में गलत तरीके से पैसे नहीं लिये हैं तो लाइसेंसी को पैसे वापस करना होगा। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था कि राज्य सरकार को बगैर शो कॉज नोटिस दिए शराब मैन्युफैक्करर्स से कलेक्शन करने का हक है, जिसे याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट की खंडपीठ में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता शराब होलसेल मैन्युफैक्करिंग की ओर से कहा गया था कि सरकार ने उन्हें बिना नोटिस दिये उनसे होलोग्राम को लेकर वसूली का आदेश जारी कर दिया।

# मनिका में लाभुकों के बीच वर्मी बेड का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका** औराटांड़ गांव में गुरुवार को झारखंड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाइटी (जेटीडीएस) लातेहार के द्वारा एससीए एवं टीएसएस स्कीम के अंतर्गत 25 लाभुकों को जैविक खाद तैयार करने के लिए वर्मी बेड का वितरण किया गया। वहीं वितरण करने का कार्य मनिका पश्चिमी जिला परिषद बलवंत सिंह एवं जुंगुर पंचायत के मुखिया देवेंद्र कुमार कुजूर के द्वारा किया गया। वहीं जानकारी देते हुए जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह के द्वारा बताया गया कि जेटीडीएस का यह पहल काफी अच्छा है क्योंकि रसायनिक खाद का प्रयोग काफी तेजी से किया जा रहा है जिससे मिट्टी का उर्वरता शक्ति दिन प्रतिदिन घटती जा रही है और लोग अनेकों बीमारी से ग्रस्त होते जा रहे है। इसलिए गांव के किसान अपने अपने खेतों में जैविक खाद से खेती करे जैविक खाद का उपयोग करने से मिट्टी का उर्वरता शक्ति को बढ़ाया जा सकता है तथा जैविक खाद से प्राप्त फसलों से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि बाजार स्तर में जैविक खाद से उपज सब्जियों की काफी मांग है अधिक से अधिक दामों में बेचा जा सकता है। मौके पर जेटीडीएस लातेहार जिला के डीपीएम लखींद्र नाथ महतो, एफएओ नवनीत कुमार, पीएमयू विजयभूषण एक्का आदि उपस्थित थे।

## धनबाद में हड़ताली व्यापारियों से मिलीं झरिया विधायक

**धनबाद।** झारखंड सरकार द्वारा कृषि बाजार शुल्क में दो फीसदी की बढ़ोतरी के बाद पूरे राज्य के व्यापारी इसके विरोध में 15 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। आज दूसरे दिन भी धनबाद के गल्ला व थोक व्यापारी हड़ताल पर हैं। व्यापारियों के विरोध को समझने के लिए झरिया से कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह व्यापारियों के बीच पहुंची। धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र स्थित कृषि बाजार में धरना दे रहे व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी मांगों को समझने के बाद पूर्णिमा ने आश्वस्त किया कि वह खुद विधानसभा सत्र शुरू होने से पूर्व इस संदर्भ में राज्य के कृषि मंत्री से मुलाकात करेंगी। साथ ही व्यापारियों की बातों को उनके पास रखेंगी और इस विधेयक को लेकर जो भी गलतफहमियां सरकार और व्यापारियों के बीच उत्पन्न हुई है उसे दूर करने का प्रयास करेंगी।

**जागरूकता** | सीडब्ल्यूसी व पुलिस ने पत्थलगड़ा में चलाया अभियान

# बच्चों को यातायात नियमों की दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा** चतरा जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड में गुरुवार को पुलिस व बाल कल्याण समिति (बैंच ऑफ मेजीस्ट्रेट) चतरा द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर स्कूली बच्चों को रोड़ सैफ्टी व लैंगीग अपराध के साथ उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरुक। सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन धनंजय तिवारी व थाना प्रभारी बमबम कुमार के संयुक्त का नेतृत्व चलाए गए इस अभियान में मध्य विद्यालय नोनगांव आदि के बच्चों को पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह व जेजे एक्ट 2015 के साथ रोड़ सेफ्टी की जानकारी विस्तारपूर्वक दिया गया। चेयरपर्सन श्री तिवारी ने इस दौरान बच्चों को गुड टच बैड टच की जानकारी इसके उदाहरण देकर देने के साथ बताया कि पोक्सो बालकों के लैंगिक अपराधों से संरक्षण के लिए बनाया गया है। थाना प्रभारी कुमार ने यातायात नियमों के पालन करने के साथ रोड सेफ्टी से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान बच्चों को बाल विवाह के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि 18 साल से कम की लड़की व 21 साल से कम के लड़के की शादी कानून अपराध है। बच्चों के साथ होने वाले अपराध, बाल श्रम व बाल विवाह से संबंधित सूचना 1098 पर देने की बात कही गई। मौके पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार यादव व शिक्षक आदि शामिल थे।



### ईडी ने जवाब के लिए मांगा समय

# बच्चू यादव की जमानत पर 13 मार्च को होगी सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में गुरुवार को पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने मामले में ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई थी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 13 मार्च निर्धारित की है। जमानत याचिका में उनकी ओर से कहा गया है उन्हें जिस मामले में जिस केस में ईडी ने आरोपित बनाया है उसमें यह शामिल नहीं है। बरहरवा थाने में दर्ज कांड संख्या 85/2020 में इनका नाम नहीं है। इनके खिलाफ जितने भी केस है उसमे उन्हें जमानत मिल गई है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बच्चू यादव की जमानत अर्जी ईडी कोर्ट पूर्व में खारिज कर चुकी थी। बच्चू यादव की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार ने जमानत याचिका दायर की है। उल्लेखनीय है कि बच्चू यादव को ईडी ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। इसके बाद 11 अगस्त को उसे न्यायिक हिरासत पर जेल भेज दिया था। ईडी की ओर से बच्चू यादव, प्रेम प्रकाश सहित तीन के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल हो चुकी है। ईडी की टीम ने पत्थर व्यवसायी बच्चू यादव को चार अगस्त को गिरफ्तार किया था।

# दर्जनों ने थामा झारखंड पार्टी का दामन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
**रामगढ़।** गोला प्रखंड अंतर्गत कोरांबे में गुरुवार को झारखंड पार्टी के प्रत्याशी संतोष कुमार महतो ने घर घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील की। इस मौके पर कई युवाओं ने पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर झारखंड पार्टी की सदस्यता ली। जिनका संतोष कुमार महतो ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने मनु रजवार, सचिन करमाली, विक्कु कुमार, टेकलाल, जयलाल, भीम, रविंद्र रजवार, धनेश्वर करमाली, जगन, अमन करमाली, सूरज राजवर, शोभा महतो, पुरन महतो, नवल किशोर, मिथुन रजवार आदि को पार्टी की सदस्यता प्रदान की। कहा कि आप सभी मुझे समर्थन देकर विजय बनाएं, मैं आपके हर सुख दुख में साथ रहूंगा और विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करूंगा। कहा कि विधानसभा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य मेरी प्राथमिकता में होगी। विजय होने पर मैं इन समस्याओं को दूर करूंगा।

## वार्ड नंबर-6 में शक्ति केंद्र की हुई बैठक

**रामगढ़ ।** शहर के वार्ड नंबर 6 स्थित विकास नगर दुर्गा मंदिर के समीप गुरुवार को भाजपा शक्तिकेंद्र की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता सह सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, भाजपा प्रदेश के प्रवक्त अविनेश सिंह संयुक्त मौजूद थे। बैठक में उपस्थित सभी बूथ अध्यक्षों से पन्ना प्रमुख की जानकारी ली तथा उपचुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने को कहा गया। शक्तिकेंद्र बैठक में मुख्य रूप से छोटन सिंह, सांसद प्रतिनिधि आलोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी सह बूथ न. 50 के अध्यक्ष सत्यजीत चौधरी, शक्ति केंद्र प्रभारी अजीत सिंह, ऋषिकेश सिंह, अरविंद सिंह आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए डिवाइन के दो छात्रों का चयन

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के दो छात्र का राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अपने वेट में झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। 36वां राष्ट्रीय सब जुनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में राजेश कुमार का 21 किलोग्राम कैटेगरी में और पांचवां राष्ट्रीय केडेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में श्रुति कुमारी यादव का 51 किलोग्राम कैटेगरी में झारखंड राज्य का



प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन किया गया है। विदित हो कि यह प्रतियोगिता 28 मार्च से 31 मार्च तक राजस्थान में आयोजित किया जाएगा। पूरे झारखंड राज्य में इस वेट कैटेगरी में केवल राजेश कुमार और श्रुति कुमारी का चयन हुआ है।इनके चयन में ताइक्वांडो प्रशिक्षक गुलाम हसन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन्होंने बेहतरीन प्रशिक्षण से इन बच्चों को इस योग्य बनाया कि ये झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व कर सकें। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। विद्यालय प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यालय में छात्रों के हर क्षेत्र के विकास का ध्यान रखा जाता है।

## NEWS इन ब्रीफ

### रामगढ़ में आजसू नेता मनोज मुंडा की गोली मारकर हत्या

**रामगढ़।** जिले के बरकाकाना ओपी क्षेत्र में आजसू नेता मनोज मुंडा की बुधवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसकी पुष्टि गुरुवार को पतरातु एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी ने की है। आशंका जताई जा रही है कि उनकी हत्या राजनीतिक रंजिश के चलते हुई है। एसडीपीओ ने बताया कि बुधवार की देर रात लोवाडिह गांव में गोली चलने की आवाज ग्रामीणों ने सुनी। थोड़ी देर बाद पता चला कि कुछ अपराधियों ने मनोज मुंडा को गोली मार दी है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए रिम्स रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान रिम्स में ही मनोज की मौत हो गई। पुलिस वारदात की जांच-पड़ताल कर रही है।

### कस्तूरबा-झाआवि में नामांकन के लिए 15 तक आवेदन करें

**बरकट्ठा।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरकट्ठा में कक्षा 6 एवं 9 में नामांकन तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय चलकुशा में कक्षा 6 से 9 तक नामांकन के लिए इच्छुक छात्राएं 15 मार्च 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाचार्य सह वार्डन सिंपल कुमारी ने बताया कि अभिभावक आवेदन प्रपत्र विद्यालय के कार्यालय से विद्यालय समय में प्राप्त कर सकते हैं। वहीं आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 मार्च है।

### महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में नुककड़ सभा का आयोजन

**रामगढ़।** रामगढ़ विस उपचुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में गोला प्रखंड के मगनपुर बाजार के समीप गुरुवार को राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। मौके पर उन्होंने विस उपचुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो की जीत होंगी। इस दौरान महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो ने भी लोगों से समर्थन मांगा। मौके पर झारखंड प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचु, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, सच्चिदानंद चौधरी आदि मौजूद थे।

## कृषि कर के विरोध में दूसरे दिन भी दिखा व्यापक असर

# दुकानों के नहीं खुले शटर

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ**
कृषि कानून के विरोध में लगातार दूसरे दिन रामगढ़ जिले के खाद्यान्न व्यवसायियों ने अपने अपने प्रतिष्ठानों को पूर्ण रूप से बंद रखा। व्यवसायियों ने रामगढ़ जिले के बड़कीपोना, चितरपुर, गोला एवं अन्य जगहों पर जाकर खुदरा व्यवसायियों से मिलकर बंद का पूर्ण समर्थन किया एवं आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया। मौके पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि आम जनता और किसानों के हित में जल्द से जल्द इस काला कानून राज्य सरकार को वापस लेना चाहिए। नहीं तो पूरे राज्य में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच जाएगी। रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के बाजार समिति के सब कमेटी



के चेयरमैन विनय अग्रवाल ने कहा कि यहां के आदिवासियों और किसानों के हितों को देखते हुए जल्द से जल्द राज्य सरकार को यह कानून वापस लेना चाहिए। व्यवसायियों ने रामगढ़ के विभिन्न जिओ मार्ट दुकानों को इस बंदी में बंद रखने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जानकी महतो, सांवरमल अग्रवाल, मांगीलाल गुप्ता, संजय गोयल, अमर गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, छोटू राय, पटेल राय, संतोष कुमार, जवाहर गुप्ता, रोशन अग्रवाल, कमल मित्तल, नीतीश कुमार, प्रफुल्ल कुमार, तेजपाल महतो, भोलू अग्रवाल सहित सैकड़ों व्यवसायी मौजूद थे।

## रामगढ़ विस उपचुनाव में मतदान तक एग्जिट पोल पर रोक

**रामगढ़।** झारखंड में रामगढ़ विधानसभा सीट पर 27 फरवरी को उपचुनाव के लिए मतदान है। इस तारीख तक अब किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल पर रोक लगा दी गयी है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इसकी अधिसूचना पहले ही जारी कर दी गयी थी। इस दौरान कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह से मतदान का सर्वेक्षण नहीं करेगा। न ही ऐसे किसी सर्वे के परिणाम का इस अवधि के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन किया जायेगा। किसी भी सर्वे का किसी भी रूप में किसी भी मीडियम से प्रचार-प्रसार नहीं करने की हिदायत निर्वाचन आयोग की ओर से दी गयी है। झारखंड के 23-रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा पहले ही हो चुकी है।

## कांग्रेसियों ने किया डोर टू डोर जनसंपर्क



**रामगढ़।** रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलराम साहू के नेतृत्व में 16 फरवरी को शहर के वार्ड नंबर 5 में महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान वार्ड के बंगाली टोला, शिबू कॉलोनी, स्टाफ क्वार्टर, नेहरू रोड, सेठ मोहल्ला में जनसंपर्क अभियान चलाकर महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में वोट की अपील की गई। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि बजरंग महतो को आप सभी समर्थन देकर विजय बनाएं विधानसभा क्षेत्र के अधूरे कार्यों को पूरा किया जाएगा। जनसंपर्क में संजीव खंडेलवाल, अनिल मुंडा, रोहित कुमार, जेके अग्रवाल, गगन करमाली, अनुराग कुमार, दानिश कुरैशी, सोनू सिंह, अजय बावला, संजय वर्मा, मोहम्मद हुसैन, मनीष पासवान, नकुल मेहता, राजा करमाली, टिंकू खान, आजाद सिंह सहित अन्य शामिल हुए।

## शालिनी प्रिया ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के पोटमदगा पंचायत के बोंगई पांचा क्षेत्र में गुरुवार को महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में पूर्व विधायक ममता देवी की गोतनी शालिनी प्रिया ने जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर उन्होंने लोगों से अपील किया की 27 फरवरी को होनेवाले उपचुनाव में क्रम संख्या एक में हाथ छाप पर मुहर लगाकर महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो को भारी मतों से विजय बनाएं। साथ उन्होंने कहा पूरे क्षेत्र में महागठबंधन प्रत्याशी को लोगों का समर्थन मिल रहा है, इसलिए जीत महागठबंधन प्रत्याशी की होगी। मौके पर प्यारी मुंडा, भोला गंझू, छोटू गंझू, प्रदीप भोक्ता, खेदन मुंडा, सुनील मुंडा, दीपक मुंडा, कृष्ण मुंडा, दिलीप मुंडा, मोहित पटेल आदि मौजूद थे।

## दो दिन चला हाई वोल्टेज ड्रामा

# प्रेमी को भेजा गया जेल

बरही। वैलेंटाइन डे के मौके पर प्रेमी को ग्रामीणों के द्वारा दिया गया प्रेमिका के साथ जबरन शादी की सौगात अच्छी नहीं लगी। सामाजिक कार्यकर्ताओ और पुलिस के लाख समझाने के बाबजूद बरकट्ठा कोल्हुआकुदूर का प्रेमी पिंटू कुमार यादव ने प्रेमिका पूनम को अपनाने से इंकार कर दिया। धोखे से बुलाकर जबरन शादी करवाने और इसके पूर्व लड़की से एक बार भी नहीं मिलने की बात बार बार दुहराता रहा। उसने एक ही रट लगा रखी थी कि वह इस शादी को कतई स्वीकार नहीं करेगा। लड़के के परिजनों ने भी बिना अभिभावक या प्रशासन की उपस्थिति में मारपीट कर जबरदस्ती शादी करवाने वालो पर न्यायोचित कारवाई करने का मांग किया है। इसे लेकर दोनो ओर से समाजसेवियों और राजनीतिज्ञों का पुलिस प्रशासन पर भी दबाव बनाए जाने की खबर मिली है। इसी हाई लो वोल्टेज ड्रामा के बीच गुरुवार को आखिरकार पुलिस ने प्रेमी को जेल भेज ही दिया है। जबकि लड़की अपने मायके में सुरक्षित है । जबरदस्ती शादी के बारे में पूछे जाने पर इंस्पेक्टर ललित कुमार ने बताया कि अब तक किसी ने भी लिखित शिकायत नही किया है। आवेदन आने पर उचित करवाई की जायेगी। मिली जानकारी के अनुसार लड़के के परिजनों ने एसपी हजारीबाग को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है ।

# महाशिवरात्रि कल, तैयारी पूरी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
महाशिवरात्रि को लेकर कैथा प्राचीन शिव मंदिर में मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश महतो की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया है आगामी 18 फरवरी को कैथा प्राचीन शिव मंदिर में उत्साह पूर्वक महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर भक्तिमय जागरण,खीर और खिचडी महाभोग का वितरण, रात्रि पहर में हरि कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर की साज सज्जा की गई है। मंदिर समिति द्वारा आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। बैठक में मुख्य रूप से सचिव राजकुमार महतो, कोषाध्यक्ष देवधारी महतो, मुख्य पुजारी, समीर बनर्जी, उपाध्यक्ष रतन राम,डिया महतो, मनोज कुमार, अमित दास, सहसचिव अजय आस्था, परितोष चटर्जी, खेमलाल महतो, छोटे लाल महतो,अजय यादव आदि उपस्थित थे।

## मध्य विद्यालय में छात्रों के बीच कीट का वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय बरकट्ठा में 1 से लेकर 8 वीं कक्षा तक के कुल 888 छात्र छात्राओं बीच स्कूल किट एवं नोटबुक का वितरण किया गया। वितरण समारोह के मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव ने कहा कि सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए हर सुविधा उपलब्ध करा रही है। बच्चों को भी चाहिए कि शिक्षा ग्रहण कर अपने लक्ष्य की प्राप्ति करें। मौके पर वार्ड सदस्य बंशी यादव, प्रधानाध्यापक रामकिशुन महतो, अध्यक्ष विनोद साव, शिक्षा प्रेमी शंभू यादव, विजय यादव,शिक्षिका सावित्री देवी, मनीषा देवी, शबाना शीरीं, शिक्षक बालदेव मंडल, सहदेव मंडल, त्रिलोकी साव, इंदु देवी, इंद्र साव, प्रकाश तुरी इंद्रदेव साव, राघवेन्द्र लाल, विजय कुमार, धानेश्वर साव, हरिहर दास समेत आदि लोग उपस्थित थे।

# कोडरमा : संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा ने निकाला प्रतिवाद मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा कोडरमा के तत्वावधान में कला मंदिर झुमरी तिलैया से प्रतिवाद मार्च निकाला गया। जुलूस विभिन्न मार्ग होते हुए पूर्णिमा टॉकीज झुमरीतिलैया पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। मार्च का नेतृत्व किसान संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक उदय द्विवेदी, सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक, सीपीएम जिला सचिव असीम सरकार, बहुजन समाज पार्टी के जिला




अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर, आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दामोदर यादव, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के जिला उपाध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद कर रहे थे। सभा की अध्यक्षता सीपीएम के जिला सचिव असीम सरकार ने किया। वक्ताओं ने कहा कि देश को बचाने के लिए सभी विपक्षी पार्टियों को एकजुट होकर 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करना होगा। इस दौरान जिप सदस्य महादेव राम, सीपीएम केंद्रीय कमेटी सदस्य संजय पासवान, महेश प्रसाद सिंह, समीम खान, पूर्व प्रमुख वीरेंद्र यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव कयूम उद्दीन आदि मौजूद थे।

## आराधना

## बरकट्ठा में तीन दिवसीय श्रीश्री शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा क्षेत्र

### 551 कलशों के साथ महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के चेचकपी में पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता के नेतृत्व में पौराणिक शिवालय का जीर्णोद्धार कर तीन दिवसीय श्री श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ गुरुवार से शुरू किया गया । यज्ञ शुरू होने के पूर्व 551 महिला और लड़कियों ने जलयात्रा के लिए कलश पात्र उठाया। कलशधारियों को विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया रीता देवी पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता ने कलश पात्र देकर जलयात्रा के लिए रवाना किया। जलयात्रा चेचकपी, लारहो गांव का भ्रमण करते हुए उत्तावाहिनी नदी पहुंचा। जलयात्रा



में शामिल श्रद्धालुओं के हर हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।वहीं उत्तरवाहिनी नदी में गायत्री परिवार के पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार और सनातन विधि से कलशपात्र में जल भरवाया। कलश में जल के साथ जलयात्रा पुनः भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप पहुंचकर कलशधारियों ने कलश पात्र को स्थापित किया। कलश स्थापना के साथ यज्ञ को लेकर पूजा आराधना शुरू हो गया। जलयात्रा में विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया रीता देवी, पूर्व प्रमुख अर्जुन प्रसाद, पूर्व मुखिया रीता सिंह, गुड्डी देवी, वीरेंद्र शर्मा, टिंकू कुमार, रीतलाल प्रसाद, वीरेंद्र मेहता, ललित किशोर मेहता, डेगलाल साव, भुवनेश्वर सिंह, प्रताप सिंह समेत आदि श्रद्धालु शामिल थे।

## चालू सत्र से ही लिए जायेंगे नामांकन : प्राचार्य

# आरएनवाईएम कॉलेज को बीसीए और बीबीए कोर्स करवाने की मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही ने अपनी सफलता में एक और नया आयाम जोड़ने का काम किया है। इसी चालू सत्र से महाविद्यालय में बीसीए और बीबीए की पढ़ाई प्रारंभ हो जायेगी। जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ विमल किशोर ने बताया कि इसके लिए विनोबा भावे विवि. की टीम मवि. का निरीक्षण कर चुकी है । निरिक्षणोंपरांत विवि. ने दोनों कोर्स करवाने की स्वीकृति प्रदान किया है। इन दोनो कोर्स से यहां के विद्यार्थियो विशेषकर छात्राओं को विशेष लाभ मिलेंगे। उन्हे अब बाहर नहीं जाना होगा। मवि. में इसके लिए पर्याप्त संशाधन




उपलब्ध है। इसके लिए विधिवत नामांकन प्रक्रिया की घोषणा की जायेगी। सीट के बाबत उन्होंने अभी तक निश्चित संख्या नही बताया है । विदित हो कि यह महाविद्यालय को विनोबा भावे विद्यालय से संबंधता प्राप्त है जो यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त है। इस दोनो पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु स्वीकृति देने के लिए प्राचार्य ने विश्वविद्यालय के कुलपति धन्यवाद देते हुए पूरे महाविद्यालय परिवार के सदस्यो को बधाई दिया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### महाशिवरात्रि को लेकर हुई बैठक

**बानो।** शिवरात्रि पूजा को लेकर केतुंगाधाम के मंदिर न्यास समिति की बैठक सुकरा केरकेट्टा की अध्यक्षता में हुई। बैठक मेला संचालन, पूजा कार्यक्रम के संचालन के विधि-व्यवस्था पर चर्चा की गई। न्यास समिति के सदस्यों के कार्य भार सौंपा गया। केतुंगाधाम में आयोजित कार्यक्रम के तहत 17 फरवरी को अधिवास, कलश यात्रा। 18 फरवरी अखंड हरि कीर्तन व यज्ञ आरम्भ। पूजा आरंभ, दिन में शिशु विद्या मन्दिर के बच्चों द्वारा कार्यक्रम, शिव बारात व रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम। वहीं 19फरवरी को पूणार्हुति के साथ प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बैठक में बंधनू केरकेट्टा, दिलीप पण्डा, श्याम सुंदर सोनी, राजेद बड़ाईक, सुरेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### एमवीआई ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**कोलेबिरा।** जिला के कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत लचरागढ़ पंचायत के लचरागढ़-बरसलोया मुख्य पथ में एमवीआई गोपीनाथ डे के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें ऑटो, फोर व्हीलर, ट्रक, डंफर एवं बरसलोया रोड आने जाने वाले वाहनों के कागजातों की सघनता पूर्वक जांच की गई। जांच के क्रम में जिन वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उनसे जुमार्ना वसूला गया। वहीं जो जुमार्ना भरने में सक्षम नहीं थे उन्हें सीजर काट कर दे दिया गया। मौके पर एमवीआई ने सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों को मानते हुए वाहन चलाने के प्रति जागरूक किया।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 शिक्षकों ने लिया भाग

**बानो।** मॉडल विद्यालय बानो में एफएलएन प्रशिक्षण का पांचवा बैच का समापन गुरुवार को हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 50 शिक्षकों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से 3:00 से 9:00 उम्र के बच्चों के वर्ग 1 से तीसरी कक्षा तक के बच्चों को पढ़ाने का कौशल विकसित करना था। इसके तहत निपुण भारत सामाजिक भावनात्मक विकास जेंडर इक्वलिटी हिंदी, अंग्रेजी व संख्या ज्ञान पर आधारित गतिविधि बतलाया गया। शिक्षक हस्त पुस्तिका के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। इस हस्त पुस्तिका में दिए गए पाठ योजना को कैसे कार्यान्वित किया जाए। इस पर मुख्य रूप से जानकारी दिया गया। साथ ही आकलन, अवलोकन और इसके दस्तावेजीकरण के बारे विशेष रूप से बताया गया। प्रशिक्षक के रूप में मुख्य रूप से केदारनाथ सिंह, ओमप्रकाश ओहदार व संध्या सिंह शामिल थे।

### निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर कल

**लोहरदगा।** लोहरदगा के कोर्ट रोड स्थित गौतम नर्सिंग होम में कल निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर लगाया जा रहा है। यह स्वास्थ्य शिविर नारायणा हॉस्पिटल, गुरूग्राम एवं गौतम नर्सिंग होम लोहरदगा के सौजन्य से लगाया जा रहा है। जिसमें सीनियर हार्ट सर्जन डॉ. विकास कुमार केशरी सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तल मरीजो का इलाज करेंगे। वही हृदय रोगों से जुड़े सभी प्रश्नों के सही उत्तर भी देंगे। चिकित्सक ने बताया कि हृदय रोग के मुख्य लक्षण में सांस फूलना, छाती में दर्द,पैरों में सूजन होना, धड़कन तेज चलना/घबराहट होना, शरीर का नीला होना, बच्चों को बार बार सर्दी जुकाम होना है। जिसके लिए अलग अलग मरीजो के लिए अलग अलग इलाज किया जाता है। कुछ मरीजो के लिए दिल का बाईपास ऑपरेशन, बच्चों के दिल के छेद का ऑपरेशन, वाल्व सर्जरी एवं एओर्टिक ऑपरेशन, छोटे चीरे से हार्ट का ऑपरेशन व अन्य किसी भी प्रकार के हार्ट ऑपरेशन होते हैं।

# लोहरदगा में दूसरे दिन भी खाद्यान प्रतिष्ठान रहे बंद

### व्यापारियों ने कहा, जबतक कृषि कानून वापस नहीं, प्रतिष्ठान नहीं खोलेंगे



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
खद्यान व्यापार के अनिश्चितकालीन बंद के दूसरे दिन भी जिला के नगर क्षेत्र के साथ साथ सभी प्रखंड भी स्वतःस्फूर्त बंद रहा। इस बंद को व्यापारियों का अपार समर्थन मिल रहा है। वहीं इस अनिश्चितकालीन बंद ने व्यापारियों की अटूट एकजुटता की कहानी बतला रही है। व्यापारियों के द्वारा यह शपथ लेना कि जबतक कृषि कानून वापस नहीं, प्रतिष्ठान नहीं खोलेंगे। इनकी त्याग और दृढ़निश्चयी होने का अटूट प्रमाण है। वही कृषि मंत्री बादल पत्रलेख द्वारा यह भ्रामक बयान देना कि केंद्र सरकार का आदेश का पालन मात्र के कारण कृषि उपज विधेयक लाना पड़ा, बिल्कुल आम जनता व व्यापारियों को बरगलाने वाली बयान है। यदि राज्य सरकार की ऐसी कोई मजबूरी होती तो उत्तर प्रदेश सरकार इस कानून को वापस नहीं लेती तथा बिहार सरकार भी इसे लागू आवश्य करता। देश के ऐसे कई राज्य है जहां पर इस कानून को या तो लागू नही किया गया है या फिर शिथिल कर दिया गया है। अतः झारखंड सरकार को यह समझना चाहिए हम व्यापारी बेवकूफ नहीं है। अब का व्यापार पढ़े लिखे, उच्च शिक्षित लोगो के द्वारा किया जाने लगा है। अतः हम व्यापारियों की मनःस्थिति को समझते हुए कृषि उयोज काले कानून को अविलम्ब वापस ले। बंद को सफल बनाने हेतु चैम्बर के पूर्वाध्यक्ष अभय अग्रवाल, वरीय उपाध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल, कार्यकरिणी सदस्य चन्दन गोयल, पीयूष केशरी, सदस्य मनीष कुमार गुड्डु, आशीष कुमार मित्तल, भोला अग्रवाल, गुणा साहू, भोला कुमार, राहुल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, फैज मोहम्मद, ओम साहू, कुलदीप कुमार, रवि अग्रवाल, रितेश दत्ता, रिंकू अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, संजय गुप्ता, मंटू अग्रवाल समेत अनेक सदस्यों द्वारा सक्रिय भूमिका निभाया।

# दूसरे दिन भी बंद रही कुरडेग की दुकानें

**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**
झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विधेयक 2022 के विरोध में कुरडेग ब्यापरी संध ने गल्ला किराना की दुकान को अनिश्चितकाल के लिए बन्द कर दिया। गुरूवार को चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल एवं सदस्यों ने कुरडेग पहुंचकर बन्द को सफल बनाने की अपील दुकान्दारों से की जिससे दुकान्दारों ने सहमति जताते हुए अपने प्रतिष्ठान बंद कर, बंद का समर्थन किया। चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार के इस काले कानून को व्यवसायी किसी भी हाल में नहीं मानेंगे इस कानून से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ेगा सरकार जब तक इस टैक्स को वापस नही लेती है,हमारा आन्दोलन जारी रहेगा। मौके पर कुरडेग व्यापारी संध के अध्यक्ष जगदीश जयसवाल, सचिव सुहैल अख्तर, उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सिमडेगा जिले में धड़ल्ले से बिक रहा मादक पदार्थ

# नशे की गिरफ्त में जा रहा बचपन

### सिगरेट और पान मसाला की आड़ में बिक रहे अवैध मादक पदार्थ





**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जिले में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। प्रशासन द्वारा सिर्फ छोटी-छोटी कार्यवाही कर खानापूर्ति की गई है। बड़ी कार्रवाई नहीं होने के कारण नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री पर आज तक विराम नहीं लगा है। ज्ञात हो कि जिले में मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों के हौसले इतने बुलंद हैं कि कुछ न बिगाड़ पाने की धौंस तक दे देते हैं। गांव या शहर के लोग इनका विरोध नहीं कर पाते। क्योंकि खासकर ये लोग आदतन अपराधी या बड़ी पहुंच वाले होते हैं। इससे शहर एवं गांवों का माहौल दिन ब दिन खराब होते जा रहा है।जिले में इनदिनों खुले रूप से गांव-गांव में गाँजा एवं नशीली टैबलेट बेच रहे हैं। जिससे गांव-गांव में लोग गाँजा एवं अन्य नशीली पदार्थों के आदी हो रहे हैं। यहां तक की बच्चों को भी इनकी लत लग रही है। यह सब देखते हुए भी पुलिस द्वारा इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिनके चलते इन लोगों का कारोबार जोरों पर है। जिले में सार्वजनिक स्थानों पर पान-मसाला की बिक्री पर रोक पर आदेश तो बे-असर है ही अब पान मसाले की आड़ में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री का भी चलन जोरो से चल रहा है। जहां लोगों को धूम्रपान व तंबाकू न खाने के लिए जागरूक किया जाता है वहीं परिसर के चारों तरफ पान-मसाला और सिगरेट की दुकानें सजी दुकानों में अवैध मादक पदार्थ की बिक्री चोरी-छिपे चल रही है। इन दुकानों को हटवाने के लिए कई बार मांग की गई, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

#### शहर में खुलेआम बिक रही हैं नशीली दवाइयां

शहर के आधा दर्जन जगहों पर मादक पदार्थों के खुलेआम बिक्री होने से युवा पीढ़ी इसके सेवन की अभ्यस्त हो रही है। वही युवाओं में बढ़ रहे मादक पदार्थ के सेवन से सामाजिक बुराइयां फैलने की उम्मीद है। जबकि मादक पदार्थों के सेवन करने से आए दिन छोटी-छोटी अपराधिक घटनाएं भी बढ़ रही हैं। शहर के हृदय स्थली महावीर चौक, बस स्टैंड, सलडेगा, प्रिंस चौक, गुलजार गली, झूलन सिंह चौक, आदि जगहों में आज भी खुलेआम मादक पदार्थों एवं नशीली दवाइयों की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। जिससे स्थानीय पुलिस पूरी तरह अनभिज्ञ रह रही है। मादक पदार्थों के सेवन में युवा इतने तल्लीन हैं कि चाय दुकान, सरकारी इमारत, नदी इलाकों के बंधे, सुनसान जगहों, स्कूल, बगीचे में इसके सेवन करते पाए जाते हैं। बावजूद पुलिस इनसे जुड़े कारोबारियों और लोगों पर कार्रवाई करने से कतराती है। वही युवाओं के साथ मासूम भी मादक पदार्थों के सेवन के साथ-साथ नशीली दवाइयां जैसे, नींद की गोलियां, मूव, बाम, सुलेशन, टैबलेट समेत कई तरह के इंजेक्शन का भी सहारा ले रहे हैं जो शहर के मेडिकल हॉल पर खुलेआम बेची जा रही है। हालांकि पुलिस इसको लेकर कार्रवाई तो करती है। लेकिन इसके बड़े कारोबारी उस पुलिसिया कार्रवाई से बच निकलते हैं।

# 6 टीबी मरीजों के बीच पोषण कीट का वितरण




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा सदर अस्पताल स्थित यक्ष्मा कार्यालय में गुरुवार को दोपहर में कार्यक्रम आयोजित करते हुए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनभागीदारी के तहत 6 टीबी मरीजों के बीच पोषण कीट का वितरण किया मौके पर मुख्य रुप से जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ पदम प्रकाश शाह मौजूद रहे। इस दौरान टीबी के मरीजों को गोद लिए एसडीओ ऑफिस के ब्रह्मदेव खेरवार, समाजसेवी ओमप्रकाश अग्रवाल, समाजसेवी जॉनसन मिंज,पत्रकार विकास साहू के द्वारा मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया। बताया गया कि किट में आटा 3 किलो,चना दाल डेढ़ किलो,सरसो तेल 250ग्राम,अमूल दूध पाउडर 1 किलो शामिल है। इस दौरान बारी-बारी से बुलाकर मरीजों के बीच उक्त कीट को दी गई जानकारी देते हुए जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा 2025 तक पूरे भारत को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया है और उसी उद्देश्य के साथ अब तक विभागीय स्तर पर लोगों को पोषण कीट उपलब्ध कराए जाते थे। लेकिन जिले में जन भागीदारी जन सहयोग के माध्यम से अब यह काम शुरू हुआ है। यहां पर समाज के राजनीति दल सामाजिक कार्यकर्ता प्रशासनिक अधिकारी सहित स्वास्थ्य कर्मी आगे आकर निक्षय मित्र के रुप में टीबी मरीजों के बीच पोषण किट उपलब्ध करा रहे ताकि सिमडेगा जिला जल्द टीवी मुक्त जिला बन सके। उन्हें समाज के सभी लोगों को आगे आकर इस पहल में सहयोग करने की बात कही ताकि जल्द भारत को टीबी मुक्त बनाया जा सके। वही पोषण कीट पाकर मरीजों ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया तथा मरीजों को समय पर दवा का सेवन एवं पौष्टिक आहार लेने के लिए अपील की गई। मौके पर संतोष पंडा, मनोज झा, अभिषेक, सोनू, सहित कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का समापन

# वर्षा जल संचयन ही जल संकट का समाधान : बीडीओ पवन



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
प्रखंड सभागार में एनआरएम विषय पर दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हुआ। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने जल संकट से निबटने के लिए वर्षा जल का संचयन, संरक्षित करने के लिए मनरेगा अंतर्गत जलछाजन आधारित योजनाओं का चयन कर क्रियान्वयन करने की बात कही। मौके पर प्रशिक्षकों के द्वारा मनरेगा योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई वंही प्रशिक्षुओं को ग्राम बक्सी स्थित पहाड़ के किनारे कई तरह के योजना के बारे में प्रयोग कर बताया गया। मौके पर प्रशिक्षक जिला समन्वयक प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कौशल कुमार मिश्रा, जिला विशेषज्ञ भौगोलिक सूचना प्रणाली सुधांशू मोहन पात्रा,मनरेगा योजना प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मृणाल प्रकाश, मुखीया, विरेन्द्र महली, पंचायत सचिव सुहैल अहमद, गुहा उरांव, आई दुर्गा बच्चन कुजूर, जई रोशन उरांव, रोजगार सेवक नन्दा भगत, पंचम पहान मौजूद थे।

# शिक्षक-शिक्षिकाओं को मिला प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड कार्यालय स्थित रिसोर्स भवन में प्रखंड क्षेत्र में संचालित सरकारी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का तीसरे चरण का प्रशिक्षण समापन हुआ। प्रशिक्षण समापन सत्र के दौरान प्रशिक्षक अवधेश कुमार यादव ने कहा की प्रशिक्षण में अपनी समझ को निखारते हुए बच्चों के साथ मुलभूत, साक्षरता एवं संख्याज्ञान को व्यवहारिक जीवन मे अपनाते हुए लक्ष्य को पूरा करना है। और बच्चों का भविष्य निर्माण में शनैः शनैः योगदान देने की आवश्यकता है। वही मौके पर मौजूद राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक गणेश लाल ने कहा कि हम यह चार दिवसीय बहुमूल्य प्रशिक्षण प्राप्त कर जा रहे हैं। इस दक्षता को हम सभी शिक्षक शिक्षिका विद्यालय स्तर पर निष्ठा पूर्वक लग्न और मेहनत से बच्चों का जीवन को संवारने का प्रयास करेंगे जिसे विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्रों का सफल भविष्य का निर्माण हो सके साथ ही कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का स्नेह प्रेम से यह माहौल घर परिवार जैसा बन गया जिसे बिछुड़ने के लिये हृदय अस्वीकार्य कर रहा है। शिक्षक संतोष कुमार द्वारा सफलता पूर्वक प्रशिक्षण देने के लिये प्रशिक्षक को शिक्षक-शिक्षिकाओं की ओर से धन्यवाद दिया गया।

मौके पर प्रशिक्षक अवधेश कुमार यादव के अलावे गणेश लाल, सूर्यकांत भगत पुष्पा बाखला, शिक्षक मनजीत लाल यादव, निकहत नाज, मुमताज बेगम, अफसाना बेगम, कुसुम कुमारी, मनीता कुमारी, अर्चना देवी सहित सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा थाना क्षेत्र में नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी युवक को डोका ग्राम से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने बताया कि नाबालिक के परिजनों ने आवेदन देते हुए घटित घटना से अवगत कराया और एक नामजद डोका निवासी स्वर्गीय बालमुकुंद उराँव के 25 वर्षीय पुत्र अमित उराँव के विरुद्ध कारवाई हेतु गुहार लगाया था। पीड़ित परिवार के आवेदन को संज्ञान में लेते हुए कांड संख्या 24/23 दर्ज कर धारा 376 आईपीसी एवं पोक्सो एक्ट 6 के तहत पुलिस कारवाई किया गया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित कर टेक्नोलॉजी सेल के माध्यम से पुलिस द्वारा छापेमारी कर डोका ग्राम से सूचना के दो घंटा के उपरांत आरोपी अमित उरांव को गिरफ्तार कर नियम संगत कारवाई करते हुए मेडिकल जांचोपरांत जेल भेजा गया। गठित छापेमारी टीम में पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान स0अ0नि0 श्रीकांत दस सहित शस्त्र बल शामिल थे।

# ग्रामीणों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का की अगुवाई में ठेठईटांगर -बोलबा-किनकेल सड़क चौड़ीकरण प्रभावित ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल मुआवजा की मांग को लेकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने अविलंब मुआवजा भुगतान की मांग करते हुए आवेदन दिया। बताते चलें कि ठेठईटांगर-बोलबा-किनकेल सड़क चौड़ीकरण का कार्य वर्ष 2017 ई. में ही किया गया है। जिसमें सड़क के दोनों किनारों ग्रामीणों की काफी जमीन अधिग्रहित किया गया है जिसका मुआवजा अभी तक नहीं मिला। इसके संबंध में संबंधित विभाग में कई बार ग्रामीण आवेदन दे चुके हैं लेकिन सुनवाई नहीं हुई। पिछले दिनों ग्रामीणों ने बैठक कर इसकी शिकायत ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का के पास की तत्पश्चात आज जिप सदस्य की अगुवाई में ग्रामीणों की प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर आवेदन दिए हैं। मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि इतने दिनों तक ग्रामीणों को मुआवजा नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है।

**विकास** | सीएनसी ऑपरेटर व तकनीशियन के प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थियों को मोबिलाइज करने का निदेश

# स्वीमिंग पूल के लिए प्रस्ताव जल्द तैयार करें

### डेयरी प्लांट स्थापित करने के लिए उत्पादक समूह बनाये जाने का निदेश




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला में शुरू हो चुकी कुछ प्रमुख योजनाओं की समीक्षा हुई। बैठक में दोना पत्तल उत्पादन केंद्र में विद्युत कनेक्शन के लिए आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। औद्योगिक सिलाई केंद्र किस्को में जेएसएलपीएस की महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा किये जा रहे उत्पादन संबंधी समीक्षा कर भविष्य की कार्ययोजना बनाये जाने का निदेश उप विकास आयुक्त, लोहरदगा को दिया गया। बांस हस्तशिल्प उद्योग केंद्र में उत्पादन प्रारंभ कराने हेतु आवश्यक निदेश डीपीएम, जेएसएलपीएस को दिये गये। कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा के संबद्धता हेतु आवश्यक निदेश जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी को दिये गये। निर्देश दिया गया कि सभी प्रखंडों में भी कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ किये जाएं ताकि उस प्रखंड के छात्र-छात्राओं को सुविधा मिल सके। ब्राम्बे, रांची स्थित आईएचएम में होटल मैनेजमेंट अंतर्गत चयनित कोर्स में नये सत्र के विद्यार्थियों के चयन हेतु रजिस्ट्रेशन संबंधी प्रक्रिया प्रारंभ कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश जिला योजना पदाधिकारी को दिया गया। सीएनसी ऑपरेटर व तकनीशियन के प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों को मोबिलाइज करने का निदेश दिया गया।

जिला में सेन्हा और पेशरार प्रखंड में ब्रिकेटिंग प्लांट स्थापित किये जाने हेतु उपयुक्त स्थल का चयन प्रखंड विकास पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर पूर्ण किये जाने का निदेश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही तिसिया स्थित ब्रिकेटिंग प्लांट से संबंधित आवश्यक निदेश दिये गये। डेयरी व इसके उत्पाद संबंधी प्लांट स्थापित करने के लिए 50 उत्पादकों का समूह बनाये जाने का निदेश जिला गव्य विकास पदाधिकारी को दिया गया। इसमें संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी पदेन अध्यक्ष होंगे। वहीं डेयरी टेक्निकल एक्सर्ट सदस्य होंगे।

जिला में स्विमिंग पूल के प्रोजेक्ट का प्रस्ताव जल्द तैयार कर विभाग भेजे जाने का प्रस्ताव जिला खेल पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में ऑयल प्रोसेसिंग यूनिट, मिलेट्स, झारखंड टूल रूम में प्रशिक्षण, डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस स्टाफ का प्रशिक्षण आदि योजनाओं पर चर्चा हुई व आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, डीपीएम जेएसएलपीएस, अतिरिक्त कार्य पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

#### डीसी-एसपी ने बाबा दुखनशाह के मजार पर की चादरपोशी



**लोहरदगा।** बाबा दुखनशाह के 98वें सालाना उर्स के मौके पर गुरुवार को डीसी बाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार, एसडीपीओ बीएन सिंह के साथ कई पुलिस पदाधिकारियो ने बाबा दुखनशाह के मजार पर चादरपोशी की। मौके पर अधिकारियों ने जिले के अमनो-अमान की दुआ मांगी। मौके पुलिस कर्मियों द्वारा मजार पर सलामी दी गई। इससे पूर्व सदर थाने से डीसी, एसपी व अंजुमन के पदाधिकारी चादर लेकर मजार पहुंचे व चादरपोशी की। मौके पर अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों द्वारा डीसी, एसपी व एसडीपीओ की पगड़ीपोशी की गई। अधिकारियों द्वारा चादर पोशी के पश्चात चादरपोशी का सिलसिला प्रारम्भ हो गया। अधिकारियों ने जिले के साथ-साथ राज्य और देश की उन्नति और शांति की दुआएं मांगी। लगातार दो दिनों तक बाबा दुक्खन शाह के मजार पर चादर पोशी की प्रक्रिया जारी रहेगी। उर्स में जिले के अलावे दूसरे राज्यों से भी बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचते हैं। वहीं उर्स के अवसर पर दो रात कवाली का भी आयोजन किया जाता है। मौके पर सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, अंजुमन के सदर हाजी अफसर कुरैशी, सेकेट्री सफदर आलम, नाजिम ए आला अब्दुल जब्बार उर्फ जबारुल, अफरोज आलम मुन्ना, असगर अंसारी, मो.सेराज समेत बड़ी संख्या में जायरीन मौजूद थे। मौके पर एसपी ने बाबा दुक्खन शाह के मजार पर चादरपोशी के पश्चात जिले में अमन-चैन और शांति की दुआ मांगने की बात कही। वही लोहरदगा डीसी ने बाबा दुक्खन शाह के मजार पर चादर पोशी के पश्चात जिले की उन्नति की कामना की। पुलिस प्रशासन के द्वारा बाबा दुक्खन शाह के मजार पर चादर पोस्ट के पश्चात सलामी देने का भी कार्य किया गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### बानो में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान

**बानो।** बृहस्पतिवार को बानो प्रखंड के उकौली पंचायत भवन में मुखिया कृपा मुंडा के सहयोग से पीरामल स्वास्थ्य के जिला प्रतिनिधि अभिषेक कुमार, राजेश सिन्हा और तरुण कुमार के द्वारा फाइलेरिया उन्नमूलन कार्यक्रम के तहत लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इनके द्वारा बताया गया की यह कार्यक्रम सिमडेगा जिले में 10 फरवरी से लेकर 25 फरवरी तक चलेगा जो जिले के फाइलेरिया चिन्हित प्रखंड ठेठईटांगर, बोलबा, कुरडेग, सिमडेगा शहरी,बानो में चलाया जायेगा। इस कार्यक्रम के तहत 2 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने का लक्ष्य है। यह दवा लोगों की शरीर की लंबाई के माप के द्वारा लोगों को दिया जा रहा है। बताया कि इस कार्यक्रम में गंभीर रूप से बीमार, गर्भवती महिला तथा 2 वर्ष से नीचे के बच्चे को नहीं देना है। फाइलेरिया से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी दिया गया।

### शिक्षक का निधन जताया शोक

**कुडू।** धोबी महासंघ के संरक्षक सह सिमडेगा जिले के बोलबा में राजकीय मध्य विद्यालय के शिक्षक कुडू धोबी टोला निवासी सरजू बैठा का गुरुवार को निधन हो गया, वह पिछले कई महीनों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे उनका इलाज रांची रिम्स में चल रहा था। कुडू के टिको नदी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ व भाजपा नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है। शोक व्यक्त करने वालो में सांसद सुदर्शन भगत, प्रखंड अध्यक्ष सुदामा प्रसाद, बरूण बैठा, संजय चौधरी, एबीडीएम के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश बैठा आदि शामिल है।

### सेन्हा में बीडीओ ने की समीक्षा बैठक

**सेन्हा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में सभी स्वीकृत योजना को प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही वितीय वर्ष 2023 - 2024 में मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्मय से 170 एकड़ भूमि में आम बागवानी का लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मनरेगा योजना में कार्यरत मजदूरों का आधार को बैंक खाता से लिंक कर अपडेट कराने का भी निर्देश दिया गया। पूर्व का संचालित सभी पूर्ण योजनाओं का भौतिक सत्यापन करने के लिये कहा गया।

# विहंगम योग के आचार्य धर्मचंद्रदेव की 104वीं जयंती पर वैदिक महायज्ञ

नवीन मेल संवाददाता

**छत्तरपुर।** सद्गुरु आचार्य धर्मचंद्रदेव जी महाराज की 104 वीं जन्म जयंती के मौके पर 18 फरवरी को 5100 कुंडीए विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमे सहायक समाहर्ता पलामू सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत छतरपुरव सहायक कलेक्टर विसपुते श्रीकांत यशवंत ,नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन जयसवाल ,को विश्व का अद्वितीय सदग्रंथ व मासिक पत्रिका विहंगम योग संदेश एवं सदाफल आरोग्य विज्ञान प्रदान किया। भारद्वाज ने बताया कि 17 वर्षों की कठोर साधना के बाद समाधि अवस्था में महर्षि सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज ने पूरे विश्व के जनमानस कल्याण लिए सद्गुरु आचार्य श्री धर्म चंद्रदेव जी महाराज ने पूरे विश्व के मानवता के लिए अनुपम उपहार दिया है । जिनकी अखिल भारतीय विहंगम योग संत



समाज के द्वारा महर्षि सदाफल देव आश्रम कटार डेहरीऑन सोन रोहतास बिहार में 104 वी जन्म जयंती 16 फरवरी से 18 फरवरी तक मनाया जा रहा है। प्रथम परंपरा



सद्गुरु आचार्य धर्मचंद्रदेव जी महाराज वैदिक वांग्मय, दर्शन, संत साहित्य के प्रकांड विद्वान थे। इनकी सशक्त लेखनी द्वारा अद्वितीय आध्यात्मिक सदग्रंथों की रचना की गई । वे सभी सदग्रंथ आचार्य श्री प्रथम का यशोगान करते प्रतीत होते हैं प्रचारक राजेश भारद्वाज ने आगे बताया कि विहंगम योग अपनी सशक्त साधना पद्धति के लिए जाना जाता है । यह एक ऐसी पद्धति है जो मात्र 10 मिनट के नियमित अभ्यास के द्वारा आपकी पूर्ण आत्मिक शक्ति को जागृत कर देती है। इतना ही नहीं इस विलक्षण पद्धति के अभ्यास हेतु आपको कोई असामान्य जीवन शैली अपनाने की भी आवश्यकता नहीं है।\
श्री भारद्वाज ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर अजय कुमार को भी स्वर्वेद एवं आमंत्रण पत्र प्रदान किया । डीएसपी ने विहंगम योग के क्रियात्मक साधना को भी सिखा 16 से 18 फरवरी तक आसन प्राणायाम के साथ संध्या 6:00 बजे से सद्गुरु उत्तराधिकारी सुपूज्य संत श्री विज्ञान देव जी महाराज की स्वर्वेद आधारित दिव्य वाणी( स्वर्वेद कथामृत ) एवं 18 फरवरी को अध्यात्म शिखर सद्गुरु आचार्य श्री स्वतंत्रदेव जी महाराज की रात्रि 8:00 बजे से अमृतवाणी भी होगी।

# जीएनएम व एनएचएम कर्मियों की हड़ताल से मरीजों को परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड सहित पूरे जिले के जीएनएम व एनएचएम कर्मियों के हड़ताल से जहां लोग काफी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। वहीं मेदिनीनगर प्रमंडलीय सदर अस्पताल में भी मरीजों को इलाज के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले कि 17 जनवरी से जीएनएम व एनएचएम कर्मी अनिश्चितकालिन हड़ताल पर चले गये हैं। हड़ताल में शामिल कर्मियों ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा सभी कर्मी को जब तक नियमित नहीं किया जायेगा तबतक हमलोग हड़ताल पर रहेंगे। वहीं कर्मियों ने कहा कि



हड़ताल का करीब एक महीने बीत चुका है। परंतु सरकार हमलोगों की बात को नहीं मान रही है। यदि इसी तरह सरकार हमलोगों की बात नहीं मानती है तो हमलोग निराश होकर उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे। इसके बाद आवश्यकता पड़ने पर ओपीडी के साथ-साथ ईमरजेंसी सेवा को भी बाधित करेंगे। बताते चले की सदर अस्पताल में ज्यादा परेशानी महिला वार्ड में हो रही है। वहां दो नर्सों के भरोसे वार्ड को चलाया जा रहा है। जिससे अस्पताल में महिला मरीजों में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। सदर अस्पताल में गुरुवार को छत्तरपुर का एक गरीब मरीज जिसके पास पैसा नहीं था। वह अपना एचआईवी टेस्ट कराने के लिए अस्पताल में इधर-उधर भटक रहा था। पूछे जाने पर मरीज छत्तरपुर निवासी संजय कुमार ने बताया कि वह अपना एचआईवी टेस्ट कराने के लिए असप्ताल में कई दिनों से चक्कर लगा रहा है। लेकिन अभी तक एचआईवी जांच नहीं हुआ। जिससे काफी परेशानी हो रही है। मौके पर चंचला कुमारी, रेशमी कुमारी, कुशुम शांगा, प्रिति कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस का कार्यकर्ता मिलन समारोह

**मांडर।** मांडर प्रखंड अंतर्गत फॉरेस्ट मैदान में युवा कार्यकर्ता मिलन समारोह में विभिन्न पार्टी के बहुत सारे युवा कार्यकताओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने पुष्प माला पहनाकर लोगो का स्वागत व अभिनन्दन किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बन्धु तिर्की ने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी पार्टी के रीढ़ होते हैं।मुझे इस मुकाम पर कार्यकर्ता और जनता का प्यार ही पंहुचाया है।मैंने सभी कार्यकर्ताओं को अपने परिवार का एक सदस्य समझ उनकी हर समस्या के समाधान के लिए हर समय तैयार रहता हूँ।मैं अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए कभी विधायक या मंत्री बनकर कोई कार्य नहीं किया करता हूँ मैं सभी भाई बहनों का सिर्फ बन्धु रहा हूँ और सदा उनके दुःख में बन्धु बनकर साथ देता रहूँगा।

# बैरिया बस स्टैंड की आधारशिला आज भी अधूरी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले की आयु 100 वर्षों से अधिक हो गयी है। इस जिले में नगर निगम की विकास की लहर चरम पर है। कई योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। यहां तक कि शहर के चौक-चौराहे को नया नाम और नया रूप दिया जा रहा है। ताकि शहर को विकास हो सके। इस जिले में शहर की आबादी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। लोग अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए छोटे-बड़े वाहन से शहर में खरीदारी करने आते हैं। शहर में अब नये शो रूम और मॉल खुल जाने के कारण यातायात की समस्या भी सामने आ रही है। वहीं जाम की समस्याओं के कारण शहर में अपने वाहन लेकर नहीं आना चाहते हैं। यातायात व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने के कारण एम्बुलेंस कभी-कभी जाम में फंस जाती है। शहर में यातायात की व्यवस्था व्यवस्थापित करने और जाम से निजात दिलाने के लिए बैरिया स्थित एक बस स्टैंड की आधारशिला रखी गयी थी। इस स्टैंड की आधी अधूरी निर्माण कार्य करने के बाद आधी राशि की निकासी भी कर लिया गया है। वहीं वर्तमान बस स्टैंड को स्थानांतरित करने की मांग कई संगठनों ने कई वर्ष पहले कर चुकी है। यहां तक की पूर्व नगर विकास मंत्री सीपी सिंह ने कई वर्ष पहले पलामू दौरे के क्रम में कहा था कि वर्तमान बस स्टैंड का स्थानांनतरण जल्द ही कर दिया जायेगा। इसके बावजूद बस स्टैंड का मामला कई वर्षों से लटका पड़ा है। वहीं 15 वर्षों से अपना दिन बहुरने का इंतजार कर रहा है।

# पलामू में मोची की हालत खराब, बैठने की भी जगह नहीं



ओम प्रकाश प्रजापति

**मेदिनीनगर।** जिंदगी का दर्द जानना है तो एक नजर अपने पलामू शहर की सड़कों पर देखा जा सकता है। जहां चिलचिलाती धूप, बारिश और ठंड के मौसम में भी जूते की मरम्मत करने वाले मिल जायेंगे। ऐसे कई लोग जख्मी जूते की मरम्मत कर अपना घर चलाते हैं। ऐसे में इन्हें जूते का डाक्टर भी कहा जा सकता है। स्थानीय छह मुहान पर इनकी बानगी देखते बनती है। मोचियों के द्वारा फटे जूते चप्पल की मरम्मत की जाती है। इन डॉक्टरों की सुध लेने वाला आज कोई नहीं है। शहर के तमाम चौक चौराहों के किनारे मोचियों के बैठने की कोई जगह नहीं है। ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन के साथ निगम को इन्हें बैठने के लिए जगह मुहैया कराना चाहिए। छहमुहान, विष्णु मंदिर, सहित नाली के ठीक उपर जहां मोची बैठते हैं वह दुर्घंध से खड़ा रहना मुश्किल है। वहां इतनी बदबू है कि एक मिनट खड़ा नहीं रहा जा सकता। वहां मोची बेबसी में पेट के लिए सुबह से शाम तक बैठे रहते हैं। जिला प्रशासन को चाहिए कि इन्हें बैठकर अपना धंधा करने के लिए कोई योजना बनाये।

### मांडर में डेढ़ क्विंटल चावल ले उड़े चोर

**मांडर।** मांडर गोदाम में आए ट्रकों से आए दिन चावल के बोरे की चोरी आम बात होती जा रही है।बुधवार को दो ट्रक चावल भारतीय खाद्य निगम डिपो नगड़ी से मांडर प्रखंड मुख्यालय परिसर पंहुचा साथ ही दो ट्रक गेंहू भी भारतीय खाद्य निगम चुटिया डिपो से संध्या पाँच बजे आया।रात्री में ट्रक चालक ट्रक में सो गये किन्तु सुबह होने पर ट्रक खल्र-01अञ/3931के चालक चिरी कुडू लोहरदगा निवासी तबरेज अंसारी ने फोन पर बताया कि सुबह सात बजे सो कर उठने पर उसने ट्रक के पीछे का तिरपाल हटा पाया और जमीन पर चावल गिरा देखा साथ ही मोटरसाइकिल के पहिये का निशान देखा।शक होने पर उसने ट्रक से तीन बोरा (डेढ़ क्विंटल )चावल गायब पाया।सूचना मिलते ही प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक राज्य खाद्य निगम मांडर रंजन ने वस्तु स्थिति की जाँच कर तीन बोरे चावल की चोरी होने की बाबत मांडर थाने में लिखित जानकारी दिया है।

# पलामू के कृषि उत्पादन में किसानों की भूमिका सराहनीय

**मेदिनीनगर।** हमारा पलामू एक कृषि प्रधान जिला है। जहां पर गांव कस्बे की ज्यादातर संख्या खेती पर ही निर्भर है। लोग अनाज उगा कर अपना जीवन यापन करते है। और पलामू के सभी लोग इस अनाज को खाकर जीवित रहते हैं। जब किसान अनाज उगाता है तब वह हमलोगों की थाली में आ जाता है। जो हमें विभिन्न प्रकार की भोजन की आवश्यकता होती वह किसान की उपलब्ध कराता है। जिससे हमें उर्जा मिलती है। जब भी हमे भूख लगती है। हमें भोजन की आवश्यकता होती है। और यह भोजन हमें किसान ही उपलब्ध कराते है। भोजन के कारण पलामू में भी दुनिया भर में एक कृषि अर्थ व्यवस्था के रूप में जानी जाती है। पलामू कृषि उत्पादन में मुख्य रूप से हमारे राष्ट्र के अर्थ व्यवस्था में अपना मूल योगदान देती है। इसके अलावा कृषि उत्पादों को विदेशो में भी निर्यात राष्ट्र की अर्थ व्यवस्था को मजबूत करता है। इस तरह से कहना गलत नहीं है कि हमारे पलामू सहित पूरे झारखंड की अर्थ व्यवस्था को बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाती है।

# नगर निगम बना नरक निगम : शैलेंद्र

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर के पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार शैलू ने नगर निगम में हुवे कार्यो का पोल खोलते हुए कहा कि नगर निगम क्षेत्र में जो कार्य हुआ है, उससे जनता संतुष्ट नहीं है। नगर निगम में निगम के कर्मियों द्वारा सिर्फ ठेकेदारी और दलाली की गई है। जो पुराने क्षेत्र के नगर निगम है, वहां आज भी गंदगी का अंबार और बरसात में नाली बजबजाने लगती है। नगर निगम क्षेत्र के कार्यों में ठेकेदारी के नाम पर प्राक्कलन घोटाला हुआ है। नाली निर्माण के नाम पर नाली का जीर्णोद्धार किया गया है। जिसमें हमीदगंज पानी प्लांट के बगल में पार्क जो जनउपयोगी नहीं है। चैनपुर में शौचालय उद्घाटन के पहले ही टूटने लगा है। चैनपुर के मुख्य मार्ग सड़क बनने के साथ ही टूट गया था, इसे दोबारा रिपेयर किया गया। चैनपुर से शाहपुर तक का सड़क जर्जर है एवं दिन भर धूल उड़ता रहता है। जिससे नगर निगम की स्थिति नरकीय बन गई है। अगर नगर निगम



क्षेत्र में हुए कार्यों का उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो नगर निगम के विकास का पोल खुल जाएगी। आगे बताते चलें कि नगर निगम में जो नए एरिया जुड़े हैं । नगर निगम द्वारा उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। वहां सफाई सप्ताह में 1 दिन या एक महीना में होता है। कुछ मुहल्ले ऐसे हैं जहां 5 साल में एक बार भी नाली आज तक सफाई नहीं किया गया है। निगम में जो नए क्षेत्र जुड़े हैं,उनसे टैक्स तो लिया जा रहा है। लेकिन जो सुविधाएं मिलनी चाहिए वह आज तक नही मिला। आज भी लोग स्वच्छ सप्लाई पानी के लिए तरसते रहते हैं। जबकि टैक्स सभी से बराबर लिया जा रहा है। आवास के नाम पर लोगों से 25 से 30,000 हजार तक लिया गया है, जोकि भ्रष्टाचार को दशार्ता है। शैलेंद्र कुमार शैलू ने लोगों से अपील की है कि इस बार मेयर जाति पाती व धर्म से ऊपर उठकर चुने, ताकि सतत विकास हो सके। विकास के नाम पर ढोल ना पीटा जाए।

**लापरवाही** प्रमंडलीय सदर अस्पताल में बर्न वार्ड नहीं

# पलामू में मरीजों को हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय सदर अस्पताल मेदिनीनगर में प्रमंडल के विभिन्न जिलों से प्रतिदिन सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। जिसमें काफी संख्या में विभिन्न कारणों से आग में जले मरीज भी अस्पताल में पहुंचते है। यहां मरीजों के लिए अलग से बर्न वार्ड नहीं होने के कारण उन्हें अन्य मरीजों के साथ ही रहना पड़ता है। जिसके कारण ऐसे मरीजों में संक्रमण का खतरा हमेशा बना रहता है। जले हुए मरीजों के इलाज में मुख्य समस्या संक्रमण की होती है। सही इलाज होने के बावजूद संक्रमण का खतरा जले हुए मरीजों के लिए जानलेवा बन सकता है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग या फिर जनप्रतिनिधि सदर अस्पताल में बर्न वार्ड अलग से बनाने की दिशा में काम करने के प्रति सुस्त बने हुवे हैं। यह सुस्ती और लापरवाही मरीजों के जान पर आफत बन रहा है। जबकि अस्पताल परिसर में बना बर्न वार्ड नाम का ही है और यहां किसी भी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

**संक्रमण का रहता है खतरा :** 40 से




50 फीसदी व उससे अधिक जले हुए मरीजों में रोग से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है। जिसके कारण संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इस स्थिति में विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता होती है लेकिन सदर अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। जिससे मरीज के परिजन जान बचाने के लिए निजी नर्सिंग होम में मरीजों को भर्ती कराते हैं। ऐसे मरीजों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस विशेष वार्ड की आवश्यकता होती है। वार्ड ऐसा होना चाहिए जहां किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं हो। अस्पताल में कुछ वर्षो से झुलसे व जले मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जले हुए मरीजों को अन्य सामान्य वार्ड में ही दुसरे मरीजों के साथ रखा जाता है। अस्पताल में सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को निजी नर्सिंग होम का सहारा लेना पड़ता है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को निजी नर्सिंग होम में इलाज कराना काफी मंहगा पड़ता है। जबकि राज्य के सभी अस्पतालों में आग से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं में हताहतों के उपचार के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है । बर्न वार्ड को सक्रिय करने के साथ ही सभी आवश्यक दवाओं, उपकरणों की व्यवस्था सदर अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर शहर के छह मुहान चौक के पास ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया । वही वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया वाहन चालकों को पकड़ कर उनके कागजात की जांच की । जांच के उपरांत जिस वाहन का कागजात सही नहीं पाया गया उसे फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा दिया गया । वही वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग ट्रिपल ड्राइव और बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिख रहे हैं। लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए बिना कागजात और हेलमेट के वाहन चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान जितने भी वाहन पकड़े गए हैं सभी को चालान के लिए डीटीओ ऑफिस भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पहले दोपहिया वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता था कि अगले बार से लोग हेलमेट पहनकर बाइक चलायेंगे। परंतु लोग समझने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में ट्रिपल लोडिंग और बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जायेगा।

**ज्ञान की बात**

**श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं अधर्म के कारण वध भी कर सकता हूं, किंतु उससे पहले क्षमा भी करता हूं। मनुष्य भूल करके ही आगे बढ़ता है, इसलिए भूल-सुधार का अवसर अवश्य दिया जाना चाहिए।**

**-ठाकुरजी**

# पलामू कुछ कहता है

***पलामू*** प्रारंभ से ही शांति व भाईचारगी के लिए जाना जाता है। यहां की कुछ घटनाओं को हम अपवाद में ले सकते हैं। बाकी पर्व और त्योहारों को देखें, तो यहां सभी संप्रदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ रहते हैं। साथ ही सभी पर्व मिलकर मनाते हैं। रामनवमी हो या मोहर्रम का त्योहार, इस मौके पर हिन्दू व मुस्लिम दोनों एक-दूसरे का स्वागत करते हैं। इससे बड़ी और बात क्या होगी। पलामू के लोगों ने हर मौके पर एक दूसरे का साथ दिया है लेकिन कुछ लोग आपसी सौहार्द को देखना नहीं चाहते हैं। शांति में खलल डालने के लिए पांकी में जो कुछ हुआ,वह दुखद है। ऐसे लोगों की सक्रियता पर ब्रेक लगाने की जरूरत है। ऐसे चेहरों को बेनकाब करने की जरूरत है। तोरणद्वार का विवाद इतना बखेड़ा पैदा करेगा, किसी ने कभी सोचा भी नहीं था। समाज में सबको अपना-अपना पर्व मनाने की आजादी है। पत्थरबाजी हमारी संस्कृति नहीं है। इस मामले में देखा जाये तो प्रथमदृष्टया लोकल पुलिस की सक्रियता संदेह के घेरे में है। यह सब अचानक नहीं हुआ है। पिछले सप्ताह से ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा मस्जिद चौक पर लगना शुरू हुआ था। आपसी वाद विवाद भी जारी थी। ऐसे में आखिर पुलिस को इसकी भनक क्यों नहीं लगी? इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। जिसका नतीजा है कि यह इलाका साम्प्रदायिक दंगे के की आग में जल उठा।

**पत्थरबाजी हमारी संस्कृति नहीं है। इस मामले में देखा जाये तो प्रथमदृष्टया लोकल पुलिस की सक्रियता संदेह के घेरे में है। यह सब अचानक नहीं हुआ है। पिछले सप्ताह से ही गलत लोग जमा हो रहे थे...**

हालांकि इससे पूर्व भी यहां सांप्रदायिक दंगे हुए थे। जिसमें दो लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद भी पुलिस का अलर्ट नहीं रहना यह बताता है कि इस मामले में लापरवाही बरती गई है। इस स्थिति में समाज के प्रबुद्ध लोगों को आगे आकर प्रशासन का साथ देना चाहिए। साथ ही दोषी कोई भी हो,उसे बक्शा नहीं जाना चाहिए। तभी आने वाले दिनों में उपद्रवियों के मंसूबों का नाकामयाब किया जा सकता है। महाशिवरात्रि से पहले इस तरह की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। पलामू में पहली बार इंटरनेट सेवा बाधित की गई है। इससे सभी तपकों में आक्रोश है। साथ ही स्कूली बच्चे जो ऑनलाइन पढ़ाई करते हैं,उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें अभी बच्चों की परीक्षा भी चल रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए इंटरनेट सेवा को बहाल कर देना चाहिए। हालांकि कहने का अभिप्राय यह कतई नहीं है कि सुरक्षा के साथ कोई कोताही बरती जाये। मीडिया के सामने भी खबरों को भेजने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल इस घटना में शामिल अराजक तत्वों पर अविलंब लगाम लगाकर यह बताना चाहिए कि पलामू की संस्कृति में बवाल खड़ा करने वाले लोगों के लिए कोई जगह नहीं है।

# हिंदुत्व को ही लेकर आगे बढ़ेगी भाजपा





संजीव श्रीवास्तव

***टीपू*** सुल्तान तो एक बहाना है। बीजेपी अपने कोर एजेंडा या कहे कि एग्रेसिव राष्ट्रवाद, हिंदुत्व के ईर्द-गिर्द कर्नाटक में चुनाव लड़ना चाह रही है क्योंकि कर्नाटक का चुनाव 2023 में अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों का ऐजेंडा सेट करने वाला है। कर्नाटक का चुनाव पहला बड़ा चुनाव है इस साल का, अभी तो नॉर्थ ईस्ट में चुनवा चल रहा है, लेकिन साल के अंत में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान समेत पांच राज्यों के चुनाव होने हैं। लेकिन कर्नाटक का चुनाव सबसे बड़ा और ट्रेंड सेट करने वाला होगा। चूंकि कर्नाटक में ऐसा माना जा रहा है कि बीजेपी की स्थिति उतनी मजबूत नहीं हैं और कांग्रेस एक अपस्विंग पर है, तो लिहाजा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। बीजेपी अपना जो एजेंडा है हिंदुत्व का वो चाहती है। वैसे भी केरल से जुड़ने वाले जिले जैसे यूडीपी में बीजेपी इस मुद्दे पर स्ट्रोंग है...बोमई सरकार के सबसे लोकप्रिय नेता येदियुरप्पा राजनीतिक तौर पर हाशिए पर हैं तो बीजेपी को कर्नाटक में एक चेहरा और मुद्दा दोनों की तलाश है। प्रधानमंत्री मोदी एक चेहरा रहेंगे वहां के चुनाव में, हालांकि पीएम का चेहरा विधानसभा के चुनाव में उतना प्रभाव नहीं छोड़ पाता है जिस तरह से वे लोकसभा के चुनाव में सीटें डिलीवर कर पाते हैं तो वे हिंदुत्व पर लौट रहे हैं। मुकाबला बड़ा है और इससे आसान बात और क्या हो सकती है कि आप टीपू सुल्तान और हैदर अली के मुद्दे निकाले और फिर हिन्दू बनाम मुस्लिम का कुछ करने का प्रयास करें तो इसमें कुछ भी अप्रत्याशित नहीं है।

इसमें ऐसी कोई बात नहीं है जिसे भूतो न भविष्यति वाली बात कह सकते हैं। अमूमन हमने ये देखा है कि भारत में चुनाव मोटे इश्यूज पर होते हैं और वो भावनात्मक बन जाते हैं। यही चीज कर्नाटक में बीजेपी का करने का प्रयास है। वास्तव में अमित शाह ने तो ये भी कहा था कि देखिए केरल केरल से बचने का और केरल से मुकाबला करने का कर्नाटक में बीजेपी ही सबसे सक्षम है.. हम ऐसे भी कह सकते हैं कि केरल में एक किस्म का पोलराइजेशन है.. रेडिकलाइजेशन की बातें होती हैं, पीएफआई जैसी संस्थाओं की जड़े वहां पर मजबूत हैं और जिस तरह से आरएसएस और हार्ड कोर और दूसरे पक्षों के बीच जिस तरह से वहां पर हिंसा देखने को मिलती है तो ये भी एक तरह से हिंदुत्व को भुनाने का प्रयास है। दूसरा जो कुछ बाउंड्री डिस्प्यूट है, उस मुद्दे के संदर्भ में तोड़ मरोड़ सकते हैं..कि देखिये हम तो उस सदर्भ में कह रहे थे।

**अभी समय है। बीच में एक साल में कई राज्यों के चुनाव सामने हैं। कई नए समीकरण निकल सकते हैं। येद्दुरप्पा अपने आप में एक बड़े नेता थे। इन फैक्ट बीजेपी की जो पहले पदचाप पड़े वो येद्दुरप्पा के कारण ही कर्नाटक में उनकी इंट्री हुई थी।**

**इन दिनों**

कुल मिलाकर ये कहा जा सकता है कि न सिर्फ कर्नाटक ज्यादातर चुनावों में बीजेपी का मुद्दा जो उनका एक कोर मुद्दा रहा है पिछले एक दो दशक में और मोदी जी के आने के बाद ये और भी मुखर हो गया है वो एक हिंदुत्व का मुद्दा है और उसको वो सामने लाएंगे। वो हर जगह लाते हैं चाहे कोई भी राज्य हो। कर्नाटक उसमें अपवाद नहीं हो सकता है...और कर्नाटक का महत्व बहुत है क्योंकि इस साल के अंत में होने वाले चुनावों का एक रूप तय करेंगे। कर्नाटक संसाधनों के मामले में बहुत ही संपन्न राज्य है। जो भी यहां जीतेगा वह साधनों के स्तर पर मजबूत होगा। इसलिए यह एक हाईटेक चुनाव है। कर्नाटक में कहे तो सारे फुल स्टॉप हटा दिए जाएंगे और यहां जबरदस्त संघर्ष होगा।

मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के बारे में इतना कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। बिहार और दिल्ली महत्वूपर्ण राज्य हैं, जहां सभी समीकरण बदले हैं, 2019 के मुकाबले नीतीश कुमार के इधर आ जाने से। महाराष्ट्र एक महत्वपूर्ण राज्य है जहां यह देखना होगा कि जनता महाविकास अघाड़ी को देती है कि उद्धव या शिंदे के साथ जाती है और बंगाल एक महत्वपूर्ण राज्य होगा। बंगाल में हुए पिछले चुनाव में बीजेपी की परफॉर्मेंस अच्छी थी और वो इसलिए थी कि लोगों का उस समय मत था बीजेपी ममता बनर्जी को उखाड़ फेंकने में सक्षम है। हालांकि उसके बाद के विधानसभा चुनाव ने इस बात को गलत साबित कर दिया। तो मैं बिहार, महाराष्ट्र और बंगाल इन तीनों राज्यों को 2024 के लिए मेन बैटलग्राउंड मानता हूं। कर्नाटक में तो बीजेपी की क्षति होनी है बढ़त के मुकाबले। इस मामले में तो बीजेपी वाले अपने चुनावी रणनीति बनाने में बहुत एक्सपर्ट हैं। उनके दिमाग में वो सारी बिसातें बिछ गई होंगी लेकिन अभी समय है बीच में एक साल में कई राज्यों के चुनाव सामने हैं। कई नए समीकरण निकल सकते हैं। येद्दुरप्पा अपने आप में एक बड़े नेता थे। इन फैक्ट बीजेपी की जो पहले पदचाप पड़े वो येद्दुरप्पा के कारण ही कर्नाटक में उनकी इंट्री हुई थी।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें भगवान विश्वकर्मा की कथा*

**(गतांक से आगे)**

एक बार नैमिषारण्य में मुनि और सन्यासी लोग एकत्र हुए और अपने अमीष्ट की प्राप्ति के लिए एक सभा की। विश्वमित्र कहने लगे कि हमलोगों के आश्रमों में दुष्ट कर्मों को करते हुए राक्षस लोग यज्ञ करने वाले मुनियों के आस-पास ही बड़े-बड़े मनुष्यों को अपना ग्रास बना लेते हैं। इस प्रकार यज्ञों को नष्ट करते हुए राक्षस लोग नर मांस भक्षन करते रहते हैं। हमारे पूज्य पुरोहित उपमन्यु जो ब्रह्मचर्य व्रत में स्थित रह कर और कन्द मूल खाकर सदा धर्म कार्यों में संलग्न रहते हैं तथा जो रोजाना सारे कामों को छोड़ परमात्मा का ध्यान करते रहते हैं तथा राक्षसों को नष्ट करने में समर्थ हो सकते है। (इसलिए अब हमें उनके कुकृत्यों से बचने का कोई उपाय अवश्य करना चाहिए।) सूत जी बोले - हे ऋषयों, इस प्रकार ऋषि-मुनियों के वचन सुनकर वरिष्ठ मुनि जी कहने लगे कि एक बार पहले भी ऋषि मुनियों पर इस प्रकार का कष्ट आ पड़ा था। उस समय वह सब मिलकर स्वर्ग में ब्रह्मा जी के पास गये। ब्रह्मा जी ने पद्मासन लगाये हुए शान्त भाव से ध्यानवस्थित में ऋषि-मुनियों को देखा जो दुख से छुटकारा देने वाले शिव रूप भगवान का ध्यान कर रहे थे। उन प्रभु, जो सब का पिता है यह सब बात आदि से अन्त तक जान ली और ऋषि-मुनियों को दुःख से छुटकारा पाने के लिए विश्वकर्मा भगवान की कथा का उपदेश दिया। सूत जी बोले - हे ऋषियों, इस प्रकार उनके वचन सुलकर विश्वामित्र मुनि को बडा आश्चर्य हुआ और वह जरा निकट आ गए।

**(क्रमशः)**

# क्या भीमाशंकर से बढ़ेगी भाजपा की तकलीफें?



सुबोध जैन

***गत*** मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा की तस्वीर के साथ असम पर्यटन विकास निगम ने देश के तमाम समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी कर धार्मिक पर्यटन को बढ़ाने की पहल की। इसके बाद विवाद शुरू हो गया है। असम पर्यटन विभाग ने दावा किया है कि भारत में मौजूद 12 ज्योतिलिंगों में से छठा ज्योतिलिंग भीमाशंकर असम के गुवाहटी में स्थित डाकिनी पहाड़ी पर स्थापित है। महा शिवरात्रि पर यहां श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। देश में मौजूद सभी 12 ज्योतिलिंगों के संदर्भ में मान्यता है कि यहां साक्षात शिव विराजमान हैं। शास्त्रों और पौराणिक तथ्यों के अनुसार भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग का स्थान महाराष्ट्र के पुणे जिला में भीमा नदी के उद्गम स्थल को बताया गया है। भारत सरकार के प्रेस इन्फार्मेशन ब्यूरो ने भी 11 दिसंबर 2021 में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर देखो अपना देश सीरीज में स्पष्ट किया था कि भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग पुणे सह्याद्रि पहाड़ी पर स्थित है। महाराष्ट्र स्थित भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के पुजारी पंडित जालिंदर कुंडारे कहते हैं कि भारत में मौजूद सभी 12 ज्योतिर्लिंगों को आदि गुरु शंकराचार्य ने प्रमाणित किया था। शास्त्रों में भी इसका उल्लेख है कि भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग पुणे सह्याद्रि पहाड़ी पर स्थित है। यह स्थान भीमा नदी का उद्गम स्थल भी है। असम में तो भीमा नदी ही नहीं है। अब असम सरकार किस आधार पर ऐसा दावा कर रही है, यह तो वही बता सकते हैं।

दरअसल भाजपा की राजनीति के मूल स्वरूप यानी हिंदुत्व वादी चेहरे को संगठन में अन्य नेताओं की अपेक्षा ज्यादा तवज्जो मिलती है। अभी तक राष्ट्रीय राजनीति के चुनावी रण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को छोड़ दें तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सबसे ज्यादा मांग रहती है लेकिन पिछले कुछ समय से असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा के बयानों और लहजे के कारण चुनावी रण में उनकी मांग भी तेजी से बढ़ रही है। पार्टी सूत्रों की मानें तो संगठन के भीतर हिंदुत्व की लाइन पर आगे बढ़ने की होड़ चल रही है। शायद यही कारण है कि हिमंता बिस्वा शर्मा ने असम में हिंदुत्व का मोर्चा आगे बढ़ाने के लिए ज्योतिर्लिंग के नाम पर नया विवादित मोर्चा खोल दिया है। राजनीतिक पंडितों की मानें तो खुद को हिंदुत्व वादी चेहरे के तौर पर स्थापित करने के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा की यह पहल भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के लिए मुश्किल डगर साबित हो सकती है, क्योंकि जिस ज्योतिर्लिंग को लेकर हिमंता बिस्वा की सरकार ने दावा पेश किया है वह वास्तव में महाराष्ट्र में स्थापित है। यहां चूंकि भाजपा सहयोगी दल शिवसेना (एकनाथ) के साथ मिलकर सत्ता में है और यहां राजनीतिक दलों में हिंदुत्व का मुद्दा लपकने की होड़ चल रही है। ऐसे में बहुत संभावना है कि शिवाजी महाराज के मामले में राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को घेरने से सफल रही शिवसेना (उद्धव ठाकरे) महाराष्ट्र बनाम असम के विवाद की इबारत लिखने में पीछे नहीं रहेगी। क्योंकि भाजपा के धोबी-पछाड के चलते राज्य की सत्ता से बाहर हुई उद्धव की पार्टी, इस मुद्दे को आसानी से हाथ से नहीं जाने देगी।

**बहुत संभावना है कि शिवाजी महाराज के मामले में राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को घेरने से सफल रही शिवसेना (उद्धव ठाकरे) महाराष्ट्र बनाम असम के विवाद की इबारत लिखने में पीछे**

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा कहते हैं कि हर कोई जानता है कि धर्म की राजनीति के नाम पर भाजपा लड़ाने का काम करती है, लेकिन अब पौराणिक तथ्यों को अपने हिसाब से बदलकर राज्यों में विवाद शुरू कराने की कोशिश की जा रही है। भाजपा नेताओं की यह कार्यशैली देश के लिए परेशानी खड़ी कर देगी। वहीं जेडीयू प्रवक्ता केसी त्यागी कहते हैं कि सर्विदित तथ्यों के साथ छेड़छाड़ की यह कोशिश निंदनीय है। सत्तारूढ़ नेताओं की कार्यशैली ने देश के हालात बहुत बुरे कर दिए हैं जबकि विहिप प्रवक्ता विनोद बंसल इस मामले में यह कहकर टिप्पणी करने से इंकार कर देते हैं कि यह तकनीकि विषय है, इस बारे में संत ही कुछ बोल सकते हैं। वैसे कोई कुछ बोले अथवा न बोले, यह जगजाहिर है कि हिंदुत्व को लेकर भाजपा की क्या रणनीति रही है।

## फोटो की दुनिया

आज हिमालय की चोटी से फिर हम ने ललकारा है..
दूर हटो यह 40 रुपए वाला समोसा हमारा है...



## ट्वीट-ट्वीट

Hemant Soren
@HemantSorenJMM

संवैधानिक अभिभावक के रूप में आदरणीय श्री रमेश बैस जी का मार्गदर्शन राज्य को हमेशा मिलता रहा। महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त होने पर झारखण्ड की जनता की ओर से आपको अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। आपके मार्गदर्शन में महाराष्ट्र आगे बढ़ता रहे यही कामना करता हूँ।

## फेसबुक वॉल से

Aditya Pujan
1 d




# लालू यादव को हल्के में लेना बड़ी भूल साबित होगी



अशोक भाटिया

***किसी*** समय बिहार की राजनीति में लालू प्रसाद यादव की तूती बोला कराती थी। वह साल 1990 से लगातार सूबे के मुख्यमंत्री बने हुए थे। लेकिन चारा घोटाले की जांच कर रही सीबीआई ने लालू यादव को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी से पहले लालू ने एक नारा दिया था, जब तक रहेगा समोसे में आलू, तब तक रहेगा बिहार में लालू। यह नारा इतना मशहूर हुआ कि आलू और लालू एक-दूसरे के पर्याय बन गए। उसके बाद लालू यादव बीमार रहे। तब उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। वह कई वर्षों से रांची स्थित जेल में बंद रहे लेकिन भारतीय राजनीति में लालू यादव की जगह शायद ही कोई ले सकता है। लालू प्रसाद यादव को करिश्माई नेता कहा जाता रहा है। उनका नाम देश के उन गिने-चुने नेताओं में शामिल है, जिनके बारे में शायद सबसे ज्यादा लिखा और सुना जाता रहा है। अपनी किडनी की बीमारी के इलाज के लिए उन्हें सिंगापुर जाना पड़ा जहां उनकी किडनी का सफल प्रत्यारोपण हुआ। अब बिहार की राजनीति के जबरदस्त खिलाड़ी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के सिंगापुर से बिहार आगमन पर राज्य का राजनीतिक गलियारा एक बार फिर से हरकत में आ गया है।

सामाजिक न्याय के मसीहा कब किसकी राजनीति की बखिया उधेड़ दें, यह समझना किसी के बस की बात नहीं। राजनीतिक विशेषज्ञ यह मानते हैं कि इस खास समय में सबसे ज्यादा सावधान अगर कोई नेता होंगे तो वे हैं नीतीश कुमार। ऐसा इसलिए कि एक समय लालू और नीतीश की जोड़ी राजनीतिक में काफी मशहूर थी। 90 के दशक की तमाम नीतियों की नायक रही थी। सत्ता समीकरण को पलटना और नया सत्ता समीकरण बनाने में इनका कोई सानी नहीं। लालू यादव की ताजपोशी को कैसे रघुनाथ पांडे को खड़ा कर अंजाम दिया गया था, यहां के राजनीतिक गलियारों में यह आज भी चर्चा का विषय बनता रहा है। सो, नीतीश कुमार उनकी जोड़ तोड़ की राजनीति के सबसे करीबी गवाह रहे होंगे। सो, इस खास समय में जब तेजस्वी की ताजपोशी को ले कर राजद काफी उतावला है, ऐसे में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का आगमन राज्य की राजनीतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जदयू नेता सलाम बेग का मानना है कि लालू यादव की बिहार वापसी से महागठबंधन को मजबूत धरातल मिलेगा। नीतीश कुमार केंद्र की राजनीति करेंगे और देश की राजनीति से नरेंद्र मोदी को अपदस्थ करने के बाद 2025 का विधान सभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ेंगे। बताया जाता है कि इस समय जेडीयू की ओर से उपेंद्र कुशवाहा तो आरजेडी की ओर से सुधाकर सिंह बागी हैं। उधर, कांग्रेस दो और मंत्री पद के लिए हाथ-पैर मार रही है। जीतन राम मांझी की पार्टी भी नीतीश कुमार पर हमला साधती रहती है। लालू सिंगापुर से लौटेंगे तो उनके सामने भी बिहार की महागठबंधन यानी कि उनकी सरकार को लेकर कई सारी चुनौतियां होंगी। इनका फैसला लालू को करना होगा।

महागठबंधन सरकार में नीतीश की पार्टी जेडीयू और लालू की पार्टी आरजेडी मेन रोल में है। आरजेडी के विधायक पूर्व कृषि मंत्री मुख्यमंत्री नीतीश पर जमकर बरसते रहते हैं। उनके खिलाफ बयानों की बौछार लगा देते और उनके कार्य, कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हैं। इसे लेकर आरजेडी पार्टी की ओर से सिंह को कारण बताओ नोटिस दिया गया था। जेडीयू समेत महागठबंधन दल की अन्य पार्टियों ने सुधाकर मामले में तुरंत कार्रवाई की मांग की थी। अब आरजेडी को टेंशन है कि लालू के आने के बाद फैसला होगा। तो आरजेडी सुप्रीमो को अपने बागी विधायक सुधाकर पर क्या फैसला ले सकते हैं? अब वह क्या कार्रवाई करेंगे ये तो बाद में पता चलेगा। जेडीयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने बीते दिनों आरजेडी और जेडीयू के बीच हुई किसी डील का खुलासा किया था। उनका कहना था कि दोनों पार्टी ने सरकार बनाने के लिए डील की थी। डील पॉलिटिक्स को लेकर लालू यादव के आने के बाद उनसे इस तरह के सवाल किए जाएंगे और इन बातों पर लालू का क्या रिएक्शन होगा और जेडीयू नेता की डील वाली बात को लालू कैसे लेंगे ये भी चुनौती हो सकती है। तो इन बातों को समझना होगा।

**डील पॉलिटिक्स को लेकर लालू यादव के आने के बाद उनसे इस तरह के सवाल किए जाएंगे और इन बातों पर लालू का क्या रिएक्शन होगा और डील वाली बात को लालू कैसे लेंगे ये भी चुनौती हो सकती है।**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

NEWS इन ब्रीफ

### वाहन पलटने से पानी में डूबकर 3 की मौत

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय से बारात गए वाहन के अनियंत्रित होकर बुधवार देर रात पानी भरे गड्ढे में पलटने से बेगूसराय के तीन युवकों की खगड़िया में मौत हो गई। घटना गौशाला रोड-बछौता-अलौली सड़क की है। शव का पोस्टमार्टम बेगूसराय सदर अस्पताल में कराया गया है। मृतक की पहचान बेगूसराय निवासी संतोष पांडेय, दीपक पाठक एवं अन्नु कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बेगूसराय जिला मुख्यालय के बाघा वायपास से सभी लोग खगड़िया बारात गए थे।

### गंगा नदी में टकराईं दो नाव, तीन लोग लापता

**पटना।** शहर के मनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत 84 बालू घाट के पास गुरुवार को गंगा नदी में दो नावों के बीच जोरदार टक्कर हो गयी, जिसमें एक नाव पलट गयी। नाव पर 12 लोग सवार थे, जिनमें से नौ लोगों ने तैरकर जान बचाई जबकि तीन लोग लापता हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरफ की टीम लापता लोगों की तलाश कर रही है। घटना के बारे में बताया जाता है कि मनेर के हल्दी छपरा घाट से एक बालू लदी नाव डोरीगंज की तरफ चली थी जबकि दूसरी नाव बलवंत टोला से मनेर घाट आ रही थी। इसी दौरान 84 घाट के पास दोनों नावों की आमने-सामने की टक्कर हो गई।

### स्कॉर्पियो-ऑटो की टक्कर में नौ गंभीर

**अररिया।** रानीगंज थाना क्षेत्र के रेशम लाल चौक पेट्रोल पंप के पास बुधवार को देर शाम एनएच 327 ई पर स्कॉर्पियो और ऑटो की आमने -सामने की टक्कर में नौ लोग घायल हो गए। घायलों कोरानीगंज रेफरल अस्पताल ले जाया गया। बाद में उन्हें रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि एनएच 327ई सड़क परेंशम लाल चौक के पास स्कॉर्पियो और ऑटो की आमने- सामने की टक्कर हो गई।

# कर्नाटक के मैसूर से पहुंची शिलाओं का होगा परीक्षण

**परीक्षण के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की मूर्ति का होगा निर्माण**

**इन्हें भी नेपाल से आई शिलाओं के पास रामसेवकपुरम में रखा गया है**

**नवीन मेल संवाददाता। अयोध्या**
रामनगरी में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण तेज गति से चल रहा है। केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार जनवरी 2024 के प्रारंभ में भव्य मंदिर निर्माण को प्रतिबद्ध है। रामलला की मूर्ति के लिए कर्नाटक के मैसूर से दो शिलाएं मंगलवार शाम अयोध्या पहुंची।



### रामसेवकपुरम में रखी गई हैं शिलाएं

इन शिलाओं को भी नेपाल के जनकपुर से आई शिलाओं के पास ही रामसेवक पुरम में रखा गया है। मैसूर से आईं शिलाओं का वैज्ञानिक वास्तु परीक्षण करेंगे। मूर्तिकला के विशेषज्ञ रामलला की मूर्ति के लिए सबसे बेहतर पत्थरों का चयन करेगी। रामलला के बाल स्वरूप मूर्ति के लिए कर्नाटक के मैसूर से दूसरी शिला के चयन के बाद प्रतिमा आकार लेगी। हालांकि इसके लिए अभी कई शिलाएं लाई जानी हैं। नीले आसमानी रंग का श्याम रंग लिए हुए शिला से राम मंदिर ट्रस्ट रामलला की मूर्ति बनवाना चाह रहा हैं।

### बाल प्रतिमा के स्वरूप को लेकर चल रहा काम

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के अनुसार शिलाओं के चयन के साथ रामलला की बाल सुलभ प्रतिमा के स्वरूप को लेकर भी काम चल रहा है। इसके लिए पहले रेखाचित्र और उसके बाद मिट्टी के मॉडल बनेंगे। इस बीच शिला का चयन होने के बाद उससे मूर्ति का निर्माण होगा। बीते दिनों नेपाल के जनकपुर की काली गंडकी नदी से दो शिला अयोध्या लाई गई है। रामसेवकपुरम में रखी शिलाओं का दर्शन कर लोग खुद को भाग्यशाली मान रहे हैं। आपको बता दें कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के बन रहे भव्य मंदिर मे अगले साल मकर संक्रांति या आसपास के किसी शुभ मुहूर्त पर गर्भगृह में विराजमान किए जाने की योजना है। इसके लिए एक जनवरी 24 से विशेष अनुष्ठान सम्भावित है। इस बीच राम मंदिर के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। गर्भगृह के खंभों के बाद बीम के पत्थर लगाए जा रहे हैं।

# मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार

**एजेंसी। बेतिया**
बाबा नागेश्वर नाथ महादेव मंदिर में इस बार महाशिवरात्रि पर वृहद तैयारी है। देवाधिदेव महादेव की आदमकद प्रतिमा का निर्माण अंतिम चरण में है। 18 फरवरी को होनेवाले महाशिवरात्रि को लेकर मूर्तिकार प्रतिमा को अंतिम टच देने में मशगूल है।भव्य पंडाल और विधुत की आकर्षक चकाचौध के बीच शिव पार्वती की बारात और झांकी निकाली जायेगी। बारातियों में बसहा बैल,भूत-पिशाच और राक्षस का स्वांग रचनेवाले कलाकार रिहर्सल में जुट गये है। आयोजक मंडली के प्रमोद कुमार, तारकेश्वर पटेल और राजेश कुमार ने बताया कि 18 फरवरी को सुबह में रुद्राभिषेक शुरू हो जायेगा। उसी दिन भंडारा और जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इधर अहवर कुड़िया में महाशिवरात्रि के दिन से शुरू होनेवाले सप्ताह व्यापी मेला के लिए कुंडेश्वर बाबा मंदिर परिसर में आध्यत्मिक उत्सव का आयोजन शुरू हो गया है।



# जनसमस्याओं के निस्तारण में हीला-हवाली अक्षम्य : योगी



**नवीन मेल संवाददाता। गोरखपुर**
यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली नहीं चलेगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी ने भी लापरवाही की तो उसे अपने दायित्व से बोरिया बिस्तर बांध लेना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री योगी ने ये हिदायतें गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान दीं।

मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब छह सौ लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम खुद पहुंचे और उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। इस दौरान पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। कड़े तेवर में उन्होंने कहा कि संवेदनहीन और लापरवाह अधिकारियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जनता दर्शन में इलाज हेतु आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि इलाज में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। संबंधित अस्पताल से इस्टीमेट लेकर प्रक्रिया पूरी करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से तत्काल सहायता राशि जारी करा दी जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराएं। जनता दर्शन में अपनी माताओं के साथ आए नन्हें-मुन्ने बच्चों को सीएम योगी आदित्यनाथ का प्यार-दुलार व आशीर्वाद मिला। उन्होंने बच्चों का हालचाल पूछा, पढ़ने के लिए प्रेरित कर उन्हें चाकलेट गिफ्ट किया। इस दौरान उन्होंने एक छोटी बच्ची के लिए रैपर से निकालकर उसे चॉकलेट खिलाया।

### योगी सरकार ने एमएसएमई सेक्टर में किए 9 हजार एमओयू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एमएसएमई का काफी बड़ा बेस है। यहां 95 लाख एमएसएमई इकाइयां रजिस्टर्ड हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्सर अपनी जनसभाओं और बैठकों में इस बात का जिक्र बहुत गर्व से करते हैं। उनकी मंशा के अनुरूप एमएसएमई का यह बेस यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद अब और बड़ा होने जा रहा है। इस सेक्टर में बड़े पैमाने पर उद्यमियों ने निवेश के लिए अपनी इच्छा जाहिर की है। रोचक बात ये है कि प्रदेश सरकार ने यूपीजीआईएस के माध्यम से जो 19 हजार से ज्यादा एमओयू किए हैं, उनमें 9 हजार से ज्यादा एमओयू सिर्फ एमएसएमई सेक्टर में हुए हैं। इसके माध्यम से प्रदेश मे 18 लाख लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

# भ्रष्टाचारियों, गुंडों के लिए नीतीश चलाते हैं सरकार : सुधाकर

**एजेंसी। भभुआ**
बिहार के पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह को भले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ बयान देने के लिए राजद ने उन्हें नोटिस थमाया हो, लेकिन वे आज भी नीतीश सरकार पर सियासी हमला बोलने से बाज नहीं आ रहे हैं। सुधाकर सिंह ने एक बार फिर नीतीश कुमार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे भ्रष्टाचारियों, गुंडों और अधिकारियों के लिए सरकार चलाते हैं। वे किसानों के लिए कोई काम करना नहीं चाहते। कैमूर जिले से गुजरने वाली भारतमाला एक्सप्रेस वे में किसानों की जमीन अधिग्रहण मामले को लेकर सिंह बुधवार की शाम रामपुर प्रखंड के अकोढ़ी गांव पहुंचे हुए थे। इस दौरान पत्रकारों ने उनसे जब नीतीश की सुशासन की सरकार में मंत्री रहने के अनुभव के संबंध में उनसे पूछा तो वे बेबाकी से बोले कि नीतीश कुमार के साथ मेरा अनुभव काफी खराब रहा। उन्होंने आगे कहा कि वे भ्रष्टाचारियों, गुंडों और अधिकारियों के लिए सरकार चलाते हैं, किसानों के लिए कोई काम करना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि बिहार के किसानों और मजदूरों के लिए वे सरकार नहीं चलाते हैं, यह बात सबको मालूम है। उन्होंने इस क्रम में यहां तक कह दिया कि ये लोग पिछले दरवाजे से राजनीति करते हैं। इन्हें जनता नहीं चुनती है। ऐसे लोगों की राजनीति पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, जो जनता द्वारा नहीं चुने जाते। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सार्वजनिक तौर पर उन पर कौन हमला करता है और क्यों हमला करता है, इसका जवाब तो वही देंगे। मुख्यमंत्री की समाधान यात्रा पर भी उन्होंने जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि यह व्यवधान यात्रा है। उन्होंने कहा समाधान यात्रा के दौरान यहां कैमूर के पढ़ौती पंचायत में आपने देखा होगा जब मुख्यमंत्री अपनी यात्रा के क्रम में यहां आए थे। उस समय गांव के किसानों को बंधक बना दिया गया था। पुलिस ने किसी को मिलने नहीं दिया। रातों-रात पूरे गांव के विकास कार्यों को डेंट पेंट कर दिखाने का प्रयास किया। उनके जाते ही सारी चीजें पुनः उजड़ गई। इस तरह से कोई समाधान नहीं बल्कि व्यवधान पैदा करना चाहते हैं।



### महागठबंधन के घटक दल अपनी ताकत दिखाने में जुटे

**पटना।** बिहार में नीतीश कुमार के एनडीए से अलग होने और महागठबंधन के साथ चले जाने के बाद राज्य में महागठबंधन की सरकार चल रही है। सात दलों के महागठबंधन में चार दल जहां सरकार में शामिल हैं, वहीं तीन दलों का बाहर से समर्थन है। हाल के दिनों में देखे तो लगभग सभी घटक दल अपनी ताकत दिखाने में जुटे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जहां समाधान यात्रा के जरिए राज्य के सभी जिला में पहुंचकर विकास कार्यक्रमों को देख रहे और उसकी समीक्षा कर रहे। इस क्रम में वे सरकार की योजनाओं को भी लोगों को बता रहे।

# संत राजूदास और मौर्य के बीच हाथापाई

**एजेंसी। लखनऊ**
जुबानी जंग के बाद सपा के राष्ट्रीय महासचिव व एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य और अयोध्या के हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास के बीच हाथापाई की भी नौबत आ गई है। बुधवार को यूपी की राजधानी लखनऊ के एक होटल में निजी टीवी चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दोनों हिस्सा लेने पहुंचे थे। इसी दौरान दोनों के बीच मारपीट की नौबत आ गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पहले जमकर बहस हुई, इसके बाद नौबत हाथापाई की भी आ गई। दोनों को अलग करने के लिए सुरक्षाकर्मियों को बीच में आना पड़ा। बता दें कि करीब एक महीने पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरितमानस को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने रामचरितमानस की एक चौपाई का जिक्र करते हुए कहा था कि उनमें पिछड़ों, दलितों और महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक बातें लिखी हैं, जिससे करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचती है। लिहाजा इस पर पाबंदी लगा दी जानी चाहिए। जिसके बाद महंत राजू दास ने स्वामी प्रसाद मौर्य का सिर कलम करने वाले को इनाम देने की घोषणा की थी। इसके बाद दोनों के बीच शुरू हुई जुबानी जंग का मामला इतना बढ़ गया कि नौबत हाथापाई तक पहुंच गई।

### एडीसीपी पूर्वी ने कहा तहरीर मिलने पर होगी कार्रवाई

पुलिस के मुताबिक इंटरव्यू खत्म होने के बाद स्वामी प्रसाद वहां से जाने लगे। तभी राजूदास व अन्य संत उनके पीछे लग गए और दोनों तरफ से नारेबाजी शुरू हो गई। इसी दौरान राजूदास व स्वामी प्रसाद के बीच हाथापाई हो गई। एडीसीपी पूर्वी सैयद अली अब्बास ने बताया कि वीडियो फुटेज में दोनों पक्षों से नारेबाजी की गई। एक पक्ष से जय श्रीराम बोला गया तो वहीं दूसरे पक्ष की ओर से जय भीम, जय संविधान के नारे लगे। इसी के बाद दोनों ओर के समर्थक आपस में भिड़ गए। इस मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। जब तहरीर मिलेगी तो उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मंत्रिमंडल विस्तार पर तेजस्वी ने साफ कहाः कांग्रेस को 1 कोटा

**एजेंसी। पटना**
बिहार में सत्ताधारी महागठबंधन में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर घटक दलों में किचकिच जारी है। इस बीच, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने गुरुवार को साफ कर दिया कि मंत्रिमंडल विस्तार मंई कांग्रेस को एक कोटा मिलना पहले ही तय हुआ है। दिल्ली से पटना वापस लौटने का बाद तेजस्वी गुरुवार को हवाई अड्डे पर पत्रकारों से चर्चा करते लालू प्रसाद के स्वास्थ्य के विषय में कहा कि इन्फेक्शन के चांसेस ज्यादा रहते हैं। उसको देखते हुए हम लोग ख्याल रख रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के और विपक्षी दलों के एकजुटता के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि झारखंड गए तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात हुई और दिल्ली गए तो अरविंद केजरीवाल से मुलाकात हुई और दो लोग बैठते हैं तो बात तो होती है कि देश में क्या चल रहा है क्या हो रहा है। उन्होंने इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर डरी हुई है।



तेजस्वी ने बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार पर साफ तौर पर कहा कि गठबंधन होता है तो उसमें अलायंस पार्टनर जो होते हैं अपने-अपने दल से कौन मंत्री होंगे इसका निर्णय करते हैं। सात दलों के महागठबंधन में चार दल सरकार में है और तीन दलों का बाहर से समर्थन है। एबी यह उनका निर्णय होगा कि वह सरकार में शामिल होंगे या नहीं। उल्लेखनीय है कि बिहार में फिलहाल कांग्रेस कोटे के दो मंत्री हैं। कांग्रेस के नेता कहते हैं कि वे अपना वाजिब हक मांग रही है। कांग्रेस मंत्रिमंडल में दो और मंत्री पद चाहती है।

### सड़क हादसे में 5 की मौत, 6 घायल

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के तिंदवारी क्षेत्र में गुरुवार को एक सड़क हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि छह अन्य घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि आज भोर यह हादसा उस समय हुआ जब पैलानी थाना क्षेत्र के निवाईच गांव निवासी चित्रकूट जिले के राजापुर कस्बे में संपन्न शादी समारोह से वापस अपने गांव लौट रहे थे कि तिंदवारी पपरेंदा मार्ग में स्थित मिरगहनी गांव के निकट बोलेरो और स्कॉर्पियो ओवरटेक के चक्कर में अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गए। इस हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर मृत्यु हो गई और छह लोग घायल हो गए। मृतकों की शिनाख्त पैलानी थाना क्षेत्र के निवासी निवाइच गांव निवासी 26 वर्षीय कुलदीप सिंह, 21 वर्षीय अभिनव सिंह, 26 वर्षीय कल्लू उर्फ प्रभात, 30 वर्षीय अतुल कछुआ गांव निवासी व पिपरहरी गांव निवासी 25 वर्षीय कल्लू उर्फ प्रभात के रूप में की गई।

# तांडव : बिदके हाथी ने तीन को कुचला, मौत

**नवीन मेल नेटवर्क। गोरखपुर**
तिवारीपुर क्षेत्र के जगतबेला स्थित मोहम्मदपुर माफी गांव में आयोजित यज्ञ समारोह के दौरान एक हाथी बिदक (भड़क) गया। गुस्साए हाथी ने कई लोगों को रौंद दिया है।बताया जाता है कि हाथी को यज्ञ में बुलाया गया था। उसने पंडाल में जमकर तांडव मचाया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि, कई लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। हाथी तांडव मचाते हुए सड़क पर दौड़ने लगा। इस दौरान जो भी उसके रास्ते में आया, वह उसे कुचलते चला गया। बताया जा रहा है कि यज्ञ के दौरान बहुत शोर हो रहा था। कुछ लोग हाथी को छेड़ भी रहे थे। इससे वह बिदक गया। घटना की सूचना पाते ही मौके पर पुलिस और वन विभाग के अधिकारी पहुंच गए है। हाथी गांव के अंदर से होते हुए खेत में भाग गया है। उसे काबू में करने की कोशिश हो रही है। सनकी हाथी के कुचलने से कौशल्या देवी पत्नी दिलीप मद्धेशिया उम्र 50 वर्ष और कांति देवी पत्नी शंकर उपाध्याय उम्र 55 वर्ष की मौत हो गई। एक कृष्णा नाम का लड़का जो गांव में अपने ननिहाल आया था उसे भी हाथी ने रौंद दिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी भी जान नहीं बच सकी।

**कार्यक्रम** अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर कार्यक्रम का आयोजन

# भरोसेमंद हैं एजेंसी की खबरें : कान्यास

**एजेंसी। नई दिल्ली**
स्पेन की न्यूज एजेंसी 'ईएफई' की अध्यक्ष गैबरिएला कान्यास का कहना है कि एजेंसी जर्नलिज्म, पत्रकारिता का सबसे शुद्धतम रूप है। समकालीन घटनाक्रम को समझने, सूचनाओं से अवगत रहने और दुनिया को समझने के लिए ये अनिवार्य आधार है। एजेंसी की खबरें झूठ और अफवाहों के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ हथियार हैं। कान्यास भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों की कार्यप्रणाली' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी, डीन (छात्र कल्याण) एवं आउटरीच विभाग के प्रमुख प्रो. प्रमोद कुमार एवं ईएफई के सदस्यों सहित संस्थान के सभी संकाय सदस्य तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।




### आईआईएमसी के महानिदेशक को किया सम्मानित

इस अवसर पर गैबरिएला कान्यास ने 'ईएफई' की और से भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी को सम्मानित किया। प्रो. द्विवेदी को ये सम्मान पत्रकारिता एवं मीडिया शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। 'ईएफई' विश्व की चौथीं सबसे बड़ी न्यूज एजेंसी है और दुनिया के 110 देशों में उनके संवाददाता काम कर रहे हैं।

कान्यास ने कहा कि उन्होंने अपना अधिकतर जीवन समाचार पत्र में काम करते हुए बिताया है, लेकिन समाचार एजेंसी में काम करने के अपने अनुभव के आधार पर वह दावे के साथ कह सकती हैं कि समाचार एजेंसिया एक पत्रकार के काम को अतिरिक्त सुरक्षा उपलब्ध कराती हैं। एजेंसी में अधिकतर सबसे पहली खबर आती है। इसे हमें अपने डाटा से समृद्ध करना होता है, उसमें ऐसी डिटेल्स डालनी होती हैं, जो हमारे पास पहले से नहीं होतीं और उसके विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण करना होता है। पत्रकारिता के अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य और चुनौतियों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि न्यू मीडिया के दौर में एजेंसियों के लिए चुनौती कम और अवसर ज्यादा हैं, क्योंकि न्यूज एजेंसी में कोई डेडलाइन नहीं होती है। एजेंसियों से 24 घंटे और 365 दिन समाचार प्रसारित होते हैं और चाहे वेबसाइट हो या डिजिटल प्लेटफार्म, उनको भी लगातार समाचारों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि विश्व भर में नई वेबसाइट खुल रही हैं और उनके पास इतने संसाधन नहीं हैं, कि वे अपने संवाददाता पूरी दुनिया में लगाएं। ऐसे में उनकी निर्भरता एजेंसियों पर बढ़ जाती है।

# बंगाल गवर्नर हाउस पूर्व प्रधान सचिव के खिलाफ चाहता है जांच

**एजेंसी। कोलकाता**
पश्चिम बंगाल का गवर्नर हाउस राज्यपाल सी.वी.आनंद बोस की प्रधान सचिव नंदिनी चक्रवर्ती के तबादले से संतुष्ट नहीं है, वह चाहता है कि राज्य सरकार उनकी जांच करे। सूत्रों ने कहा कि गवर्नर हाउस ने पश्चिम बंगाल कैडर के 1994 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी के खिलाफ जांच शुरू करने के लिए राज्य सचिवालय से औपचारिक अनुरोध भी किया है। उनके खिलाफ गवर्नर हाउस की मुख्य शिकायत यह थी कि उन्होंने गवर्नर हाउस के आंतरिक कामकाज के बारे में राज्य सचिवालय को भ्रामक जानकारी दी थी। बुधवार शाम को, राज्य के कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर चक्रवर्ती को गवर्नर के प्रमुख सचिव के पद से हटाकर राज्य के पर्यटन विभाग का प्रमुख सचिव बना दिया है। स्थानांतरण अधिसूचना जारी होने के घंटों बाद, राज्य सचिवालय को अखिल भारतीय सेवा नियमों के तहत चक्रवर्ती के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिए गवर्नर हाउस से औपचारिक अनुरोध प्राप्त हुआ। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य शांतनु सेन के अनुसार, सी.वी. आनंद बोस भाजपा के निशाने पर आ गए क्योंकि वे राज्य सरकार और उसके प्रशासनिक प्रमुख के साथ समन्वय बनाए हुए हैं। शायद अब उन्होंने उस दबाव के आगे झुकना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि वह अपनी कुर्सी की गरिमा बनाए रखेंगे। हालांकि, अगर वह राज्य प्रशासन के साथ टकराव का रास्ता चुनते हैं, तो हमारी प्रतिक्रिया का पैटर्न बदल जाएगा। पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इच्छा गवर्नर हाउस को राज्य सरकार की विस्तारित शाखा में बदलने की है। भट्टाचार्य ने कहा, अगर कोई गवर्नर अनुमति देने से इनकार करता है, तो वह राज्य की सत्ताधारी पार्टी का निशाना बन जाता है।

**NEWS इन ब्रीफ**

### भारतीय फुटबॉलर तुलसीदास का निधन

**कोलकाता।** एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतनेवाले भारतीय फुटबॉलर तुलसीदास बलराम का निधन गुरुवार को कोलकाता के एक निजी अस्पताल में हो गया है। वह महानगर से 17 किलोमीटर दूर हुगली जिले के उत्तरपाड़ा में नदी किनारे एक फ्लैट में परिवार के साथ रहते थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि 1962 के एशियाई चैम्पियन को तबीयत बिगड़ने पर 26 दिसम्बर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनको यूरिनरी इनफेक्शन की पुष्टि हुई थी। लगातार इलाज चल रहा था, लेकिन हालत में सुधार नहीं हो रहा था। अपराह्न दो बजे के करीब उन्होंने आखिरी सांस ली।

### गेंदबाजी कोच ने की दीप्ति की मदद

**केपटाउन।** महिला टी-20 विश्व कप में बुधवार को वेस्टइंडीज पर मिली छह विकेट से जीत के बाद भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में अपने प्रदर्शन से खुश नहीं थीं। दीप्ति ने वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में अपने चार ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट लिये। इसी के साथ वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट लेनेवाली पहली भारतीय बनीं। मैच के बाद हरमनप्रीत कौर ने कहा : टीम की बैठक में दीप्ति की गेंदबाजी के बारे में चर्चा की और वह पिछले मैच से खुश नहीं थी, गेंदबाजी कोच ने उनकी मदद की और नतीजा सबके सामने है।

### एलीट प्रो बास्केटबॉल लीग का 11 मार्च से होगा आगाज

**नई दिल्ली।** जब से भारत की पहली प्रो बास्केटबॉल लीग की घोषणा हुई है, तब से लीग में हलचल मची हुई है, चाहे वह खिलाडियों की साइनिंग हो, ट्रायल या वेतन हो। लीग ने अब घोषणा की है कि पहला सीजन 11 से 20 मार्च तक नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट को 12 टीमों से बढ़ाकर 16 टीम कर दिया गया है जो अधिक खिलाड़ियों को पेशेवर बनने का मौका देगा।

### जब वॉर्नर फॉर्म में होते हैं, तो उन्हें गेंदबाजी करना मुश्किल : कमिंस

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की नागपुर में पारी और 132 रनों से हार में असफल रहे अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर का भारत में रिकॉर्ड फिर से चर्चा का विषय बन गया है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को भरोसा है कि वॉर्नर (भारत में टेस्ट में औसत 22.16 है) जिन्होंने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में पिछले साल बॉक्सिंग डे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 200 रनों की पारी खेली थी, जबरदस्त वापसी कर सकते हैं।

# कभी नहीं सोचा था कि भारत के लिए 100 टेस्ट मैच खेलूंगा : पुजारा

### पुजारा दिल्ली में अपना 100वां टेस्ट खेलने के लिए तैयार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि जब उन्होंने अपना करियर शुरू किया था तो कभी नहीं सोचा था कि वह भारत के लिए 100 टेस्ट मैच खेलेंगे। पुजारा ने भारत के साथ 13 साल के शानदार करियर का लुत्फ उठाया है और वह शुक्रवार को दिल्ली में अपना 100वां टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। चेतेश्वर पुजारा ने गुरुवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा : जब मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया और फिर अपना डेब्यू किया, तो मैंने सौ टेस्ट मैच खेलने के बारे में कभी नहीं सोचा था। यह श्रृंखला शुरू हुई और तभी मुझे एहसास हुआ कि मैं अपना 100वां टेस्ट मैच खेलूंगा। करियर में, आप हमेशा उतार-चढ़ाव से गुजरते हैं और आपको उन अवधियों से लड़ना होता है। जब पुजारा 17 फरवरी से दिल्ली में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे, तो वह भारत के लिए 100 टेस्ट खेलनेवाले केवल 13वें



खिलाड़ी बन जाएंगे। क्रिकेट में सबसे अधिक टेस्ट मैच महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने खेला है। वह लंबे प्रारूप में 200 मैच खेलने वाले एकमात्र क्रिकेटर हैं। उन्होंने कहा : अभी और भी बहुत कुछ हासिल करना है। मैं निश्चित रूप से इस 100वें टेस्ट मैच को खेलने के लिए संतुष्ट और वास्तव में उत्साहित हूं। लेकिन साथ ही, हम एक महत्वपूर्ण श्रृंखला खेल रहे हैं। इसलिए, उम्मीद है कि हम यह टेस्ट मैच और उसके बाद अगला मैच जीतकर डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेंगे।

#### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट आज से

**ऑस्ट्रेलिया** के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट 17 से 21 फरवरी तक दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। दिसंबर 2017 के बाद से दिल्ली अपने पहले टेस्ट मैच की मेजबानी कर रही है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में भारत के पास 1-0 की बढ़त है। भारत को टेस्ट रैंकिंग में अपनी बढ़त बनाए रखने और जून में होनेवाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के करीब आने के लिए शुक्रवार से दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टेस्ट जीतना होगा। फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए भारत को सीरीज 3-1 या 3-0 से जीतनी होगी। पुजाना ने कहा : मेरा सपना भारतीय टीम के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतना है, जो पिछले फाइनल में नहीं हुआ था। लेकिन उम्मीद है कि एक बार क्वालीफाई करने के बाद हम उस ओर भी बढ़ेंगे। पुजारा ने अब तक 99 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने अपने 13 साल लंबे टेस्ट करियर में 44.15 की औसत से 7,021 रन बनाए हैं, जिन्होंने 2010 में पदार्पण किया था।

**बेंगलुरु ओपन 2023 : प्रज्वल देव को मिला वाइल्ड कार्ड**

# छह भारतीयों को मिला सीधा प्रवेश



**एजेंसी। बेंगलुरू**

यहां 20 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होनेवाले बेंगलुरू ओपन 2023 में कर्नाटक के स्टार टेनिस खिलाड़ी एसडी प्रज्वल देव को एकल मुख्य ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड दिया गया है, जबकि मौजूदा विंबलडन चैंपियन मैक्स परसेल युगल वर्ग की अगुआई करेंगे। नंबर 1 कर्नाटक टेनिस खिलाड़ी, देव प्रतिष्ठित एटीपी चैलेंजर इवेंट के पांचवें संस्करण में सुमित नागल के बाद वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। टूर्नामेंट का आयोजन कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (केएसएलटीए) द्वारा बेंगलुरु के केएसएलटीए स्टेडियम में किया जाएगा। बेंगलुरु ओपन के टूर्नामेंट निदेशक और केएसएलटीए के संयुक्त सचिव सुनील यजमान ने कहा : बेंगलुरू ओपन में भारतीय उपस्थिति को देखना हमेशा अच्छा होता है; यह हमारा टूर्नामेंट है और भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक मंच है। हमने इस आयोजन के माध्यम से हमेशा भारतीय प्रतिभा का समर्थन और प्रचार किया है और प्रज्वल एक उत्कृष्ट खिलाड़ी हैं। मैं युगल ड्रा में छह भारतीय नामों को देखकर समान रूप से प्रसन्न हूं, जिसमें विंबलडन चैंपियन भी शामिल है। यह टूर्नामेंट की उच्च गुणवत्ता को दर्शाता है। हमारे युगल खिलाड़ियों ने यहां हमेशा यादगार प्रदर्शन किए हैं और मुझे विश्वास है कि यह चलन आगामी संस्करण में भी जारी रहेगा।

देव, जो पिछले साल आईटीएफ स्पर्धाओं में दो बार उपविजेता रहे थे, इस टूर्नामेंट में अपनी चौथी उपस्थिति के दौरान अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक होंगे। इस अवसर के बारे में बात करते हुए, मैसूर में जन्मे खिलाड़ी देव ने कहा: मैं बेंगलुरु ओपन 2023 में खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। एक स्थानीय खिलाड़ी होने के नाते, यह व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। मुझे यह अवसर देने के लिए मैं केएसएलटीए और आयोजकों को धन्यवाद देना चाहता हूं। भारतीय खिलाड़ियों के लिए चैलेंजर्स इवेंट बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम घर पर खेल रहे हैं जहां हम परिस्थितियों से अवगत हैं और हमें बहुत समर्थन भी मिलता है। मुझे उम्मीद है कि मैं और बाकी भारतीय खिलाड़ी इस अवसर का सबसे अधिक लाभ उठाएंगे। अत्यधिक प्रतिस्पर्धी युगल वर्ग में, परसेल, जो दो बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट भी हैं, ने मार्क पोलमैन्स के साथ टूर्नामेंट में भागीदारी की है। फॉर्म में चल रही इस जोड़ी ने साल की शानदार शुरुआत की इस महीने की शुरुआत में बर्नी में चैलेंजर खिताब जीता।

#### रामकुमार भारतीय टीम का करेंगे नेतृत्व

**दो** बार के चैंपियन रामकुमार रामनाथन युगल मुख्य ड्रा में मजबूत भारतीय उपस्थिति का नेतृत्व करेंगे, जिसमें पूरव राजा-दिविज शरण और अनिरुद्ध चंद्रशेखर-एन विजय सुंदर प्रशांत की दो भारतीय जोड़ियाँ भी शामिल हैं। रामकुमार, जिन्होंने इतालवी फ्रांसेस्को मेस्त्रेली के साथ भागीदारी की है, ने क्रमशः साकेत माइनेनी और राजा के साथ खेलते हुए 2022 और 2020 में इस टूर्नामेंट का खिताब जीता। एक अन्य भारतीय अर्जुन काधे भी अपने ऑस्ट्रियाई जोड़ीदार मैक्सिमिलियन न्यूक्रिस्ट के साथ खिताब के लिए संघर्ष करेंगे। क्वालीफायर 19 और 20 फरवरी से खेले जाएंगे जबकि मुख्य ड्रॉ 20 फरवरी से शुरू होगा।

### सक्षम होने पर वापसी करेंगे श्रेयस अय्यर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि श्रेयस अय्यर अगर टेस्ट मैच का भार उठा सकते हैं तो वह प्लेइंग इलेवन में वापसी कर सकते हैं, क्योंकि हाल ही में कुछ दबाव वाली पारियां खेलने के बाद वह टीम में जगह पाने के हकदार हैं। अय्यर को पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला के दौरान पीठ के निचले हिस्से में चोट लगी थी और उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में एक महीने के पुनर्वास कार्यक्रम से गुजरना पड़ा था। अय्यर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट भी नहीं खेल पाए थे, जहां सूर्यकुमार यादव ने पदार्पण किया था। हालांकि, द्रविड़ ने अय्यर के दूसरे टेस्ट में खेलने की पुष्टि तो नहीं की, लेकिन उन्होंने कहा कि कोई भी अच्छा प्रदर्शन करनेवाला खिलाड़ी अगर चोट के बाद वापस आता है तो उसे अपनी जगह वापस मिल जाएगी।

# डब्ल्यूटीटी : स्टार कंटेंडर गोवा में ग्लोबल चैलेंज हुआ मजबूत

### महिलाओं की विश्व चैंपियन वांग मनु को मिला डब्ल्यूटीटी नामांकन

**एजेंसी। गोवा**

ओलंपिक चैंपियन मा लॉन्ग, चेन मेंग और अब मौजूदा महिला विश्व चैंपियन और दुनिया की नंबर तीन वांग मैन्यू की वाइल्डकार्ड एंट्री से आगामी विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) स्टार कंटेंडर गोवा में चीनी चुनौती अब और भी अधिक मजबूत हो गयी है।

27 फरवरी-मार्च 05, 2023 तक गोवा में होनेवाले डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर में टेबल टेनिस की शासी विश्व निकाय, इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन (आईटीटीएफ) की वाणिज्यिक इकाई द्वारा जारी आठ वाइल्डकार्ड और डब्ल्यूटीटी नामांकन की सूची का नेतृत्व मौजूदा विश्व चैंपियन वांग मैन्यू करेंगी।



भारत में खेले जानेवाले टेबल टेनिस के अब तक के सबसे बड़े टूर्नामेंट, डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर गोवा की मेजबानी स्तूपा एनालिटिक्स एवं गोवा सरकार द्वारा की जा रही है, स्तूपा एनालिटिक्स वर्ल्ड टेबल टेनिस का डेटा एनालिटिक्स का पार्टनर भी है। भारत में टेबल टेनिस की शासीय निकाय, टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) इस टूर्नामेंट का सहयोगी भागीदार भी होगा। 24 साल की वांग जो चीनी टेबल टेनिस की टॉप प्रतिभाओं में से एक हैं, के अलावा एक अन्य आगामी चीनी स्टार वांग चुक्विन एक जबरदस्त अटैकिंग खिलाड़ी जिन्हें खेलते देखना हमेशा रोमांचक होता है, वह पुरुषों की रैंकिंग में वर्तमान विश्व नंबर तीन हैं। इन्हें भी चार पुरुष डब्ल्यूटीटी वाइल्डकार्ड एंट्री में से एक स्लॉट प्राप्त हुआ है। इस 22 वर्षीय ने पिछले साल डब्ल्यूटीटी कप फाइनल तो जीता ही था बल्कि इसके अलावा एक छोटे लेकिन प्रभावशाली करियर में तीन अन्य खिताब भी जीते हैं ।



### अर्जेंटीना ओपन : कार्लोस ने जीत से की शुरुआत

**ब्यूनस आयर्स।** तीन महीने से अधिक समय बाद अपना पहला एटीपी टूर मैच खेल रहे कार्लोस अल्कराज ने अर्जेंटीना ओपन में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। अल्कराज ने बुधवार रात खेले गए एकल वर्ग के पहले दौर के मुकाबले में लास्लो जेरे को शिकस्त दी। हाल ही में पेट और हैमस्ट्रिंग की चोटों से वापसी करते हुए, अल्कराज ने दो घंटे तक चले मैच में लेस्लो जेरे के खिलाफ 6-2, 4-6, 6-2 से जीत दर्ज की। अल्कराज ने मैच के बाद कहा : फिर से जीतना शानदार अहसास है। बिना किसी प्रतिस्पर्धा के, बिना किसी मैच के, मुझे चोटों से उबरने में काफी समय लग गया। आखिरकार, मुझे 2023 की अपनी पहली जीत मिली।

### होप वनडे और पॉवेल टी-20 टीम के कप्तान नियुक्त

**सेंट जॉन्स।** शाई होप और रोवमैन पॉवेल को क्रमशः वेस्टइंडीज के वनडे और टी-20 टीमों का कप्तान नियुक्त किया गया है। होप और पॉवेल निकोलस पूरन की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज के टी-20 विश्व कप के पहले दौर से बाहर होने के बाद सीमित ओवरों के कप्तान के रूप में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। होप और पॉवेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 16 मार्च से शुरू होने वाली आगामी वनडे और टी-20 सीरीज में वेस्टइंडीज का नेतृत्व करेंगे। होप को 2019 में वेस्टइंडीज की एकदिनी टीम का उप-कप्तान नामित किया गया था और जून 2022 में वह उप-कप्तान की भूमिका में दोबारा लौटे थे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज होप ने 104 एकदिवसीय मैच खेले हैं, जिसमें 48.08 की औसत से 4308 रन बनाए हैं। इस बीच, पॉवेल पिछले साल कैरेबियन प्रीमियर लीग जीतने वाली जमैका तल्लावाह के कप्तान थे। उन्होंने नवंबर में जमैका स्कॉर्पियन्स को सीजी यूनाइटेड सुपर50 कप का खिताब भी दिलाया था।

### सेना ने कश्मीर में महिला स्नो क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया

**एजेंसी। श्रीनगर**

खेलो इंडिया पहल के तहत सेना ने गुरुवार को उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के पंजगाम गांव में महिला स्नो क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में क्रालपोरा और मील्याल ब्लॉक से कुल चार टीमें देखी गईं। सेना ने कहा : यह कुपवाड़ा में अपनी तरह का पहला आयोजन था, जिसमें युवा लड़कियों ने बफीर्ले मैदान पर क्रिकेट खेला, खेल के प्रति समुदाय के जुनून का प्रदर्शन किया। लड़कियों ने खेल में उत्साह के साथ खेल में भाग लिया। इस क्षेत्र में लड़कियों के लिए पहली बार शीतकालीन खेल प्रतियोगिता देखने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित थे। भारतीय सेना द्वारा कुपवाड़ा में इस तरह के लगातार आयोजनों में स्थानीय महिलाओं की व्यापक भागीदारी देखी गई है।

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी** पूर्व कप्तान ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को दी सलाह, कहा

# दूसरे मैच में कठिन फैसला ले ऑस्ट्रेलिया

### तीन तेज गेंदबाज और एक स्पिनर के साथ उतरने को कहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ऐलन बॉर्डर ने बॉर्डर-गावस्करट्रॉफी के दूसरे टेस्ट के लिए महत्वपूर्ण बदलाव का सुझाव दिया है। उनका मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को तीन तेज गेंदबाज और सिर्फ एक स्पिनर के साथ उतरना चाहिए। बॉर्डर ने एसईएन ब्रेकफास्ट पर कहा : हम उन पिचों को देखते हैं जो टर्न वाली हैं और कहते हैं कि हमें कुछ स्पिनरों के साथ खेलना चाहिए। मैं थोड़ा अलग सोचता हूं। मुझे लगता है कि हमें अपनी ताकत के साथ जाना चाहिए, अपने तेज गेंदबाजों को मौका देना चाहिए। हमें अपनी बल्लेबाज के लिए योजना बनानी चाहिए। इसलिए चयन में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव करके तीन तेज गेंदबाज और सिर्फ एक स्पिनर के साथ खेलना चाहिए।

उन्होंने कहा : उस फॉर्मूले ने आम तौर पर हमारे लिए काम किया है। जब हमने अतीत में भारत में ग्लेन मैकग्राथ, माइकल क्रेसप्रोविज, जेसन गिलेस्पी को मौका दिया है। उन्होंने शानदार गेंदबाजी की है। हमारे लिए और 20 विकेट हासिल करने के लिए तेज गेंदबाज वास्तव में अच्छा काम कर रहे हैं। जैसा कि लाइनअप में किस स्पिनर को होना चाहिए, बॉर्डर ने ऑस्ट्रेलिया को एक कठिन फैसला लेने को कहा है। उन्हें टॉड मर्फी की जगह नाथन लियोन को तरजीह देने के लिए कहा है। उन्होंने कहा : आपको लियोन के साथ दूसरे टेस्ट में जाना चाहिए। उन्होंने कई सालों से अच्छी गेंदबाजी की है। उनके पास ऐसी पिचों पर काफी अनुभव भी है। युवा टॉड मर्फी को बाहर करना एक कठिन निर्णय होने जा रहा है, मुझे पता है कि विकेट टर्न लेनेवाला है, लेकिन मुझे लगता है कि हमारे सफल होने का फॉर्मूला तीन तेज गेंदबाज और एक स्पिनर है। ऑस्ट्रेलियाई महान ने पहले टेस्ट के लिए ट्रेविस हेड को बाहर करने के फैसले के लिए चयनकर्ताओं को भी फटकार लगाते हुए कहा कि यह बल्लेबाज नागपुर टेस्ट में खेलने का हकदार था। टेस्ट में हाल के दिनों में हेड ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए जबरदस्त फॉर्म में रहे हैं। भारत दौरे से पहले, हेड ने वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घर में पांच टेस्ट खेले, जिसमें 175 के उच्चतम स्कोर के साथ 603 रन बनाए।

इधर, दूसरे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया कि मिशेल स्टार्क को मौका देने के बजाय गेंदबाजी विभाग में तीन स्पिनर को उतारा जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया की इस योजना से बाएं हाथ के स्पिनर एश्टन एगर और मैथ्यू कुहनमैन शुक्रवार से नई दिल्ली में नाथन लियोन और टॉड मर्फी की ऑफ स्पिन जोड़ी के साथ खेलने की तैयारी में हैं। कमिंस ने कहा : मुझे लगता है कि इस मुद्दे पर बातचीत चल रही है। हम आज के अंत तक इस पर फैसला करेंगे, मुझे उम्मीद है कि वह इस प्रकार की परिस्थितियों में दुनिया के प्रमुख गेंदबाजों में से एक है। उम्मीद है कि जैसी पिच नजर आ रही है वैसी हो।

#### स्टार्क और ग्रीन को शामिल करने पर संशय में ऑस्ट्रेलिया

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया कल से शुरू हो रहे दिल्ली टेस्ट के लिए मिशेल स्टार्क और कैमरून ग्रीन को अंतिम एकादश में शामिल करने पर अभी कोई निर्णय नहीं ले सका है। दोनों खिलाड़ी, उंगली की चोटों से उबर रहे हैं। नागपुर में खेले गए पहले टेस्ट मैच में दोनों खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा नहीं थे, यह मैच ऑस्ट्रेलिया एक पारी और 132 रन से हारा था। ग्रीन और स्टार्क दोनों ने टेस्ट मैच से दो दिन पहले अरुण जेटली स्टेडियम में लंबा अभ्यास सत्र किया, लेकिन अलग-अलग तरह की असुविधा का अनुभव किया। मिचेल स्टार्क, जो सीधे दिल्ली पहुंचे, ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि वे ठीक होने के रास्ते पर थोड़ा और आगे बढ़ गए होंगे, लेकिन थोड़ी दिक्कत अभी भी है। दूसरी ओर, ग्रीन ने पूरे जोश के साथ गेंदबाजी की, लेकिन पहली बार तेज थ्रोडाउन का सामना करते हुए उन्हें कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा।




# सरकार ने गेहूं की ई-नीलामी करने का फैसला



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आटे की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए केंद्र सरकार ने गेहूं की ई नीलामी करने का फैसला किया है। केंद्र सरकार के मुताबिक गेहूं और आटे की बढ़ती कीमतों को काबू में रखने के लिए यह ई-नीलामी मार्च 2023 के दूसरे सप्ताह तक हर बुधवार को की जायेगी। इस बीच भारतीय खाद्य निगम ने 15 फरवरी, 2023 को जो दूसरी ई-नीलामी की थी, उसमें 1060 से अधिक बोलीकर्ताओं ने हिस्सा लिया और 3.85 एलएमटी गेहूं की बिक्री की गई। निगम ने 15.25 एलएमटी गेहूं के भंडारण की नीलामी की पेशकश की थी। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की दूसरी ई-नीलामी में 100 से 499 एमटी की मात्रा की अधिकतम मांग थी। इसके बाद 500-1000 एमटी मात्रा की मांग दूसरे नंबर पर रही। तीसरे नंबर पर 50-100 एमटी गेहूं की मांग रही। इससे पता चलता है कि नीलामी में छोटे और मंझोले आटा मिल वालों तथा कारोबारियों ने सक्रिय हिस्सा लिया। एकमुश्त 3000 एमटी की अधिकतम मात्रा के लिये केवल पांच बोलियां ही प्राप्त हुई थीं। नीलामी में एफसीआई ने औसत दर 2338.01 रुपये कुंतल जारी की थी। दूसरी ई-नीलामी में एफसीआई ने 901 करोड़ रुपये अर्जित किये। मंत्रालय का कहना है कि देश में गेहूं और आटे की बढ़ती कीमतों को काबू में रखने के लिये मंत्रियों के समूह द्वारा की जाने वाली सिफारिशों के अनुपालन में एफसीआई ई-नीलामी के लिये गेहूं की पेशकश कर रहा है। ई-नीलामी के जरिये गेहूं की बिक्री देशभर में मार्च 2023 के दूसरे सप्ताह तक हर बुधवार को की जाएगी। भारत सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, सहकारिताओं तथा केंद्रीय भंडार, एनसीसीएफ और नाफेड जैसे संघों के लिये बिना ई-नीलामी के 3 एलएमटी गेहूं का आवंटन किया है। पहले रियायती दरों पर गेहूं 23.50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से उठाया जा सकता था। इसी तरह इस योजना के तहत आटा भी जनता को एमएसपी की दर के मद्देनजर उपलब्ध कराया जाता रहा है, जो 29.50 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक नहीं था। भारत सरकार ने इन दोनों दरों में संशोधन कर दिया है, जिसके अनुसार गेहूं 21.50 रुपये प्रति किलोग्राम और आटा एमएसपी की दर से ऐसे भंडारण से उठाया जा सकता है, जिसकी कीमत 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक नहीं होगी। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) को उपरोक्त योजना के तहत आठ राज्यों में 68,000 एमटी गेहूं उठाने की अनुमति दी गई है। इस योजना के तहत नाफेड को 1 एलएमटी गेहूं का आवंटन और केंद्रीय भंडार को 1.32 एलएमटी गेहूं का आवंटन किया गया है, ताकि देशभर में आटे की कीमत को नीचे लाया जाए। एफसीआई से भंडारण उठाने के बाद आटे की बिक्री इन्हीं सहकारिताओं द्वारा संचालित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि ओएमएसएस (डी) योजना के जरिए दो महीनों की अवधि में बाजार में ओएमएसएसडी (डी) के तहत बिक्री के लिये 30 एलएमटी गेहूं रखा गया था, जिसमें से 25 एलएमटी से अधिक गेहूं उठा लिया गया है। यह गतिविधि अनेक चैनलों के माध्यम से चलाई जा रही है। इसका भी गेहूं और आटे की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने में भूमिका रहेगी तथा खाद्य अर्थव्यवस्था में कीमतों को स्थिर कर आम आदमी को राहत मिलेगी।

### कुकिंग ऑयल की कीमत से मिलेगी राहत

## तीन माह में खाद्य तेल के आयात में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

खाने के तेल का आयात पिछले महीने यानी कि जनवरी 2023 में बड़ी संख्या में हुआ है। खाद्य तेल का आयात जनवरी में 33 फीसदी बढ़कर 16.61 लाख टन पहुंच चुका है। सी के रिपोर्ट के मुताबिक ये सितंबर 2021 के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा आयात है। सबसे ज्यादा सूरजमुखी के तेल का आयात हुआ है। जनवरी में वनस्पति तेल का आयात 31 प्रतिशत बढ़कर 16.61 लाख टन है, जो पिछले साल इस अवधि में 12.70 लाख टन था। वित्त वर्ष 2022-23 के नवंबर से अक्टूबर तिमाही के दौरान वेजिटेबल ऑयल का टोटल इम्पोर्ट 30 फीसदी बढ़कर 47,73,419 टन हो चुका है, जो इस अवधि में पिछले साल 36,71,161 टन रहा है। वहीं पिछले साल के नवंबर से जनवरी की बात करें तो खाद्य तेल का आयात इस अवधि में 47,46,290 टन हुआ है, जो इससे पिछले साल इस अवधि में 36,07,612 टन रहा है, जबकि गैर-खाद्य तेल का आयात गिरावट के साथ 27,129 टन हुआ है, जो पिछले साल इस अवधि में 63,549 टन था। भारत का जनवरी का सूरजमुखी तेल का आयात बढ़कर 4.61 लाख टन हो गया।

# निवेशक घबराएं नहीं, कर्ज चुकाने के लिए हैं पैसे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग के भंवर में फंसे अडाणी ग्रुप ने अपने निवेशकों को कंपनी पर भरोसा बरकरार रखने की कोशिश की है। विगत बुधवार को ग्रुप ने निवेशकों को आश्वस्त किया है कि उनकी बैलेंस शीट अच्छी स्थिति में है। इन्वेस्टर्स से चर्चा के दौरान ग्रुप सीएफओ का ये बयान ऐसे समय पर आया है, जबकि उसका मार्केट कैप आधे से ज्यादा घट गया है। बुधवार को शेयर बाजार में कारोबार के दौरान अडाणी ग्रुप के चार शेयरों में फिर से लोअर सर्किट लगा, लेकिन बाकी कंपनियों के शेयर हरे निशान पर कारोबार करते हुए नजर आए। इस बीच कंपनी की ओर से बैलेंस शीट दुरुस्त होने की बात कही गई और बताया गया कि हिंडनबर्ग के असर के बावजूद उनका पूरा फोकस ग्रुप के कारोबार की रफ्तार को बनाए रखने पर है। पीटीआई के मुताबिक, अडाणी ग्रुप के मुख्य वित्त अधिकारी जुगशिंदर रॉबी सिंह ने तिमाही नतीजों के बाद निवेशकों के साथ चर्चा करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा, 'हमारे पास पर्याप्त नकदी है और हम अपने कर्जों को चुकाने की क्षमता रखते हैं।' सिंह ने आगे कहा कि मौजूदा बाजार के स्थिर होते ही हम अपनी पूंजी बाजार रणनीति की फिर से समीक्षा करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि हमारा ध्यान बाजार के उतार-चढ़ाव में कारोबार की रफ्तार जारी रखने पर केंद्रित हैं।

बीते 24 जनवरी 2023 को रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग द्वारा ग्रुप को लेकर पब्लिश की गई रिपोर्ट में कई शेयरों में हेर-फेर समेत कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। इसके बाद से गौतम अडाणी की कंपनियों के शेयर इस कदर टूटे कि अब तक ग्रुप का मार्केट कैप 125 अरब डॉलर तक घट गया है। हालांकि, इस रिपोर्ट के जारी होने के बाद समूह की ओर से जारी स्टेटमेंट में इसे निराधार करार दिया गया था। लेकिन निवेशकों के सेंटिमेंट पर रिपोर्ट के विपरीत असर को कम करने में अडानी ग्रुप नाकाम रहा। इसके चलते गौतम की नेटवर्थ में जोरदार गिरावट देखने को मिली और अमीरों की लिस्ट में वे देखते ही देखते चौथे पायदान से 24वें नंबर पर आ गए। सीएफओ जुगशिंदर रॉबी सिंह ने निवेशक चर्चा में कहा कि ग्रुप की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का अनुशासित तरीके से पूंजी लगाने का 25 वर्षों का इतिहास रहा है और इस अवधि में समूह की कंपनियां कई क्षेत्रों में अगुवा बनकर उभरी हैं। बता दें कि हिंडनबर्ग से ग्रुप पर पड़े असर के बीच अब गौतम अडाणी ने शॉर्ट सेलर फर्म से आर-पार का मन बना लिया है और कानून लड़ाई के लिए अमेरिकी लॉ फर्म वॉचटेल को चुना है। ये वही लॉ फर्म है जिसे ट्विटर ने एलन मस्क के खिलाफ इस्तेमाल किया था और 44 अरब डॉलर की डील अंजाम तक पहुंची थी। अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने मंगलवार को 14 फरवरी 2023 को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के अपने नतीजे जारी कर दिए थे। इस दौरान कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 820 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने दिसंबर की तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। पिछले साल की इसी तिमाही में अडानी एंटरप्राइजेज को 11.63 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। लेकिन इस साल की दिसंबर की तिमाही में अडानी एंटरप्राइजेज ने जोरदार मुनाफा दर्ज किया है।

## डीबी पावर के अधिग्रहण से पीछे हटे ग्रुप




**एजेंसी। नई दिल्ली**

हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों के बाद अडाणी समूह के विस्तार योजना को एक और झटका लगा है। समूह की पावर कंपनी अडाणी पावर ने डीबी पावर के अधिग्रहण करने के फैसले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। 7017 करोड़ रुपये में अडाणी समूह को 15 फरवरी 2023 तक डीबी पावर के अधिग्रहण के लिए ट्रांजेक्शन पूरा करना था जो समय सीमा अब खत्म हो चुकी है। अमेरिकी शार्टसेलर हिंडनबर्ग के रिपोर्ट में अडाणी समूह पर लगाये गए अनियमितताओं के आरोपों के बाद समूह के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली। समूह के शेयरों में इस गिरावट के चलते कंपनी को अपने विस्तार योजनाओं का समीक्षा करना पड़ रहा है। क्योंकि हिंडनबर्ग के आरोपों के बाद कंपनी के लिए विस्तार योजनाओं को पूरा करने के लिए जरुरी पूंजी जुटाना, बड़ी चुनौती बनती जा रही है। इसी के चलते अडाणी पावर ने डीबी पावर के अधिग्रहण के फैसले से अब पीछे हट गई है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग सीसीआई ने 29 सितंबर 2022 को अडाणी पावर द्वारा डीबी पावर के अधिग्रहण को हरी झंडी दे दी थी। जिसके बाद डील को पूरा करने के लिए चार बार डेडलाइन बढ़ाया गया और आखिरी डेडलाइन 15 फरवरी 2023 था जो खत्म हो चुका है। अडाणी पावर ने एक्सचेंजों को डील के एक्सपायर होने की सूचना दी है। इस डील के खत्म होने से अडाणी पावर को झटका लगा है। क्योंकि कंपनी ऊर्जा के क्षेत्र में पूरे देश में विस्तार योजना को अंजाम देने पर जोर दे रही थी। इस डील के पूरा होने के बाद अडाणी पावर निजी क्षेत्र में थर्मल पावर उत्पादन करने वाली सबसे बड़ी निजी कंपनी बन जाती। 2021 में कंपनी ने 26000 करोड़ रुपये में एसबी एनर्जी इंडिया का अधिग्रहण किया था। अडाणी पावर के पास पांच राज्यों में सात थर्मल पावर एसेट्स हैं जहां से 13.6 गीगावाट बिजली उत्पादन करने की क्षमता है। कंपनी 40 मेगावाट सोलर से भी बिजली उत्पादन करती है। 30 सितंबर 2022 तक कंपनी के ऊपर 36,031 करोड़ रुपये का कर्ज बकाया था।

## सोना में मामूली बढ़त, चांदी की चमक भी हुई तेज

**नई दिल्ली।** जनवरी, 2023 में सोने की कीमत रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गई थी। महीने के अंत तक सोना 58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। मगर फरवरी महीने की शुरूआत के साथ ही इसके प्राइस में नरमी दिखने लगी थी। गुरुवार के दिन सोना पिछले महीने की रिकॉर्ड लेवल 58,800 रुपये से 2,700 रुपये से कम था। पिछले महीने सोना 58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया था। वहीं आज मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मार्केट खुलने के साथ ही सोना हल्की तेजी के साथ 56,258 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पर कारोबार कर रहा था। वहीं सुबह 11:30 बजे सोने में हल्की गिरावट देखी गई और यह 56,166 रुपये पर कारोबार करता देखा गया। कल सोना 56,126 रुपये पर बंद हुआ था। ऐसे में कल के मुकाबले सोना आज हल्की तेजी के साथ कारोबार कर रहा है। वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी में भी हल्की बढ़त दर्ज की जा रही है। बाजार खुलने के साथ ही चांदी 65,651 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रहा था।

## सिक्किम के लोगों को नहीं देना पड़ता है इनकम टैक्स




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में हर उस व्यक्ति को इनकम टैक्स देना पड़ता है जिसकी इनकम एक तय सीमा से ज्यादा होती है। फिलहाल देश में दो तरह के टैक्स रिजीम है। जिसमें एक पुरानी टैक्स व्यवस्था है और दूसरी नई टैक्स व्यवस्था है। पुराने टैक्स रिजीम के मुताबिक 5 लाख रुपये की इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ता है। वहीं नई टैक्स रिजीम के मुताबिक 7 लाख रुपये की इनकम पर टैक्स छूट का लाभ मिलेगा। इन सभी के बीच क्या आपको पता है कि देश का एक राज्य ऐसा भी है जहां लोगों को एक रुपये भी इनकम टैक्स के रूप में नहीं देना पड़ता है। जिस राज्य के लोगों को इनकम टैक्स नहीं देना पड़ता है उस राज्य का नाम है सिक्किम। देश के पूर्वोत्तर हिस्से में स्थित सिक्किम राज्य अपनी खूबसूरती के लिए देश और दुनिया में जाना जाता है। इस राज्य के लोगों को टैक्स न देने की छूट मिली हुई है। खास बात ये है कि इस राज्य के 95 फीसदी लोगों को 1 रुपये भी इनकम टैक्स नहीं देना पड़ता है। इसका कारण ये है कि राज्य के भारत संघ में विलय के वक्त भारत सरकार ने राज्य के लोगों को टैक्स देने से छूट की सुविधा दी थी। राज्य को आर्टिकल 371अ के तहत एक विशेष राज्य का दर्जा मिला है। इस कारण इस राज्य में दूसरे प्रदेश के लोग प्रॉपर्टी भी नहीं खरीद सकते हैं। वहीं, इस राज्य के मूल निवासियों को इनकम टैक्स 1961 की धारा 10 के तहत इनकम टैक्स देने से छूट का लाभ मिलता है।

## एसबीआई ने लॉन्च किया अमृत कलश स्कीम

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अपने करोड़ों ग्राहकों के लिए खुशखबरी लेकर आया है। बैंक ने सीमित अवधि में एसबीआई अमृत कलश स्कीम को लॉन्च किया है। इस स्कीम के तहत सामान्य नागरिकों को 7.10 फीसदी ब्याज ऑफर कर रहा है। वहीं सीनियर सिटीजन को 0.50 फीसदी ज्यादा ब्याज यानी 7.60 फीसदी तक का रिटर्न मिल रहा है। वहीं स्टेट बैंक के स्टाफ और पेंशनरों को इस स्कीम पर 1 फीसदी एक्स्ट्रा ब्याज दर मिल रहा है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में कई बैंकों ने अपने एफडी रेट्स में बढ़ोतरी की है। कई स्मॉल फाइनेंस बैंक अपने ग्राहकों को एफडी स्कीम पर 9.00 फीसदी तक का ब्याज दर ऑफर कर रहे हैं। ऐसे में स्टेट बैंक ने भी अपनी ब्याज दरों में इजाफा हुआ है। एसबीआई का अमृत कलश स्कीम का कुल टेन्योर 400 दिन का है।

## पोस्ट ऑफिस दे रहा है सेविंग्स पर 4 फीसदी ब्याज



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगर आप भारतीय डाकघर में बचत खाता या निवेश के लिए किसी स्कीम में पैसा लगाते है। तो उससे जुड़ी जानकारी आपको जरूर पता होनी चाहिए। पोस्ट ऑफिस सेविंग्स अकाउंट पर आपको कई तरह की सुविधाएं मिलती है। लेकिन बैंक की तरह पोस्ट ऑफिस भी आपसे इन सुविधाओं के लिए चार्ज लगाता है। अक्सर पोस्ट ऑफिस में खाते का उपयोग लोग तरह-तरह की योजनाओं में निवेश करने के लिए करते है। इसमें सुनिश्चित गारंटीड रिटर्न मिलता है। इस खबर में हम आपको पोस्ट ऑफिस के सेविंग अकाउंट से जुड़ी अन्य सेवाएं और शुल्क के बारे में जानकारी देने जा रहे है। पोस्ट ऑफिस सेविंग्स अकाउंट पर आपको 4 फीसदी की ब्याज दर की सुविधा मिलती है। पोस्ट ऑफिस की अधिकांश योजनाएं देश भर के डाकघरों में उपलब्ध हैं। भारतीय डाकघर की किसी भी शाखा में जाकर आप इसका लाभ उठा सकते है। इसमें डुप्लीकेट पासबुक से लेकर अकाउंट ट्रांसफर कराने के लिए कई तरह के चार्ज भी लगाए जाते है। डाकघर बचत खाता किसी अन्य बैंक के बचत खाते की तरह ही काम करता है। पोस्ट ऑफिस के इस खाते में आप न्यूनतम 500 रुपये जमा कर सकते है। साथ ही न्यूनतम 50 रुपये की राशि निकाल सकते है। पोस्ट ऑफिस में लंबी अवधि के फायदे को देखते हुए कई योजनाएं पैसा दोगुना भी करके देती है। डाकघर बचत खाता धारकों को 10,000 रुपये और उससे अधिक की राशि निकालने से पहले अपनी पहचान सत्यापित करानी पड़ती है।

## पेज एक के शेष

### 13 उपद्रवी गिरफ्तार...

मुख्यालय की नजर है और लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस की आईटी सेल की सोशल मीडिया पर पैनी नजर है। सोशल मीडिया पर किसी तरह के आपत्तिजनक पोस्ट होने पर कठोर करवाई करने की बात कही गई है। सिर्फ पलामू ही नहीं, झारखंड के अन्य इलाके के सोशल मीडिया पर भी पुलिस की नजर बनी हुई है। आईजी, डीसी, एसपी समेत जिले के सभी वरीय पदाधिकारी लगातार पांकी में कैंप किए हुए हैं। पूरा पांकी इलाका पुलिस छावनी में तब्दील है। आने-जाने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। मुख्य सड़क से लेकर ग्रामीण इलाके तक लगातार पुलिस गश्त कर रही है। पलामू के पूर्व एसपी सह सीनियर आईपीएस इंद्रजीत महथा को हालात को देखते हुए पलामू में तैनात किया गया है। इंद्रजीत महथा पलामू पहुंच गए हैं। वहीं, मौके पर पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा, डीसी ए दोड्डे, एसपी चंदन कुमार सिन्हा समेत कई अधिकारी मौके पर कैम्प कर रहे थे।

### सरयू राय का दावा...

सरकार की पांच दवा निर्माता कंपनियों से उनके द्वारा निर्धारित दर पर दवा खरीदी जाए। यह संलेख मंत्रिपरिषद में भेजकर स्वीकृति ली और टेंडर दर से तीन-चार गुना अधिक दर पर दवा की खरीदी की गई। इन कंपनियों को फायदा पहुंचाया, जिसके कारण सरकारी खजाना को 150 करोड़ से 200 करोड़ का नुकसान पहुंचा।

सरयू राय के अनुसार, दवाओं एवं मेडिकल उपकरणों की खरीद के लिए झारखंड सरकार ने एक लोक उपक्रम गठित किया है, जिसका नाम है झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्यूमेंट कॉरपोरेशन लि.। इस उपक्रम ने दवाओं की खरीद के लिए दिनांक 22.04.2020 को एक निविदा प्रकाशित किया। निविदा निष्पादन के उपरांत विभिन्न दवाओं की आपूर्ति करने के लिए न्यूनतम दर वाले निविदादाता आपूर्तिकर्ताओं का चयन हो गया। निविदा के आधार पर चयनित दवा आपूर्तिकर्ताओं को दिनांक 15.06.2020 एवं बाद की अन्य तिथियों को निगम ने न्यूनतम दर का उल्लेख करते हुए पत्र भेजा कि वे 19.06.2020 एवं अन्य संबंधित तिथियों तक इस बारे में एग्रीमेंट कर लें। इस बीच झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग में षड़यंत्र आरम्भ हुआ। राय का आरोप है कि इस षडयंत्र में भारत सरकार के उपर्युक्त दवा निर्माता लोक उपक्रम शामिल हुए और सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इस षड्यंत्र का सूत्रधार बने। निविदा दर पर दवाओं की आपूर्ति नहीं ली गई। विभागीय संचिका में एक प्रस्ताव तैयार हुआ कि दवाओं की खरीद भारत सरकार के उपरिलिखित पांच लोक उपक्रमों से उनके द्वारा निर्धारित दर पर की जाए। तदनुसार स्वास्थ्य विभाग ने इस निर्णय पर राज्य सरकार के मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए एक संलेख तैयार किया। दिनांक 03.02.2021 की मंत्रिपरिषद की बैठक में यह संलेख स्वीकृत हो गया। तदनुसार विभागीय सचिव ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी। इसके बाद काफी ऊंची दर पर दवाओं की खरीद करने का स्वास्थ्य विभाग का षड्यंत्र सफल हो गया जो अभी तक चल रहा है।

सरयू राय का दावा है कि उन्हें ऐसी सूचना मिली है कि जब उन्होंने इस षड्यंत्र का भंडाफोड़ 1 फरवरी 2023 को संवाददाता सम्मेलन में कर दिया, तब कंपनियों से ऊंची दर पर दवाओं की खरीद करने के अद्यतन आदेश पर रोक लग गई है। राय ने सवाल उठाया है कि जब 2020-21 में दवाओं की खरीद के लिए खुली निविदा प्रकाशित हुई तो केंद्र सरकार के उपर्युक्त दवा निर्माता कंपनियों ने निविदा में भाग क्यों नहीं लिया? निविदा के आधार पर न्यूनतम दर पर दवा आपूर्ति करनेवालों को एग्रीमेंट करने का पत्र चला गया, तब दवाओं की आपूर्ति इनसे क्यों नहीं ली गई ? ऐसा किसके आदेश से हुआ? किसके आदेश से केंद्रीय लोक उपक्रमों से ऊंची दर पर दवा खरीदने का निर्णय स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिया गया? यह निर्णय लेते समय विभागीय संचिका में निविदा पर चयनित आपूर्तिकर्ताओं की दवाओं की दरों और मनोनयन पर चयनित कंपनियों की दवाओं की दरों की तुलनात्मक विवेचना हुई या नहीं? इस कारण राजकीय खजाना पर पड़ने वाले अरबों रुपए के अतिरिक्त बोझ का आकलन स्वास्थ्य विभाग ने किया या नहीं?

### विदेशी मेहमानों की...

प्रदान करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल के लिए एटीएस के द्वारा एक सेटअप तैयार किया गया था, जिसमें आतंकवादी होटल में रहनेवाले लोगों को बंधक बना लेते हैं, उसके बाद एटीएस की टीम किस तरह होटल में बंदी बने लोगों को आतंकियों से के चुंगल से सकुशल मुक्त करा कराते हैं, यह दर्शाया गया। एटीएस के अभ्यास के दौरान अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस के साथ-साथ सभी तरह के जरूरी तकनीक का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान पूरे होटल पर ड्रोन कैमरे से नजर रखी गई और उसकी वीडियोग्राफी भी करवाई गई।

**मार्च में होगी बैठक :** दुनिया के विकासशील और विकसित देशों का संगठन जी-20 की बैठक मार्च के पहले सप्ताह में होनी है। बैठक के लिए दरभंगा हाउस स्थित कोल इंडिया के कांफ्रेंस हॉल को चुना गया है। बैठक में जी-20 देशों के करीब 540 प्रतिनिधि भाग लेंगे। इन प्रतिनिधियों को उनके ग्रेड के अनुसार सुरक्षा उपलब्ध करायी जायेगी। पुलिस मुख्यालय की तरफ से सभी मेहमानों की सुरक्षा श्रेणी हासिल की गई ताकि उन्हें उसी अनुरूप सुरक्षा उपलब्ध करवाई जा सके। मसलन अगर किसी को जेड या जेड प्लस स्तर की सुरक्षा पहले से मिली हुई है, तो उन्हें यहां पर भी उसी तरह की सुरक्षा मिलेगी। विदेशी मेहमानों की सुरक्षा में एटीएस की टीम को भी लगाया गया है। रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल और जहां-जहां विदेशी मेहमान भ्रमण के लिए निकलेंगे, वहां एटीएस की टीम अलर्ट मोड में रहेगी।

### रिसर्च | नोकिया मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स का शोध परिणाम

# 5जी आने से डेटा हो जाएगा दोगुना




**एजेंसी। नई दिल्ली**

नोकिया मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स (एमबीआईटी) की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2024 तक मोबाइल इंटरनेट डेटा का उपयोग दोगुना हो जायेगा और इसमें 5जी नेटवर्क नये त्वरणकर्ता की भूमिका निभायेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि 5जी प्रौद्योगिकी अधिक हरित अर्थव्यवस्था की बुनियाद होगी और अब बिना डिजिटल के ग्रीन की कल्पना नहीं की जा सकती। रिपोर्ट में कहा गया है कि 5जी नेटवर्क देश में कार्य की दक्षता, उत्पादकता और स्वच्छ विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा और इससे भारतीय उद्योग में डिजिटलीकरण को प्रोत्साहन मिलेगा। रिपोर्ट के अनुसार औद्योगीकरण की चौथी क्रांति डिजिटल टेक्नॉलाजी से नियंत्रित विनिर्माण पर आधारित होगी और भारत को 5जी और 4जी दूरसंचार नेटवर्क से आईसीटी (सूचना एवं दूरसंचार प्रौद्योगिकी) के क्षेत्र में विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला का वैश्विक केन्द्र बनने में मदद मिल सकती है।नोकिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कंपनी के भारत में बाजार प्रमुख संजय मलिक ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि देश में मोबाइल डेटा उपयोग पिछले पांच वर्षों में 3.2 गुना से अधिक बढ़ा है और यह 14 एक्साबाइट प्रति माह से अधिक पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि नोकिया की रिपोर्ट के अनुसार देश में मोबाइल डेटा उपयोग प्रति माह 2018 के 4.5 एक्साबाइट से बढ़कर 2022 में 14.4 एक्साबाइट तक पहुंच गया। अक्टूबर में 5जी की वाणिज्यिक शुरूआत के साथ मोबाइल डेटा की खपत बढ़ने का भी संकेत मिला है क्योंकि संचार सेवा प्रदाताओं ने 5जी नेटवर्क की शुरूआत तेजी से नये क्षेत्रों में की है। उन्होंने बताया कि प्रति उपयोगकर्ता औसत डेटा का उपभोग 2018 के बाद से तेजी से बढ़कर 2022 में 19.5 जीबी पहुंच गया है। देश में कुल मोबाइल डेटा उपभोग 2024 तक 43.7 एक्साबाइट होने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि भारत में रिलायंस जियो और भारती एयरटेल में देश में अपने 5जी नेटवर्क सेवा की शुरूआत 2022 की तीसरी तिमाही से कर दी है और सघन उपयोग वाले विभिन्न स्थानों पर उनकी सेवायें काम करने लगी हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2022 में भारत में सात करोड़ 5जी उपकरण बेचे गये। रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति उपयोगकर्ता मोबाइल डेटा की खपत साल दर साल 19 प्रतिशत की दर से बढ़ते हुए 2018 के 9.7 जीबी मासिक से बढ़कर 2022 में 19.5 जीबी मासिक हो गयी।

## इस्तीफे की घोषणा



**संयुक्त राष्ट्र।** डेविड मलपास ने घोषणा की है कि वह जलवायु परिवर्तन नीतियों को लेकर राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन के साथ अनबन के बाद विश्व बैंक के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने बुधवार को कहा कि वह अपने पांच साल के कार्यकाल की समाप्ति से दस महीने पहले जून में अंतरराष्ट्रीय विकास संस्थान छोड़ देंगे। गौरतलब है कि उन्होंने अपनी इस्तीफे की की घोषणा ऐसे समय की है, जब दुनिया भर के कई देश गंभीर वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहे हैं। विश्व बैंक का प्रमुख नियुक्त करना, अमेरिकी राष्ट्रपति का विशेषाधिकार है। बाइडेन मलपास के उत्तराधिकारी की नियुक्ति करेंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### घुसपैठ की कोशिश नाकाम, आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया है। इलाके में तलाशी अभियान जारी है। घुसपैठ की कोशिश को सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में नाकाम कर दिया। पुलिस ने कहा, पिछली रात कुपवाड़ा पुलिस को मिले विशेष इनपुट के आधार पर, सेना और पुलिस की एक संयुक्त टीम ने सैदपोरा क्षेत्र में भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे एक समूह को रोका। संयुक्त टीम ने एक घुसपैठिए को मार गिराया है। तलाश अभी जारी है।

### जाफर एक्सप्रेस में विस्फोट, दो की मौत

**इस्लामाबाद।** क्वेटा जानेवाली जाफर एक्सप्रेस में गुरुवार को हुए विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, विस्फोट चिचावतनी रेलवे स्टेशन से गुजर रही एक्सप्रेस की बोगी नंबर 6 में हुआ। डॉन न्यूज ने साहिवाल जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) फैसल शहजाद के हवाले से बताया कि घायलों को तहसील मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया।

### ब्राजील की जेल में आग लगने से तीन की मौत, 43 घायल

**ब्रासीलिया।** ब्राजील की एक जेल में आग लगने से कम से कम तीन कैदियों की मौत हो गई और 43 अन्य घायल हो गए। पेनिटेंटरी अफेयर्स कमीशन के प्रमुख विलियम शिंजातो ने कहा कि सांता कैटरिना राज्य में फ्लोरिअनोपोलिस की जेल में बुधवार को लगी आग एक सेल में एक गद्दे में लगी थी। ब्राजील के समाचार नेटवर्क ग्लोबोन्यूज ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है और यह जेल के अन्य हिस्सों में नहीं फैली।

### बाजवा के खिलाफ जांच की मांग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी से पूर्व सीओएएस जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा के खिलाफ शपथ और देश के संविधान के कथित उल्लंघन के लिए जांच का आदेश देने को कहा है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।

# चीन की सीमा तक बिछेगी भारत की रेललाइन

### रेलवे के माध्यम से पड़ोसी देशों के साथ परस्पर संपर्क को सशक्त बनाने का फैसला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने रेलवे के माध्यम से पड़ोसी देशों -चीन, नेपाल, बंगलादेश, म्यांमार एवं भूटान के साथ परस्पर संपर्क को सशक्त बनाने की परियोजनाओं को क्रियान्वित करने का फैसला किया है जिनमें सिक्किम में तिब्बत की सीमा पर नाथू ला दर्रे तक रेलवे लाइन बिछाने की योजना शामिल है। सूत्रों के अनुसार इस बार में बजट में रेलवे के प्रावधानों में नेपाल के साथ सात रेलवे लिंक, भूटान के साथ दो लिंक, म्यांमार के साथ कम से कम एक अहम लिंक और बंगलादेश के चटगांव बंदरगाह से साथ त्रिपुरा के बिलोनिया तक रेल लिंक के अलावा सिक्किम में रंगपो से गंगटोक तक 69 किलोमीटर लंबी तथा गंगटोक से नाथूला तक 260 किलोमीटर तक रेल लिंक का संपर्क के लिए आरंभिक सर्वेक्षण के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की गयी है। यह रेल लिंक भारत की सामरिक जरूरतों को तो पूरा करेगा ही। साथ ही शांति काल में तिब्बत के साथ सीमा व्यापार के विस्तार के अवसर भी खोलेगा।

बजट के तुरंत बाद विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने काठमांडू की यात्रा की और नेपाल के नेतृत्व के साथ भारत नेपाल विकास साझीदारी को बल देने के बारे में बात की और इसमें रक्सौल से काठमांडू सहित विभिन्न रेलवे सहयोग परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के बारे में चर्चा हुई। भारत के विदेश सचिव और नेपाल में उनके समकक्ष भरत राज पौडयाल के साथ हुई बैठक में सीमापार रेल और रोड कनेक्टिविटी पर बात हुई। इस दिशा में कार्य प्रगती की समीक्षा की गयी और इसे कैसे और तेजी से किया जाए इसपर बात हुई। इस बैठक में इस बात पर भी अधिक जोर दिया गया कि नेपाल की राजधानी काठमांडू तक ट्रैक बिछाने में आ रही व्यावहारिक परेशानियों को कैसे दूर किया जाए।



### रक्सौल से काठमांडू जाने में दो घंटे से कम समय लगेगा

रक्सौल से काठमांडू तक कुल छह स्टेशन होंगे जिसमें जितपुर, नीजगढ़, शिकारपुर, सिसनेरी, साथीखेल और छोबार शामिल हैं। रेलवे सूत्रों की मानें तो रक्सौल से ट्रेन के माध्यम से काठमांडू जाने में दो घंटे से कम समय लगेगा। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में नेपालगंज रोड से नेपाल में नेपालगंज के बीच नई लाईन के लिए अंतिम सर्वेक्षण की योजना को मंजूरी दे गयी है।

### काठमांडू तक रेलवे ट्रैक बिछाने के लिए चीन भी है आतुर

**रेल** संपर्क के संबंध में दोनों पक्ष जयनगर-कुर्था-बिजलपुरा-बदीर्बास और जोगबनी-बिराटनगर रेल संपर्क के शेष खंडों को शीघ्र पूरा करने की सहमति बनी। प्रस्तावित रक्सौल-काठमांडू रेल लिंक पर आवश्यक प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करने की प्रतिबद्धता जतायी ताकि उनका शीघ्र कार्यान्वयन हो सके। गौरतलब है कि काठमांडू तक रेलवे ट्रैक बिछाने के लिए चीन भी आतुर है। चीन के विस्तारवादी नीति और सामरिक दृष्टिकोण से काठमांडू तक चीनी रेल पहुंचाने की कवायद भारत के लिए बड़े जोखिम से भरी है। यही वजह है कि बजट में इस बार नेपाल से जुड़ी रेल परियोजनाओं के लिए विशेष प्रस्ताव किये गये हैं। हालांकि, तिब्बत से हिमालय के पहाड़ों को चीर कर रेलवे लाइन बिछाना बहुत महंगा सौदा है और चीन ने एक बार नेपाल को इसके लिए ऋण देकर रेलवे लाइन बनाने की पेशकश की थी लेकिन नेपाल ने चीन के ऋण के प्रस्ताव को यह कह कर ठुकरा दिया था कि वह इसे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के रूप में अथवा अनुदान के रूप में बना दे जिससे बात नहीं बन पायी थी।

नेपाल में काठमांडू तक दो अलग-अलग रेलवे लाइन बिछाने के लिए सर्वेक्षण के लिए रकम आवंटित की गयी है। एक लाइन उत्तर प्रदेश के बढ़नी और काठमांडू के बीच 359 किलोमीटर लंबी नई लाइन के लिए टोह इंजीनियरी एवं यातायात सर्वेक्षण के साथ ही रक्सौल से काठमांडू तक 136 किलोमीटर की नई विद्युतीकृत रेल लाइन (विदेश मंत्रालय से वित्तपोषित) के अंतिम स्थान सर्वेक्षण होना है।

## बीबीसी कार्यालयों में आईटी सर्वे तीसरे दिन भी जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीबीसी के दिल्ली और मुंबई स्थित कार्यालयों में आयकर (आई-टी) विभाग का 'सर्वे' लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। रिपोर्ट्स के मुताबिक आईटी डिपॉर्टमेंट के अधिकारियों ने टैक्सेशन और कंपनी के स्ट्रक्चर जैसे फाइनेंशियल पहलुओं से जुड़े आंकड़े जुटाए हैं। घटनाक्रम से वाकिफ सूत्रों ने कहा कि इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि सर्वेक्षण कब तक जारी रहेगा। कांग्रेस के नेतृत्व में कई विपक्षी दलों ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध कहते हुए विकास की निंदा की है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहले कहा था कि आयकर विभाग समय-समय पर इस तरह के सर्वेक्षण करता है जहां अनियमितताएं पाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि एक बार सर्वेक्षण पूरा हो जाने के बाद, सभी विवरण प्रदान किए जाएंगे। ब्रॉडकास्टर के कई कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कहा गया है और जो कार्यालय में हैं, उन्हें अधिकारियों के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया गया है।

## अडाणी प्रकरण में जेपीसी का गठन जरुरी : कांग्रेस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने कहा है कि हिंडनबर्ग रिसर्च में अडानी समूह पर लगे आरोपों की निष्पक्ष और पारदर्शी भूमिका सिर्फ संयुक्त संसदीय समिति-जेपीसी ही निभा सकती है इसलिए इस मामले में जेपीसी का गठन जरुरी है। कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार को इस मामले में जवाबदेह ठहराया जाना है तो जेपीसी के अतिरिक्त कोई भी अन्या समिति पारदर्शी तरीके इस मामले की पड़ताल नहीं कर सकती है।

उन्होंने कहा कि 13 फरवरी को उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर याचिकाओं की सुनवाई करते हुए, मामले के खुलासे के आलोक में इसकी जांच के लिए विशेषज्ञों की समिति गठित करने पर चर्चा की और सरकार से 17 फरवरी तक इस संबंध में निवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। प्रवक्ता ने कहा कि जब सत्तारूढ़ पक्ष और अडाणी समूह के बीच घनिष्ठता और निकटता की बात है सरकार द्वारा प्रस्तावित समिति से निष्पाक्षता या किसी पारदर्शिता की उम्मीद नही की जा सकती है। सरकार और अडानी समूह हर हाल में इस मामले में पर्दा डालने और आरोपियों को बचाने की कोशिश में है।

उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों द्वारा विनियामक और वैधानिक तंत्र का मूल्यांकन किसी भी तरह से संयुक्त संसदीय समिति-जेपीसी की दजांच के बराबर नहीं हो सकता है। इस तरह की समिति में चाहे जितने भी सक्षम कर्मचारी हो वह जेपीसी से जांच का विकल्प नहीं हो सकती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पहले भी प्रतिभूतियों और बैंकिंग लेनदेन जैसे सार्वजनिक महत्व के मामलों में जेपीसी गठित हुई है। साल 2001 के स्टॉक-मार्केट घोटाले की जांच के लिए जेपीसी गठित की गईं थीं इसलिए हिंडनबर्ग अडानी समूह के मामले में भी जेपीसी का गठन किया जाना चाहिए।

## हरिद्वार में दौड़ेगी भारत की पहली पॉड टैक्सी

**एजेंसी। देहरादून**

उत्तराखंड के धामी कैबिनेट की बैठक में सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए हरिद्वार जिले को एक सौगात दी है। धामी कैबिनेट ने हरिद्वार में 20.74 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर पर्सनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम के तहत पॉड टैक्सी चलाने को मंजूरी दी है। हरिद्वार पॉड टैक्सी प्रोजेक्ट को पीपीपी मोड पर तैयार किया जाएगा। दरअसल, हरिद्वार को कुंभ नगरी भी कहा जाता है। इसलिए यहां अत्याधुनिक यातायात के साधन विकसित करने के लिए उत्तराखंड मेट्रो कॉरपोरेशन ने यहां पर पॉड टैक्सी चलाने का प्रस्ताव तैयार किया है। हरिद्वार के ज्वालापुर के अंतिम छोर से भारत माता मंदिर और दक्ष प्रजापति मंदिर से लेकर लक्सर रोड तक कुल 4 कॉरिडोर बनाए जाएंगे। इन कॉरिडोर में 20.4 किलोमीटर लंबा ट्रैक होगा और यहां पॉड टैक्सी चलाई जाएगी।

उत्तराखंड मेट्रो कॉरपोरेशन ने इसके लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर दी है। कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद इसके लिए टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। इस रूट पर जो प्रमुख स्टेशन होंगे उनमें सीतापुर, ज्वालापुर, आर्य नगर, रामनगर, रेलवे स्टेशन, हरकी पैड़ी, खड़खड़ी, मोतीचूर, शांतिकुंज, भारत माता मंदिर, गणेशपुरा मंदिर, जगजीतपुर और लक्सर शामिल हैं। बताया जा रहा है कि डेढ़ साल के अंदर यह प्रोजेक्ट पूरा किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में जमीन अधिग्रहण की ज्यादा जरूरत नहीं होगी।

## दक्षिण अमेरिका में सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**एजेंसी। वाशिंगटन**

दक्षिणपूर्वी अमेरिकी राज्य अलबामा के मैडिसन काउंटी में एक सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अलबामा कानून प्रवर्तन एजेंसी ने एक बयान में कहा कि दुर्घटना बुधवार को अलबामा-टेनेसी सीमा के पास मैडिसन काउंटी में बुरेल रोड के चौराहे के पास राजमार्ग 53 पर हुई। यूएच-60 ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर कथित तौर पर टेनेसी नेशनल गार्ड का था, दुर्घटनाग्रस्त होने के समय विमान रूटीन ट्रेनिंग मिशन पर था। सोशल



मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दुर्घटनास्थल से काला धुआं उठता दिखा और बड़ी संख्या में आपातकालीन वाहन मौजूद नजर आए। नेशनल गार्ड के एक प्रवक्ता ने कहा कि दुर्घटना के संभावित कारणों पर चर्चा करना जल्दबाजी होगी।

## चीन में सेवानिवृत्त लोगों ने स्वास्थ्य लाभ में कटौती का किया विरोध

**बीजिंग।** चीन के वुहान और डालियान शहरों में बड़ी संख्या में बुजुर्ग लोगों ने अपने स्वास्थ्य लाभ में कटौती का विरोध किया। बुजुर्गों ने विरोध प्रदर्शन किया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सोशल मीडिया पर एक फुटेज में, प्रदर्शनकारियों, जिसमें ज्यादातर बुजुर्ग सेवानिवृत्त लोग शामिल हैं, को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि कटौती ऐसे समय में की गई है जब स्वास्थ्य देखभाल की लागत बढ़ रही है। हालांकि, वुहान और डालियान के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें विरोध प्रदर्शनों के बारे में कोई जानकारी नहीं हैं।

## तालिबान पाक में टीटीपी को समर्थन बंद करने की संभावना नहीं

# शक्तिशाली खतरे के रूप में उभरा

**हमजा अमीर। इस्लामाबाद**

अमेरिका के एक प्रमुख थिंक टैंक ने कहा है कि अफगानिस्तान में तालिबान नेतृत्व के साथ वैचारिक समझ रखनेवाले अफगान तालिबान के पाकिस्तान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों को अपना समर्थन बंद करने की संभावना नहीं है। यूएस थिंक टैंक यूनाइटेड स्टेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ पीस (यूएसआईपी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में पाकिस्तान में सुरक्षा की स्थिति, इसकी नवीनतम वृद्धि, टीटीपी के नेतृत्व वाले आतंकी हमलों का फिर से उभरना और काबुल में अफगान तालिबान शासन से इसके संबंधों पर चर्चा की गई। यूएसआईपी रिपोर्ट में कहा गया है,



पाकिस्तान के आर्थिक संकट और अफगानिस्तान में तालिबान के शासन के बीच, पाकिस्तानी तालिबान एक तेजी से शक्तिशाली खतरे के रूप में फिर से उभरा है। रिपोर्ट में इस्लामाबाद की नीतियों पर काबुल द्वारा हाल ही में की गई आलोचना का भी उल्लेख किया गया है, इसमें कहा गया है कि अफगान तालिबान की अनुशासनहीन बयानबाजी

### रिपोर्ट में इस्लामाबाद की नीतियों पर काबुल द्वारा हाल ही में की गई आलोचना का भी उल्लेख

पाकिस्तान के तीव्र दबाव के बावजूद टीटीपी का समर्थन जारी रखने के तालिबान के दृढ़ संकल्प को रेखांकित करती है। पाकिस्तान ने अफगान तालिबान से टीटीपी आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आह्वान किया है, जो अफगानिस्तान की धरती से काम कर रहे हैं और पाकिस्तान में आतंकी हमलों का समन्वय कर रहे हैं। पाकिस्तान ने कहा है कि काबुल में अफगान तालिबान शासन को अपनी प्रतिबद्धता पर खरा उतरने की जरूरत है कि वह अपनी धरती का इस्तेमाल अन्य देशों के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिए नहीं होने देगा।

यूएसआईपी रिपोर्ट का तर्क है कि टीटीपी के लिए उनके समर्थन के बारे में तालिबान की प्रतिक्रिया जवाबी आरोपों के स्तर पर रही है- जो उस समर्थन से दूर होने का संकेत नहीं देता है। रिपोर्ट अफगान तालिबान के जवाबी आरोपों को संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न अधिकारियों और अन्य पर्यवेक्षकों की रिपोर्टों से भी जोड़ती है, जिन्होंने अफगानिस्तान के विभिन्न हिस्सों में टीटीपी आतंकवादियों के मुक्त आंदोलन और यहां तक कि अफगान शहरों में व्यापार करने की पुष्टि की है।

## FILMY हलचल

## महाराणा प्रताप की भूमिका निभायेंगे गुरमीत चौधरी

**बॉलीवुड** अभिनेता गुरमीत चौधरी सिल्वर स्क्रीन पर राजा महाराणा प्रताप की भूमिका निभाते नजर आयेंगे। नितिन चंद्रकांत देसाई ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये इस बात की घोषणा की कि गुरमीत चौधरी 'महाराणा' में महाराणा प्रताप की मुख्य भूमिका निभाएंगे। गुरमीत चौधरी ने कहा : भारत की जड़ों से जुड़े प्रोजेक्ट पर काम करना मेरे लिए सम्मान की बात है। महाराणा प्रताप अपने साहस और वीरता के लिए जाने जाते थे, उनके जीवन के बारे में और जानने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। स्वयं महाराणा प्रताप जैसे सशक्त चरित्र को चित्रित करना भी एक बहुत बड़ी चुनौती है। मुझे यह प्रोजेक्ट देने के लिए मैं डिज्नी+हॉटस्टार और नितिन चंद्रकांत देसाई का शुक्रगुजार हूं।

## अक्षय-इमरान हाशमी की फिल्म सेल्फी का दूसरा ट्रेलर रिलीज

**बॉलीवुड** अभिनेता अक्षय कुमार और इमरान हाशमी स्टारर फिल्म सेल्फी का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। सेल्फी के नए ट्रेलर में बायकॉट एक्टर्स और बायकॉट बॉलीवुड का जिक्र किया गया है। फिल्म सेल्फी में अक्षय कुमार सुपरस्टार विजय कुमार और इमरान हाशमी आईटीओ इंस्पेक्टर ओम प्रकाश का किरदार निभा रहे हैं। सेल्फी के इस नए ट्रेलर में टीवी पर एक न्यूज रिपोर्टर लोगों से अक्षय कुमार के कैरेक्टर विजय का बायकॉट करने के लिए कहता है। इस ट्रेलर को अक्षय कुमार ने आपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा हैं। उन्होंने लिखा, 'जो सह रहे हैं वो कह रहे हैं। राज मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म सेल्फी वर्ष 2019 में प्रदर्शित मलयालम भाषा की कॉमेडी-ड्रामा 'ड्राइविंग लाइसेंस' की रीमेक है। मलयालम फिल्म 'ड्राइविंग लाइसेंस' में पृथ्वीराज सुकुमारन ने एक पॉपुलर सुपरस्टार का रोल निभाया था, जबकि विजय वेंजरममूदु मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर के रोल में नजर आए थे। अक्षय कुमार इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन वाला किरदार निभा रहे हैं, जबकि इमरान हाशमी विजय वेंजरममूदु वाले किरदार में दिखाई देंगे। इस फिल्म की कहानी एक मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक सुपरस्टार का फैन है।



## खेसारी लाल यादव को लेकर फिल्म बनायेंगे निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव



**सबरंग** फिल्म अवार्ड के निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव को लेकर फिल्म बनाने जा रहे हैं। कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि खेसारी लाल यादव को लेकर एक बेहतरीन फिल्म बन रही है और हमरा मकसद एक सार्थक सिनेमा बनाने का है। फिल्म का निर्माण भव्य पैमाने पर होगा जिसके लिए तैयारियां जारी है। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी पराग पाटिल के कंधे पर हैं, पराग पाटिल फिल्म के कहानी पर जोर-शोर से काम कर रहे हैं। कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि खेसारी लाल आज के दिनों में भोजपुरी सिल्वर स्क्रीन के सबसे बड़े स्टार हैं और सबसे ज्यादा प्रॉमिसिंग एक्टर भी हैं जिनको लेकर हम यह फिल्म बना रहे हैं। हमारी फिल्म की कहानी के केंद्र में खेसारी लाल यादव की भूमिका होगी। फिल्म को हम लोग बड़े स्केल पर शूट करनेवाले हैं और फिर आगे की योजना भी हम आपसे शेयर करेंगे। अभी इतना कहना है कि सबरंग फिल्म प्रोडक्शन के बैनर से बेहद उम्दा फिल्म लेकर हम आने वाले हैं।

## 500 करोड़ के क्लब में शामिल हुई पठान

**बॉलीवुड** के किंग खान शाहरूख खान की फिल्म पठान 500 करोड़ के क्लब में शामिल हो गयी है। यशराज बैनर तले बनी सिद्धार्थ आनंद निर्देशित पठान में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की मुख्य भूमिका है। फिल्म पठान 25 जनवरी को रिलीज हुई है। पठान के जरिये शाहरूख ने चार साल बाद बॉलीवुड में वापसी की है। फिल्म पठान एक के बाद एक रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है। इस फिल्म ने अपनी रिलीज के तीन सप्ताह पूरे कर लिए हैं। फिल्म 'पठान' भारत में हिंदी, तमिल और तेलुगू तीन भाषाओं में रिलीज हुई है। फिल्म पठान ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। पठान भारत में नेट 500 करोड़ से अधिक की कमाई करने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बन गई है।